फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 25 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -214, पृष्ठ - 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कृति बोलीं-हल्दी सेरेमनी में मुल्तानी मिट्टी का यूज किया 19
नौकरी में पिछड़ने से युवाओं का बदल रहा व्यवहार 20

## होली की उमंग



पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में होली खेलती महिलाएं।

# वीके सिंह, अश्विनी चौबे और वरुण गांधी का कटा टिकट

## कानपुर से रमेश अवस्थी और पीलीभीत से जितिन प्रसाद बनाए गए प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को 111 उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह की जगह गाजियाबाद से स्थानीय विधायक अतुल गर्ग को टिकट दिया है जबकि बिहार के बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काटकर उनके स्थान पर मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया गया है। पीलीभीत से वर्तमान सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर उनके स्थान पर राज्य सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि उनकी मां

### यूपी से 13 उम्मीदवारों के नामों का एलान

सहारनपुर से राघव लखनपाल, मुरादाबाद-सर्वेश सिंह, मेरठ से अरुण गोविल, गाजियाबाद-अतुल गर्ग, अलीगढ़ से सतीश गौतम, हाथरस (अजा)-अनूप वाल्मीकि, बदायूं-दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत-जितिन प्रसाद, सुल्तानपुर-मेनका गांधी, कानपुर-रमेश अवस्थी, बाराबंकी (अजा) सीट से राजरानी रावत, बहराइच (अजा) सीट से अरविन्द गोंड को उम्मीदवार बनाया गया है।

मेनका गांधी को सुल्तानपुर से फिर से टिकट दिया गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ओडिशा के संबलपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी की इस सूची में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का भी नाम है। उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट दिया गया है। कुछ देर पहले ही भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एक बार फिर बेगूसराय से चुनाव लड़ेंगे

- भाजपा की 5वीं सूची में 111 नामों की घोषणा, धर्मेंद्र प्रधान, मेनका और कंगना को मिला टिकट

जबकि बिहार से ताल्लुक रखने वाले अन्य केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय उजियारपुर से, आरके सिंह आरा से, रामकृपाल यादव पाटलिपुत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद को एक बार फिर पटनासाहिब से और सुशील कुमार सिंह को औरंगाबाद से टिकट दिया गया है। राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर को नवादा से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह पूर्वी चम्पारण से जबकि संजय जायसवाल एक बार फिर पश्चिमी चम्पारण से चुनाव लड़ेंगे।

झारखंड के दुमका से भाजपा ने सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। सीता सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं और पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड सीट से भाजपा ने केरल इकाई के पूर्व अध्यक्ष के सुरेंद्रन को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा अब तक 291 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

### अवकाश सूचना

समस्त सुधि पाठकों, अभिकर्ताओं, विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। होली के अवसर पर 25 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 27 मार्च को प्रकाशित होगा। – संपादक

# केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से जारी किया लिखित आदेश

## जलमंत्री आतिशी को सीवर और पानी की समस्या दूर करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से पहला लिखित आदेश भेजा है जिसमें उन्होंने जल मंत्री आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी में सीवर और पानी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं। केजरीवाल द्वारा ईडी हिरासत से भेजे गए आदेश की प्रति आतिशी ने रविवार को यहां साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में कहा कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाक़ों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्याएँ हो रही हैं। इसे लेकर मैं चिंतित हूँ। चूँकि मैं जेल में हूँ, इस वजह से लोगों ज़रा भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं। जहां भी पानी की कमी है, वहाँ उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए।

मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना का भी सहयोग लें। वह आपकी ज़रूर मदद करेंगे। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि कल जब मुख्यमंत्री की ओर से ये निर्देश मेरे पास आए तो मेरी आँखों में आँसू आ गए। मैंने सोचा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो इतनी विकट परिस्थिति में, जब उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया है और उन्हें पता नहीं है कि वो जेल से कब बाहर आयेंगे, जनता के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है को अपने बारे में न सोचकर दिल्ली वालों के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो अपनी इतनी बड़ी तकलीफ़ के बारे में न सोचकर दिल्लीवालों के छोटे-छोटे पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के बारे में सोचता है।

### जेल से चलेगी सरकार



- केजरीवाल का पत्र दिखातीं दिल्ली की जलमंत्री आतिशी

### इंडिया गठबंधन 31 मार्च को दिल्ली में करेगा महारैली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (55) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उक्त घोषणा की गई है। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस ('इंडिया') के घटक 'आप' और कांग्रेस ने यहां एक प्रेस वार्ता में रैली का एलान किया। आप की दिल्ली ईकाई के संयोजक राय ने कहा कि रैली में 'इंडिया' गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा।

### केजरीवाल का आदेश पटकथा का हिस्सा : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जल मंत्री को दिए गए उनके निर्देश को पहले से लिखी कहानी करार दिया। इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी को दिल्ली के लोगों के लिए जश्न का कारण बताया। तिवारी ने कहा कि ईडी की हिरासत में एक अपराधी (आरोपी) है और उसका हवाला देकर आज एक कहानी लिखी गई कि दिल्ली में पानी और सीवर से जुड़ी सुविधाएं अव्यवस्थित हैं।

## एक नजर

### एबीवीपी-वामपंथी संगठनों में टक्कर

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और संयुक्त वामपंथी संगठनों के बीच कांटे की टक्कर है। शुरुआती रुझानों के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए वाम उम्मीदवार धनंजय 1,361 मतों के साथ सबसे आगे हैं। एबीवीपी के उम्मीदवार उमेश सी अजमीरा 1,162 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उपाध्यक्ष पद पर भी एबीवीपी वाम के उम्मीदवार अविजीत घोष को कड़ी टक्कर दे रही है, जो फिलहाल 1,214 मतों के साथ आगे हैं। एबीवीपी की दीपिका शर्मा 984 मतों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। महासचिव पद पर बीएपीएसए की प्रियांशी आर्य 1,478 मतों के साथ आगे हैं। संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी 1391 मतों से आगे हैं। मतगणना अभी जारी है।

### पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में आज एक नक्सली मारा गया। नक्सली के शव के साथ हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान आवलम सन्नू गंगालूर एरिया कमेटी का कमांडर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जगरगुंडा गोंड़पल्ली इलाके में आज नक्सली मुठभेड़ बस्तर फाइटर, कोबरा एसटीएफ, और डीआरजी के जवानों के साथ हुयी। वहीं, घटना स्थल से नक्सली का शव और भारी मात्रा में विस्फोटक, नक्सली सामग्री बरामद क़ी गयी है।

### बायलर फटने की घटना में मृतक संख्या 14 हुई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रेवाड़ी में कल-पुर्जे बनाने वाली फैक्टरी के बॉयलर में विस्फोट से घायल हुए चार और श्रमिकों की मौत होने से मृतकों की संख्या 14 हो गई है। धारूहेड़ा (रेवाड़ी) थाने के प्रभारी अधिकारी जगदीश चंद ने रविवार को यह जानकारी दी।

## सूखा राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कर्नाटक

- केंद्र सरकार पर आरोप, नहीं मिल रही धनराशि

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से आर्थिक सहायता देने का केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। याचिका में यह भी घोषित करने का अनुरोध किया गया है कि केंद्र का एनडीआरएफ के मुताबिक सूखा प्रबंधन के लिए वित्तीय मदद न देने का कदम संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत प्रदान किए गए राज्य के लोगों के मौलिक अधिकारों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि राज्य गंभीर सूखे की चपेट में है जिससे उसके लोगों की जिंदगी पर असर पड़ रहा है और 2023 के खरीफ मौसम के लिए कुल 236 में से 223 तालुक को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि 196 तालुक को गंभीर रूप से प्रभावित श्रेणी में रखा गया है तथा बाकी के 27 तालुक मध्यम रूप से प्रभावित श्रेणी में हैं।

# चार्जिंग के दौरान फटा मोबाइल, चार की मौत



अस्पताल में भर्ती घायल और फटा हुआ मोबाइल।

मेरठ, एजेंसी

- शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग पति-पत्नी भी झुलसे
- हालत गंभीर होने से पत्नी दिल्ली एम्स के लिए रेफर

मेरठ के पल्लवपुरम क्षेत्र स्थित एक मकान में मोबाइल चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिसके कारण चार बच्चों की मौत हो गई और उनके माता-पिता घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कालोनी में जोनी नामक व्यक्ति के घर में शनिवार की रात मोबाइल फोन चार्ज किए जाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

पुलिस ने बताया कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसमें जोनी, उसकी पत्नी बबीता और चार बच्चे सारिका (10), निहारिका (आठ), संस्कार उर्फ गोलू (छह) और कालू (चार) गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां देर रात निहारिका और गोलू की मौत हो गई जबकि सारिका और कालू ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। सूत्रों ने बताया कि बच्चों का पिता जोनी 20 प्रतिशत झुलस गया उसकी हालत खतरे से बाहर है लेकिन उसकी पत्नी बबीता की गंभीर हालत के मद्देनजर उसे दिल्ली एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) रेफर किया गया है। जोनी ने बताया कि निहारिका, गोलू एवं कालू मोबाइल पर गेम खेल रहे थे और इसी दौरान मोबाइल चार्ज भी हो रहा था। उसने बताया कि इसी दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बदायूं डबल मर्डर : परेशान पिता ने फूंकी बाइक, आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो बेटों की हत्या से दुखी पिता लोगों की तरह-तरह की बातों से आपा खो बैठा और अपनी बाइक में आग लगाकर उसमें कूदकर आत्मदाह का प्रयास किया। एसएसबी ने उन्हें रोक लिया और समझाकर शांत किया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान उर्फ हन्नू की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने उसी रात हत्यारोपी साजिद को मार गिराया था जबकि दूसरा आरोपी जावेद बरेली में पकड़ा गया। पुलिस के खुलासे से परिवार असंतुष्ट था ही साथ ही आस-पड़ोस के लोगों ने तरह-तरह की बातें शुरू कर दीं। यह बातें पीड़ित परिवार तक पहुंचीं तो वे परेशान हो उठे। रविवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे विनोद अपने दूसरे मकान से बाइक लेकर नए घर पर पहुंचे। तिराहे पर बाइक में आग लगा दी। अपनी कार लाकर उसमें भी आग लगाने की बातें करने लगे। आग में कूदकर आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन एसएसबी के जवानों ने रोक लिया। अग्निशमन की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई गई। तब तक बाइक जल चुकी थी। सीओ सिटी आलोक मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पहुंचे और विनोद से बात की। विनोद ने बताया कि उनके दो बेटों की मौत हो गई है। लोग उनके परिवार को लेकर गलत बात कर रहे हैं जिससे पूरा परिवार परेशान है।



- बेटों की हत्या के बाद लोगों की बातों से परेशान है परिवार

> रविवार सुबह विनोद कुमार ने घर के बाहर तिराहे पर अपनी बाइक जला दी। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाई। विनोद को ऐसा न करने को समझाया गया है। – **गौरव विश्नोई**, प्रभारी निरीक्षक।

## फोन टैपिंग मामले में तेलंगाना में दो पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** फोन टैप करने और कुछ कंप्यूटर सिस्टम एवं आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने शनिवार देर रात अतिरिक्त डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) तिरुपथन्ना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन. भुजंग राव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस अधिकारी क्रमशः विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) और खुफिया विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। अधिकारियों पर एसआईबी के निलंबित डीएसपी डी. प्रणीत राव के साथ मिलीभगत करने का आरोप है, जिन्हें बीआरएस सरकार के दौरान फोन टैप में गिरफ्तार किया था।

# पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश भदौरिया और पूर्व सांसद वरप्रसाद भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया और तिरुपति के पूर्व सांसद वरप्रसाद राव रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भदौरिया भारतीय वायुसेना के 26वें प्रमुख थे। तत्कालीन एयर चीफ मार्शल भदौरिया जून 1980 में वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए थे। भदौरिया की गिनती वायु सेना के उन चुनिंदा पायलटों में होती हैं जिन्होंने राफेल विमान उड़ाया है। भाजपा में शामिल होने के बाद भदौरिया ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत नेतृत्व और अद्वितीय दूरदर्शिता से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प लिया है और इस दिशा में वह लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा कदम भी उठा रहे हैं। राव ने 2014 में वाईएसआर कांग्रेस के टिकट पर आंध्र प्रदेश के तिरुपति से 16 वीं लोकसभा का चुनाव जीता था। वह तमिलनाडु कैडर के 1983 बैच के आईएएस अधिकारी थे। सिविल सेवाओं में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने तमिलनाडु सरकार, चेन्नई के प्रधान सचिव सहित कई शीर्ष पदों पर कार्य किया। साल 2009 में उन्होंने राजनीति में प्रवेश करने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।



- अनुराग ठाकुर और भाजपा महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में ली सदस्यता

# दो भाइयों सहित 5 की डंपर से कुचलकर हत्या

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

- हत्यारोपी फरार, दो के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

राजस्थान के झालावाड़ जिले में पगारिया इलाके में विवाद को लेकर डंपर से कुचलकर दो भाइयों समेत पांच लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार देर रात हुई और मामले के दो आरोपी रणजीत सिंह और डुंगर सिह अपराध को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पीड़ितों की पहचान बिन्नायगा फांटा गांव के भरत सिंह, धीरज सिंह, तूफान सिंह, गोवर्धन सिंह और बालू सिंह के रूप में की गई है। भरत और धीरज भाई हैं। पगारिया के थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात रणजीत सिंह एवं डुंगर सिंह और भरत सिंह एवं अन्य के बीच विवाद हुआ था। विवाद नहीं सुलझ पाने पर भरत सिंह, उसके भाई और तीन अन्य लोग दो मोटरसाइकिल से थाने के लिए रवाना हुए थे। बमुश्किल से आधा किलोमीटर का रास्ता तय किया था कि रणजीत सिंह और डुंगर सिंह ने एक डंपर दोनों मोटरसाइकिल पर चढ़ा दिया, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांचवें की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## जवानों की होली, सीमा पर खूब उड़ा अबीर-गुलाल

**लेह।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सेना के जवानों के साथ होली मनायी और खराब मौसमी परिस्थितियों से जूझते हुए दुश्मनों से देश की रक्षा करने के लिए उनकी प्रशंसा की। सिंह पहले होली दुनिया की सबसे ऊंची रणभूमि सियाचिन में मनाने वाले थे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद कर दिया गया। रक्षा मंत्री सिंह के साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और जनरल ऑफिसर कमांडिंग (फायर एंड फ्यूरी कोर) लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली थे। रक्षा मंत्री सिंह ने सैनिकों के माथे पर 'गुलाल' से तिलक किया। उन्होंने यहां युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# बसपा ने जारी की उप्र के 25 प्रत्याशियों की पहली सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव : पहली सूची में 7 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट
- इटावा से सारिका बघेल, कानपुर से कुलदीप, अकबरपुर से राजेश

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 16 प्रत्याशियों के नाम हैं जिसमें 7 मुस्लिम हैं। कुछ ही घंटों के अंतराल पर 9 प्रत्याशियों की अन्य सूची भी जारी की। अगर अन्य सीटों पर भी क्षेत्रीय जातिगत समीकरण देखते हुए बसपा ने मुस्लिम, पिछड़ा, दलित प्रत्याशी उतारे तो मुकाबला त्रिकोणीय होगा।

फिलहाल पहली सूची में किसी महिला प्रत्याशी का नाम नहीं है। रविवार को कैराना से श्रीपाल राणा के साथ सहारनपुर से माजिद अली के नाम पर भी बसपा प्रमुख मायावती ने अंतिम मुहर लगा दी है। सहारनपुर से माजिद अली कांग्रेस के इमरान मसूद को टक्कर देंगे।

मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह, नगीना से सुरेंद्र पाल सिंह और मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी पर विश्वास जताया है। उधर, संभल से शौलत अली, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत्त त्यागी, बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर से गिरीश चंद्र जाटव, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू और शाहजहांपुर से दोदराम वर्मा को टिकट दिया गया है। जीशान खां को रामपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है।

बसपा की दूसरी सूची में नौ और उम्मीदवार घोषित किए जिसमें हाथरस (आरक्षित) से हेम बाबू धनगर, मथुरा से कमलकांत उपमन्यु, आगरा (आरक्षित) से पूजा अमरोही, फतेहपुर सीकरी से राम निवास शर्मा, फिरोजाबाद से सतेन्द्र जैन सौली, इटावा (आरक्षित) से सारिका सिंह बघेल, कानपुर से कुलदीप भदौरिया, अकबरपुर (कानपुर देहात) से राजेश कुमार द्विवेदी और जालौन (आरक्षित) से सुरेश चंद्र गौतम उम्मीदवार होंगे।

### मायावती भी बनाएंगी मोर्चा

समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर अपने बूते लोकसभा चुनाव लड़ने निकलीं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल को जल्द ही बसपा का साथ मिल सकता हैं। नए गठबंधन में अपना दल (कमेरावादी) के साथ ही जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) समेत अन्य छोटे दल भी शामिल हो सकते हैं। अपना दल और बसपा में सहमति लगभग पांच सीटों पर बन गई है, लेकिन सिंबल को लेकर अंतिम निर्णय होना है। बसपा की मंशा पल्लवी पटेल को अपने सिंबल पर चुनाव लड़ाने की है।

### मुरादाबाद से एसटी हसन, बिजनौर से दीपक सैनी सपा प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए दो और प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने मुरादाबाद से एसटी हसन और बिजनौर लोस. सीट से दीपक सैनी को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में प्रदेश की 80 सीटों में सपा ने अब तक 46 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री आजम खां से सीतापुर जेल में मुलाकात की थी। दोनों में कई सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने पर चर्चा हुई थी। सूत्रों के अनुसार आजम ने अखिलेश को रामपुर सीट से चुनाव लड़ने की सलाह देते हुए कहा था कि इससे पश्चिमी यूपी में पार्टी को फायदा हो सकता है।

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं



समस्त जनपदवासियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को होली की हार्दिक बधाई
रमजान शाह
प्रधानाध्यापक संविलियन विद्यालय खालागांव विकासखंड संदलपुर, कानपुर देहात

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
नीरज कुमार
प्रधान
गौरी हसनपुर
ब्लॉक राजपुर

समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
अजय कटियार
युवा समाजसेवी
पता मालवीय नगर सिकंदरा
कानपुर देहात

शीबू मेडिकल स्टोर मंगलपुर की ओर से समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
शीबू भदौरिया
शीबू मेडिकल स्टोर
मंगलपुर

उद्योग व्यापार मंडल सिकंदरा की ओर से समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
कलाम कुरैशी
अध्यक्ष सिकंदरा
उद्योग व्यापार मंडल
कानपुर देहात

ग्राम पंचायत डबरापुर ब्लाक संदलपुर के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चंद्र कुशवाहा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डबरापुर ब्लाक अध्यक्ष
विकासखंड संदलपुर जनपद
कानपुर देहात

कृष्णा ऑटो सेल्स बजाज शोरूम शिवली व कृष्णा मोटर्स टीवीएस शोरूम कहिंजरी की ओर से होली की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्ण कुमार दुबे
प्रोपराइटर
मोबाइल नंबर-6386333037

ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर सुल्तानपुर के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कटियार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर सुल्तानपुर
विकासखंड संदलपुर
मनोज कनौजिया
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर सुल्तानपुर
विकासखंड संदलपुर

शिक्षा विभाग के अधिकारियों व समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम शंकर द्विवेदी
प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
भन्देमऊ विकासखंड
संदलपुर
चेतन श्रीवास्तव
सहायक अध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
भन्देमऊ विकासखंड
संदलपुर

उवैस ब्रिक फील्ड की ओर से क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
परवेज आलम
प्रोपराइटर
मोबाइल नं-8795083330
हमारे यहां उच्च कोटि की ईंट बनाई जाती है
पता-न्यू इंडिया ढाबा के बगल से
डड़ीडेरा रोड फिरोजपुर, कानपुर देहात

ग्राम पंचायत रैंवा विकासखंड संदलपुर के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रमाकांती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रैंवा
ब्लाक संदलपुर
आकांक्षा त्रिपाठी
ग्राम पंचायत रैंवा
ब्लाक संदलपुर

ग्राम पंचायत टोडरपुर की ओर से ग्राम व क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
किरन देवी
ग्राम प्रधान
टोडरपुर
ब्लाक मैथा
राजाबाबू अग्निहोत्री
ग्राम प्रधान
पति टोडरपुर

ग्राम पंचायत अकना दशहरी के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहिनी सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अकना दशहरी
ब्लाक संदलपुर
आकांक्षा त्रिपाठी
ग्राम पंचायत अधिकारी
अकना दशहरी
विकासखंड संदलपुर

ग्राम पंचायत कोरौवा ब्लाक संदलपुर के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित कटियार
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत कोरौवा
ब्लाक संदलपुर
विष्णु गुप्ता
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कोरौवा ब्लाक संदलपुर,
जनपद कानपुर देहात

कप्तान सिंह की ओर से गांव व क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
कप्तान सिंह कोटेदार
पति महेशपुर
ब्लाक राजपुर,
कानपुर देहात



# होलिका दहन के बाद जमकर उड़ा गुलाल

## लोगों ने रंग लगा कर एक-दूसरे को दी होली की शुभकामनाएं, गांव-गांव निकलीं हुरियारों की टोलियां

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** होलिका दहन के बाद होली का त्योहार जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों से जिला सराबोर नजर आया और हर तरफ अबीर उड़ता देखा गया।

होली पर सुबह से ही लोग उत्साहित नजर आए। हर तरफ लोगों को मस्ती करते देखा गया। रविवार देर रात होलिका दहन स्थलों पर पहुंचकर लोगों ने सामूहिक रूप से आखत डाले। इसके बाद रंग खेलना शुरू किया।

गांव-गांव हुरियारों की टोलियां निकलीं और हर तरफ रंग बरसता रहा। होली पर सबसे अधिक उत्साह बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे अपने साथियों के साथ पिचकारी से एक-दूसरे पर रंग फेंकते हुए देखे गए।

होली में लोगों के चेहरे इस प्रकार से रंगे गए थे कि होली खेलने वाले लोगों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। वहीं लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं दीं। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। हर उम्र के लोग मस्ती करते देखे गए।



शिवली में रंग-गुलाल लगाकर होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

### सोशल मीडिया पर होली की बधाईयों का चला दौर

होली के चलते सोशल मीडिया पर बधाई देने का दौर चलता रहा। लोगों ने दूरदराज रहने वाले संबंधियों, दोस्तों आदि को व्हाटसएप, फेसबुक समेत अन्य माध्यमों से स्टीकर व संदेश भेजकर होली की बधाई दी। होली खेलने के बाद भी देर रात तक संदेश भेजने का क्रम जारी रहा। इस दौरान लोग वीडियो कॉल के माध्यम से भी अपनी करीबियों को बधाई देते देखे गए।

### युवाओं ने साथियों को लगाया रंग, लगाए ठुमके

होली पर युवाओं की टोली हुड़दंग करती नजर आई। अपने साथियों के साथ जमकर युवाओं ने जमकर होली खेली। गुलाल व अबीर के साथ रंग और स्प्रे से भी होली खेली गई। होली पर जगह-जगह सामूहिक कार्यक्रम भी किए गए। लोगों ने डीजे और स्पीकर लगाकर होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। युवाओं के साथ ही बुजुर्ग व महिलाएं भी थिरकती नजर आईं।

### सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल रहा तैनात

होली त्योहार पर हुड़दंग रोकने के लिए जिले में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सभी एसडीएम, सीओ व थाना प्रभारियों को चौकन्ना रहते हुए गस्त करने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते जिले के प्रत्येक चौराहे और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। जिले में शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाया गया।

## जिले में आज बंद रहेंगी शराब दुकानें

**कानपुर देहात।** होली पर्व को देखते हुए जिले में आज सभी प्रकार की शराब दुकानें बंद रहेंगी। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि होली पर्व के मद्देनजर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखने के लिए जनपद की सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, भांग की फुटकर बिक्री की दुकानें, माडल शॉप पूरी तरह से बंद रहेंगी। निर्देशों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं होली पर्व को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के बीच मनाए जाने की अपील डीएम व एसपी ने जनपदवासियों से की है। डीएम आलोक सिंह ने कहा कि होली सौहार्द्र का त्योहार है। ऐसे में माहौल को न बिगाड़ें। किसी पर जबरन रंग न डालें। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व को सदभाव के साथ मनाएं। हुड़दंग कतई न करें।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर देहात। अज्ञात** वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। रविवार की दोपहर डेरापुर थाना क्षेत्र के भड़पुरा गांव निवासी कपिल (30) किसी काम मुंगीसापुर कस्बा आया था। वह मुंगीसापुर में कानपुर-इटावा हाइवे किनारे पैदल किसी काम से जा रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को जिला अस्पताल अकबरपुर लेकर पहुंची। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर पत्नी रजनी, पुत्र आर्यन, पुत्री नित्या, भाई मोहित, प्रद्युम्न, दीपक समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिला अस्पताल से मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस ने शव पीएम भेजकर तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

### जंगल में जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार

**पुखरायां।** पुलिस ने गश्त के दौरान जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग डिलौलिया बांगर गांव के जंगल में जुआ खेल रहे हैं। जिसपर उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम अखिलेश उर्फ लल्लू, कृपाशंकर, भजन कुमार व जाहर सिंह निवासीगण डिलौलिया बांगर गांव बताया। पुलिस ने मौके से 29930 रुपये व एक ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तीन युवकों पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**पुखरायां।** एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों के विरुद्ध पुत्री के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री भैंस बांधने गई हुई थी। तभी वहां तौफीक, आमिर व इमरान आ गए। तीनों पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे पकड़कर अंधेरे में ले जाने लगे। पुत्री के शोर मचाने पर परिजन आ गए और तौफीक को पकड़ लिया। तभी आमिर व इमरान आए और गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर तौफीक को उनके कब्जे से छुड़ा ले गए। पुलिस ने सभी के विरुद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

### मलासा के पास रेल लाइन किनारे मिला युवक का शव

**पुखरायां।** मलासा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। रविवार को भोगनीपुर कोतवाली पुलिस को मलासा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज देवीपुर धर्मेंद्र मलिक पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। लेकिन मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु न होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष के आसपास है। संभावना है कि मृतक कहीं ट्रेन से जा रहा होगा और नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पास किसी तरह का कोई आईडी प्रूफ नहीं मिला है। जिससे उसकी पहचान हो सके। कागजी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर उसे मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**पुखरायां।** गौर गांव निवासी एक महिला ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने छानबीन की। नायब तहसीलदार ने भी मौके पर जाकर जानकारी ली। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी लाला ने बताया कि उसके भाई फिरोज की शादी चार माह पूर्व डेरापुर निवासी महक (24) के साथ हुई थी। उसका भाई ट्रक चालक है और वह बाहर था। घर पर उसके पिता सरफुद्दीन व मां थी। मां-बाप पुखरायां बाजार गए हुए थे। जब वह घर आया तो उसने देखा कि उसकी भाभी महक ने आंगन के जाल में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी परिजनों को दी तो कोहराम मच गया।

## एमएलसी ने दी माइक्रो मैनेजमेंट की जानकारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** एमएलसी ने सिकंदरा विधानसभा का दौरा किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर होली की बधाई दी और लोकसभा चुनाव में सफलता के लिए माइक्रो मैनेजमेंट की जानकारी दी।

रविवार को एमएलसी अरुण पाठक सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के संदलपुर मंडल में पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मिले। इसके बाद सिकंदरा, राजपुर, डेरापुर, सिठमरा मंडल में जाकर वहां के कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। उन्होंने सभी से गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव पार्टी की शत-प्रतिशत सफलता के लिए माइक्रो मैनेजमेंट को समझाया।



एमएलसी का स्वागत करते लोग।

पूर्व जिलाध्यक्ष बंशलाल कटियार, ब्लॉक प्रमुख संदलपुर राहुल तिवारी, राजपुर ब्लाक प्रमुख राकेश कटियार, मंडल अध्यक्ष राजपुर नरेंद्र सिंह, डेरापुर मुनेश शुक्ला, सिठमरा अवधेश कमल, जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अरविंद कठेरिया, विधायक प्रतिनिधि बाल जी शुक्ला, हिमांशु कटियार, महेश सिंह भदौरिया रहे।

## गैस सिलिंडर लीक होने से लगी आग पूरी गृहस्थी जली

**कानपुर देहात।** मुंगीसापुर क्षेत्र के पबनई गांव में गैस सिलिंडर लीक होने से लगी आग में गृहस्थी का सामान व खाद्यान्न जल कर राख हो गया। सूचना पर पुलिस व दमकल जवानों ने आग पर काबू पाया।

डेरापुर थाना क्षेत्र के पवनई गांव निवासी सधारी लाल कटियार ने सुबह चाय बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया। चूल्हा जलाते ही एकदम से सिलेंडर में आग लग गई। जिससे छप्पर ने आग पकड़ ली। आग की लपटों से वह झुलस गए चीख पुकार सुनकर आसपास से दौड़े। लोगों ने दमकल को सूचना दी। कांधी चौकी इंचार्ज अमरेंद्र सिंह दमकल की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। इससे किसान का करीब 50 हजार का नुकसान हो गया।

## अब दुर्वासा ऋषि आश्रम मार्ग का 11.71 करोड़ से होगा चौड़ीकरण

- 7.1 किलोमीटर मार्ग चौड़ीकरण के लिए एक पखवारा पहले मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में दुर्वासा ऋषि आश्रम निगोही से बरौर होकर गुरूगांव मार्ग हाईवे से जुड़ा है। इस 7.1 किलोमीटर मार्ग चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन स्तर से पिछले दिनों मंजूर कर लिया गया है। करीब 11.71 करोड़ रुपये से यह सड़क चौड़ी की जाएगी।

बता दें कि भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में दुर्वासा ऋषि आश्रम सेंगुर नदी किनारे पर स्थित है। कानपुर-इटावा हाईवे से यह आश्रम तोड़ा मोहम्मदपुर होकर निगोही, बरौर, गुरूगांव मार्ग से जुड़ा है। यह मार्ग करीब 12 किलोमीटर लंबा है। मौजूदा समय में कई जगह सड़क उखड़ गई है। जिससे आश्रम आने-जाने में श्रद्धालुओं को दिक्कत होती है। सड़क पर गड्ढों से हादसे का खतरा रहता है। आश्रम तक की सड़क मरम्मतीकरण के लिए लोग काफी समय से मांगा कर रहे थे। लोक निर्माण विभाग ने किमी 5 से किमी 12 तक करीब 7.1 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण करने का प्रस्ताव शासन में भेजा था। इसकी मंजूरी करीब एक पखवारा पहले दी जा चुकी है। करीब 11.71 करोड़ रुपये खर्च कर यह सड़क चौड़ी की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अप्रैल में काम शुरू होने की उम्मीद है। दुर्वासा आश्रम में कार्तिक पूर्णिमा पर दो दिवसीय परंपरागत मेला लगता है। सड़क चौड़ी होने से मोहम्मदपुर, तोड़ा, निगोही, केर्शी, बरौर, गुरूगांव, भज्जापुर, कलेनापुर, दुलीचंदपुर, बेड़ामऊ, रसालपुर, मोहम्मदपुर, महोनिया समेत अन्य गांवों की करीब 40 हजार से अधिक आबादी को आवागमन में सहूलियत होगी। इस बावत पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि पौराणिक दुर्वासा ऋषि में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। आश्रम को कानपुर-इटावा हाईवे से जोड़ने वाले निगोही से बरौर होकर गुरूगांव मार्ग के चौड़ीकरण की मंजूरी मिल चुकी है। जल्द सड़क का काम जल्द शुरू हो जाएगा।




# होलिका दहन के साथ उड़ा अबीर-गुलाल

## फागुन की मस्ती में गूंजे गली चौबारे, शुभ मुहूर्त में किया गया होलिका दहन, फाग गाकर जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आज न छोड़ेंगे बस हम, आज बिरज में होरी रे रसिया, होली आई रे कन्हाई जैसे तारानों के साथ शाम गहरी होते मटकते हुरियारे, बजते ढोल-नगाड़े और उड़ता रंग-अबीर गुलाल। शहर में रविवार की रात यही माहौल रहा। होलिका दहन के साथ ही हरे, नीले, पीले, रंग, अबीर गुलाल उड़ने लगे। ढोलक-मझीरों की तान पर फागों का दौर चला। पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के बीच होलिका दहन कराया।

सोमवार को शहर में रंगों के पर्व में डूबा होगा। हुरियारे धमाल मचाएंगे। जगह-जगह हुरियारों की टोलियां घूमेंगी। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलेंगे और पर्व मनाएंगे। शुभ मुहुर्त में विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। इसके बाद रंग, अबीर, गुलाल, उड़ने लगा।

होली के गीत जगह-जगह सुनाई देने लगे। फिर रंगों के साथ ठंडाई और भांग घोंटी गई। कई जगह कॉकटेल का दौर भी चला। वहीं किराना से लेकर मिठाई की दुकानों और रंग, गुलाल, पिचकारी की दुकानों पर जमकर लोगों की भीड़ उमड़ी। हालांकि हर्बल, रंग, गुलाल ज्यादा पसंद किए गए। पिचकारी, मुखौटे भी समेत बाजारों में अन्य जरूरी सामानों की खरीदारी हुई। बच्चों ने मनपसंद पिचकारी ली।



दहन के लिए तैयार होलिका। अमृत विचार

### बाजारों में खूब बिका गन्ना

होली के साथ गन्ने की भी परंपरा जुड़ी हुई है। लोग होलिका दहन के दौरान गेहूं की बाली को भून कर लाते हैं आग की तपिश के कारण बाली को हाथ से पकड़कर भूनना आसान नहीं हैं। इस कारण लोग गन्ने के पत्तों के साथ बाली को बांध देते हैं और उसे दूर से ही भून लाते हैं। होली के त्योहार पर इस बार गन्ने के दाम पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी बढ़े हुए हैं और लोग महंगे गन्ने खरीदने को मजबूर हैं। 50 रुपये से लेकर 60 रुपये तक गन्ने के जोड़े बाजारों में बिके।

### सावधानः त्वचा को भीतर तक चीर देता है गीला रंग

**फतेहपुर।** होली पर केमिकल युक्त रंगों से बाजार पट गया है। लेकिन डॉक्टर सिर्फ केमिकल युक्त रंगों को ही नहीं बल्कि रंगों को गीला करने को भी घातक बता रहे हैं। पानी में भीगने के बाद रंग त्वचा के भीतर तक चले जाते हैं। रंगों में मौजूद केमिकल त्वचा के भीतर की नाजुक कोशिकाओं को काट देते हैं इससे तरह-तरह के इंफेक्शन होने लगते हैं। इसलिए डॉक्टर गीली होली (रंग को पानी में भिगोकर) को त्वचा के लिए बहुत हानिकारक बता रहे हैं। बल्कि हर्बल रंगों की सूखी होली (रंग में बिना पानी मिलाए) को डॉक्टर त्वचा के लिए सुरक्षित बता रहे हैं।

#### बाल और त्वचा दोनों पर लगाएं नारियल का तेल

होली खेलने जाने के पहले त्वचा पर नारियल तेल लगाने से त्वचा को कम नुकसान पहुंचता है। डॉ. पवन बाजपेयी के मुताबिक नारियल का तेल त्वचा के छिद्रों को कवर कर लेता है। इससे रंग व उसके साथ नुकसानदायक केमिकल त्वचा में प्रवेश नहीं करने पाते। होली खेलने के बाद नहाते समय तेल के साथ रंग भी धुल जाते हैं।

#### बार कोड से पहचानें हर्बल रंग

केमिकल युक्त रंगों के प्रति जागरूक हो चुके लोग बाजार में हर्बल रंग खरीदने जाते हैं तो समझ नहीं पाते कि कौन सा असली हर्बल रंग है। दरअसल में हर्बल रंग को लेकर जागरुकता के चलते कई कंपनियों ने अपने पुराने केमिकल युक्त रंगों पर मोटे-मोटे अक्षरों में हर्बल लिख दिया है। लेकिन हर्बल रंगों की पहचान बहुत आसान है। रंग के पैकेट पर छपे बार कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करते ही रंग की वास्तविकता खुलकर सामने आ जाती है।

गीली होली त्वचा पर कई तरह से नुकसान करती है। ठीक होने में त्वचा को महीने भर से अधिक समय लग जाता है। इसलिए लोगों को सूखी होली खेलने की सलाह दी जा रही है। जहां तक संभव हो हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें। **-डॉ. पवन बाजपेयी, फिजीशियन।**

# अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग डॉक्टरों की छुट्टियां रद

संवाददाता फतेहपुर

- कुछ सावधानी बरतने से होली के रंग नहीं करेंगे नुकसान

**अमृत विचार।** होली एक ऐसा त्योहार है जिसे हर कोई उमंग और उल्लास के साथ मनाता है। लेकिन इस त्योहार के मौके पर उत्साह में लोग अपने शरीर का ध्यान रखना भूल जाते हैं जो कि बहुत ही जरूरी है। डॉक्टरों के मुताबिक लोग उत्साह के साथ त्योहार को मनाएं लेकिन साथ में सावधानियां भी बरतें जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित न हो क्योंकि त्योहार पर छोटी सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

होली के त्योहार पर हुड़दंग की घटनाएं होना आम बात हैं इसी के चलते प्रदेश सरकार ने व्यापक कार्य योजना तैयार की है। त्योहार को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर रहेगा जिसके कारण डॉक्टरों व स्टाफ की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं और जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए है। शासन ने होली के त्योहार को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए है। एसीएमओ डा. इस्तियाक अहमद का कहना है कि जिला अस्पताल की इमरजेंसी के अलावा सभी सीएचसी व पीएचसी पर बेड आरक्षित किए गए हैं और डॉक्टरों व स्टाफ को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस के साथ 108 व 102 एंबुलेंस एक्टिव मोड पर रहेंगी। एंबुलेंस स्टाफ को भी हिदायत दी गयी है कि कि वह अपनी ड्यूटी छोड़कर कहीं भी न जायें।

### त्वचा बचाने को यह करें

- त्वचा पर सरसों का तेल लगाएं
- शरीर के खुले हिस्से पर मॉस्चराइजर का करें प्रयोग
- आंखों पर चश्मा लगाएं
- बालों में तेल लगाएं
- हरे व बैगनी रंग का प्रयोग न करें
- रंग भरे गुब्बारों से भी करें परहेज

### मान्यताः पीहर में होली बढ़ाती है स्नेह

**फतेहपुर।** बसंत अपने आप में प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में शादी के बाद पहली होली नवविवाहिता मायके में मनाती है। होली के दिन पति को सामने देखकर पत्नी का चेहरे पर लालिमा आ जाती है। मान्यता है कि पीहर में एक साथ होली खेलने से दंपति के बीच प्रेम बढ़ता है।होली को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है, जो लोग दूसरे शहरों में भी रहते हैं वो भी अपने घर होली पर जरूर आते हैं। यह ऐसा मौका होता है जब परिवार, दोस्तों व रिश्तेदारों से रिश्ता मजबूत करने का मौका मिलता है। बहुत से पुरुष अपने ससुराल भी होली मिलने व खेलने जाते हैं। एक-दूसरे को रंग, अबीर व गुलाल से रंगते है। कहीं-कहीं ऐसा रिवाज भी है कि शादी के बाद पहली होली नवविवाहिता अपने मायके में आकर मनाती हैं। पत्नी के मायके चले जाने पर पति होली के दिन मिलने जाता है। पीहर में साथ में होली खेलने पर दोनों के बीच प्रेम बढ़ता है। जिले में कई जगह मान्यता है कि शादी के बाद लड़की पहली होली मायके में मनाती है। ऐसे लोगों ने बताया कि हम लोगों ने प्राकृतिक रंग से होली खेलने का प्लान बनाया है। घर में होली पर कई तरह के पकवान बनते हैं। साथ ही बड़ों का भरपूर आशीर्वाद व स्नेह मिलता है। पति-पत्नी एक साथ होली खेलने के लिए काफी उत्साहित हैं। शादी के बाद यह पहली होली है। होली एक ऐसा मौका होता है जब परिवार के सभी लोग एक साथ इक्कठा होते हैं।

# ट्रांसफार्मर में तेल रिसाव से लगी आग

संवाददाता, फतेहपुर

- फायर ब्रिगेड टीम ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू
- केबिल जलने से कई मोहल्लों की बिजली हुई गुल

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने होली पर्व पर 24 घंटे बिजली सप्लाई चालू रखने का आदेश जारी किया है। लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही से ट्रांसफार्मर में तेल रिसाव से भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से ट्रांसफार्मर और केबिल जल जाने से कई मोहल्ले की बिजली सप्लाई बंद रही।

शहर क्षेत्र के बाकरगंज चौकी के पीछे लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग लगने की जानकारी स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। इसी बीच ट्रांसफार्मर की आग बढ़ने से पास में बनी एक झोपड़ी भी जल गई। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिजली सप्लाई बंद कराते हुए फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर जलने से बाकरगंज सहित आसपास के कई मोहल्ले की बिजली सप्लाई बंद हो गई। मोहल्ले के रहने वाले शकील अहमद और रिजवान ने बताया कि रमजान का समय चल रहा है। ट्रांसफार्मर जलने से बिजली सप्लाई बंद हो गई।

एसडीओ ने बताया कि तीन से चार घंटे में सप्लाई चालू कर दी जाएगी। होली और रमजान पर बिजली सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगी। जिला अग्नि शमन अधिकारी उमेश गौतम ने बताया ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। तेल रिसाव से आग लगने की बात सामने आ रही है। आपको बता दें कि बीते दिन शनिवार को विद्युत विभाग की लापरवाही से एक बिजलीकर्मी की तार सही करते समय सप्लाई चालू होने से जलकर मौत हो गई थी।


तेल लीकेज के चलते जलता हुआ ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

# गुलाल लगाकर वृद्धजनों का लिया आशीर्वाद

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कोई भी खुशी का या उत्सव का मौका हो तो ऐसे असहाय बेसहारा लोगों को अपनी खुशियों में शामिल जरूर करें। इस उम्र में सहारे की जिनकी सख्त जरूरत होती है, उन्होंने तो इनसे किनारा कर अपना दामन छुड़ा लिया।

अब यह बुजुर्ग वृद्धआश्रम में रहने को मजबूर हैं। इन लोगों को अपनापन का एहसास एवं अपनों की कमी न खले ऐसी बातों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोजन जन सेवा समिति के द्वारा होली के पूर्व होलिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और वृद्धजन आवास के बुजुर्गों के बीच पहुंचे और उनके बीच अपनी होली की खुशियां साझा की। सभी वृद्धजनों का हाल-चाल लिया। रंग गुलाल के साथ पूरे हर्षोल्लास से होली खेली गई। आश्रम में ही फाग जैसे गीत संगीत में गाने भी हुए और उन्हें बाद में पापड़ चिप्स नमकीन मिठाई गुजिया का वितरण किया गया। कुमार शेखर, नरेश गुप्ता, सुरेश, दुर्गेश, सागर कुमार, रवि साहू, सूरज कुमार, अंजू वर्मा, नीतू वर्मा, राकेश गुप्ता, विनायक अशोक यादव आदि लोग मौजूद रहे।


वृद्धाश्रम में मनाई गई होली। अमृत विचार

# अधेड़ पर जानलेवा हमला, घर में घुसकर तोड़-फोड़

**खागा फतेहपुर।** खखरेरु थाना क्षेत्र के जहांगीर नगर गहुरा में रविवार को अवैध कब्जा को लेकर पड़ोस के रहने वाले एक अधेड़ व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के जहांगीर नगर गहुरा निवासी मो. यूनुस पुत्र हफ़ीज़ उल्ला की गांव में पुस्तैनी जमीन है। पीड़ित ने बताया कि जिसमें गांव का ही एक दबंग अपने परिवार के साथ कब्जा कर निर्माण कर रहे थे। विरोध करने पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसके कारण दाहिना हाथ फैक्चर हो गया है। इसके बाद पीड़ित के घर में घुसकर तोड़फोड़ की तथा ईंट पत्थर बरसाए। पीड़ित ने स्थानीय थाना में दबंगों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


डेंटल हास्पिटल में लगाया गया कैंप। अमृत विचार

### विश्व ओरल हेल्थ दिवस पर देखे गए मरीज

**फतेहपुर।** विश्व ओरल हेल्थ दिवस पर 24 मार्च रविवार को डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के डेंटल हास्पिटल परिसर में आयोजित कैंप में 150 से अधिक मरीजों का डॉक्टरों की टीम ने चेकअप करते हुए दवाएं एवं परामर्श दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेन्द्र वर्मा के तत्वाधान में आयोजित डेंटल कैंप में डॉ. शरद कुमार ओरल सर्जन, डॉ. किरन सिंह डेंटल सर्जन आदि डॉक्टरों ने मरीजों का चेकअप किया। बता दें कि डॉ. किरन सिंह द्वारा समाजसेवा करते हुए अक्सर ऐसे आयोजन किए जाते हैं।

### कुरान हुआ मुकम्मल, अमन चैन की मांगी दुआएं

**धाता फतेहपुर।** कस्बे के अब्दुल कलाम नगर स्थित नूरी मस्जिद में तराबीह की नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। नमाज बाद सभी लोगों ने देश में अमन चैन की दुआएं मांगी।

नौवनटोला की नूरी मस्जिद में हाफिज गुलशेर अली के द्वारा कुरान पाक मुकम्मल कराई गई। नमाज के बाद मौजूद लोगों से अपनी तकरीर में उन्होंने कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया है कि शाबान मेरा महीना है और रमजान अल्लाह का महीना है। लिहाजा जो बंदा पूरे माह के रोजे रखता है तो अल्लाह उसके गुनाहों को बख्श देता है और रोजेदार जन्नत का हकदार होता है। हाफिज गुलशेर ने कहा की जो बालिग मुसलमान रोजा नहीं रखता है, वह गुनहगार है और रमजान का एक रोजा जानबूझ कर छोड़ता है तो वह पूरी जिंदगी रोजा रखे तो भी छोड़े गए एक रोजे की भरपाई नहीं कर सकता है।

# संचारी रोगों के लिए नगर पालिका ने बनाई रणनीति

संवाददाता फतेहपुर

- स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर मच्छरों के खात्मे का निर्देश

**अमृत विचार।** नगर पालिका की ओर से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। पूर्व में हुई बैठक में तैयारियों पर चर्चा के साथ ही नागरिकों से सहयोग की अपील की जा चुकी है।

ईओ समीर कश्यप ने बताया कि मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले अभियान के लिए माइक्रोप्लान तैयार करके स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। जिसके अनुसार वार्डवार फॉगिंग, सफाई अभियान, हैंडपंप मरम्मत, एंटीलार्वा का छिड़काव आदि कार्य कराए जाएंगे। बताया कि सफाई व्यवस्था के लिए जिम्मेदार सभी जोनल सफाई प्रभारी एवं सेक्टर सफाई प्रभारी को निर्देश दिए गए। बताया कि मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए टीम के तौर पर एक साथ कार्य करना होगा। दिन के समय एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा।

# पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**फतेहपुर।** सिविल लाइन स्थित लिल्स बगिया पटेल इंटर कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक अतुल सिंह सचान तथा प्रबंधिका नेहा सिंह मुख्य अतिथि रहे। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने वार्षिक परीक्षा में मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका सम्मानित किया। कक्षा पीजी से तांसी, शौर्य, देवांश कश्यप ने प्रथम, अव्यय आयुष्मान ने द्वितीय तथा अंशिका, आर्यन व ईश्शान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# तकनीकी शिक्षा देने को 200 शिक्षक दक्ष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डायट परिसर में दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से भी दक्ष किया जाएगा। इसके लिए डायट में पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के करीब 200 शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई।

डायट प्राचार्य ने बताया कि आगामी शैक्षिक सत्र से जूनियर स्तर के छात्र और छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में दक्ष करने के उद्देश्य डिजिटल लिट्रेसी, कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पाठ्यक्रम में समावेश किया गया है। जिसके लिए 13 ब्लॉक और नगर क्षेत्र के कुल 200 शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों द्वारा कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षा को रुचिकर बनाया जाएगा।

प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य नजरुद्दीन अंसारी द्वारा किया गया। इसमें सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्र, प्रशिक्षण के नोडल प्रभारी प्रवक्ता अतुल कुमार की अगुवाई में संदर्भदाता विष्णु प्रकाश मिश्र एआरपी भिटौरा, ध्रुव मिश्र एआरपी हसवां, विपिन त्रिपाठी हथगाम, आशीष प्रकाश श्रीवास्तव भिटौरा, मनीष प्रताप सिंह तेलियानी, प्रदीप पटेल, देवमई, सत्येंद्र सिंह हथगाम के द्वारा प्रशिक्षण को पूर्ण कराया गया। पांच दिनों में शिक्षकों को कंप्यूटर का परिचय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एमएस वर्ल्ड, एक्सेल और स्क्रैच-पायथन कोडिंग आदि का ज्ञान कराया गया।

# न्यायालय के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** वीडियो वायरल की धमकी देकर स्नातक की छात्रा संग सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की स्नातक की छात्रा का आरोप है कि पड़ोसी आलोक ने घर में नहाने का अक्तूबर माह में वीडियो बना लिया था। स्कूल जाते समय आलोक ने अपने साथी मयंक संग रास्ते में रोका। वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

पीड़िता के अनुसार वह 27 नवंबर 2023 की रात घर के अंदर पढ़ाई कर रही थी। उसकी मां घर के बाहर बैठी थी। आलोक अपने साथी कृपाशंकर उर्फ गुड्डू के साथ नशे में घर के अंदर आया। मुंह में कपड़ा ठूंसकर दोनों ने दुष्कर्म किया। गाजीपुर थाने में शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता के अधिवक्ता अनिल शुक्ला ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या तृतीय ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश किया। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्षय रोग दिवस...** रोज 100 से 150 लोग जिला अस्पताल में करा रहे जांच, इस साल की थीम है यस वी कैन एंड टीबी

# धूम्रपान की लत युवाओं को बना रही टीबी का मरीज

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** खराब दिनचर्या, बेतरतीब लाइफ स्टाइल, कमजोर इम्युनिटी और धूम्रपान की लत युवाओं को टीबी का मरीज बना रही है। जिले में मार्च तक 820 मरीजों में टीबी की पुष्टि हो चुकी है। इनमें 39 फीसदी युवा हैं। क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। इस साल की थीम यस वी कैन एंड टीबी पर आधारित है।

रोज 100 से 150 लोग टीबी की जांच कराने जिला अस्पताल आते हैं। 10 से 15 लोगों में रोग की पुष्टि होती है। क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है। जो संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खांसने से फैलता है। कमजोर प्रतिरोधक क्षमता और कुपोषित लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है। पोषण युक्त भोजन न करने और धूम्रपान की लत के चलते जिले के युवा वर्ग में क्षय रोगियों की संख्या बढ़ी है। जिले में ढाई हजार से अधिक क्षय रोगियों का इलाज किया जा रहा है।



- मार्च तक 820 मरीजों में हो चुकी है टीबी की पुष्टि

### डेढ़ प्रतिशत मरीज बीच में छोड़ देते इलाज

टीबी का इलाज संभव है, फिर भी जिले में छह प्रतिशत रोगी ऐसे हैं जो बीच में इलाज बंद कर देते हैं। इन्हें चिह्नित कर उन्हें इलाज बंद न करने की नसीहत दी जाती है।

### सालों तक निष्क्रिय रह सकता बैक्टीरिया

टीबी के बैक्टीरिया शरीर में लंबे समय तक छिपकर रह सकते हैं। ऐसे में इम्यूनिटी कमजोर होने पर लंबे समय से शरीर में मौजूद बैक्टीरिया शरीर में संक्रमण फैला देते हैं और लोग टीबी का शिकार हो जाते हैं।

#### लेटेंट टीबी

इसे निष्क्रिय टीबी भी कहते हैं। बैक्टीरिया शरीर में निष्क्रिय रहता और दूसरों को संक्रमित नहीं करता है। इस टीवी का इलाज जरूरी होता है वरना सक्रिय टीबी में बदलने का खतरा बना रहता है।

#### एक्टिव टीबी

इस टीबी में मरीज के खांसने या छींकने के साथ बैक्टीरिया दूसरे को भी संक्रमित कर सकता है। यह टीबी बैक्टीरिया के संपर्क में आने के कुछ हफ्ते या सालों बाद हो सकती है।

# जिला अस्पताल में खांसी-बुखार के मरीज बढ़े, लग रही लंबी कतार

संवाददाता फतेहपुर

- बदलते मौसम के चलते बढ़ने लगे फिर मरीज
- डॉक्टर बोले-बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत

**अमृत विचार।** रोजाना मौसम का बदलता मिजाज लोगों को बीमार कर रहा है। दिन में हो रही तेज धूप और रात में सर्दी होने से लापरवाही से एक बार फिर लोगों का स्वास्थ्य गड़बड़ा रहा है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की इलाज को कतारें लग रही हैं।

बदलते मौसम में लापरवाही से लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं। बच्चों से लेकर उम्रदराज मरीजों की इलाज को अस्पतालों में संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस समय रात में हो रही सर्दी और दिन में निकल रही कड़ी धूप से एक बार फिर लोगों का स्वास्थ्य गड़बड़ हो रहा है। ऐसे मौसम में लापरवाही से लोग धोखा खा रहे हैं। जिला अस्पताल में रोजाना एक हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

रविवार को ओपीडी बंद होने से इमरजेंसी में पहुंचकर मरीजों ने अपना उपचार कराया। इसमें बच्चों से लेकर उम्र दराज लोगों की ज्यादा रही। अच्छी खासी संख्या दिखाई दी। मरीजों में सबसे ज्यादा सर्दी जुकाम के मरीज आए। मामले में सीएमएस डा. पीके सिंह ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव से स्वास्थ्य गड़बड़ होना आम बात है। बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। सर्दी लगने पर डॉक्टर को दिखा इलाज कराएं।

# बस व ट्रेनें फुल, यात्रियों में धक्का-मुक्की

संवाददाता, फतेहपुर

- भीड़ अधिक होने से करना पड़ा यात्रियों को घंटों इंतजार
- होली के त्योहार पर घर आने-जाने वालों का दिखा रेला

**अमृत विचार।** रंगों के त्योहार होली पर रोडवेज बसों सहित ट्रेनें फुल रहीं। लोग घर वापसी की जल्दबाजी के चलते बसों में चढ़ने के लिए धक्का मुक्की करते दिखाई दिए। वहीं कानपुर व प्रयागराज की सवारियों को बसों का इंतजार करना पड़ा। वहीं रेलवे स्टेशन पर भीड़ की अधिकता को देखते हुए पुलिस के जवानों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई थी। जो यात्रियों को जागरूक करते दिखाई दिए।

**जब गेट पर बैठकर बनाए टिकटः** रोडवेज बसों की भीड़ के कारण परिचालक की सीट भी खाली नहीं थी। वहीं यात्री खड़े होकर सफर करने से भी गुरेज नहीं कर रहे थे। जिससे बसों में अत्यधिक भीड़ के कारण परिचालक को गेट पर ही बैठकर टिकट बनाने पड़े। विभिन्न रूटों की बसों की कमोबेश एक जैसी ही पोजीशन होने के कारण यात्री बस आते ही उसमें सवार होने के लिए खिड़की के सहारे अपना सामान सीट पर पहुंचाकर रिजर्व करते दिखाई दे रहे थे। पूरे समय मुसाफिर हलकान दिखे।


रोडवेज बस में चढ़ते यात्री। अमृत विचार

### स्लीपर कोच में जनरल जैसा नजारा

वैसे तो ट्रेन के स्लीपर कोच में महज आरक्षित टिकट वालों की ही एंट्री होती है। लेकिन त्योहार के चलते अत्यधिक वेटिंग के कारण ट्रेनों के स्लीपर कोच जनरल दिखाई दे रहे थे। जनरल कोच व स्लीपर कोचों में चढ़ने के लिए यात्रियों को दो मिनट के स्टापेज के दौरान परेशानियां उठानी पड़ी। ट्रेन आते ही लोग एक दूसरे के साथ धक्का मुक्की करते दिखाई दे रहे थे।

### यात्रियों को किया गया जागरूक

प्लेटफार्म पर ड्यूटी के दौरान जीआरपी व आरपीएफ के जवान सफर के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से यात्रियों को जागरूक करते दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों को सावधानियां बरते जाने के लिए जागारूक किया जाता रहा। जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानियां न खड़ी हो सके तथा यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

# होलिकोत्सव आज, जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल

## होलिका दहन से पहले किया पूजन, जयकारे लगा डाले आखत, चारों तरफ उल्लास, गले मिल दूर किए गिले-शिकवे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के प्रतीक पर्व होली को आज परंपरागत ढंग से उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। गुझिया और पकवानों की मिठास के संग अबीर-गुलाल उड़ेंगे तो रंगोत्सव में रंग खेला जाएगा। रविवार को होलिका का पूजन कर देर रात उसमें अग्निप्रवाह किया गया। चारों तरफ होली का उल्लास दिखाई दे रहा है। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर गिले-शिकवे दूर किए।

होली का त्योहार आदिकाल से मनाया जा रहा है। रविवार को भद्रा समाप्त होने के बाद होलिका दहन किया गया। इससे पहले महिलाओं और युवतियों ने होलिका का पूजन किया। बाद में अग्नि को प्रवाहित किया गया। आज सुबह आखत डालने के बाद रंगोत्सव शुरू होगा तो ग्रामीण इलाकों में शाम को आखत डाले जाएंगे और रंगोत्सव दूज के दिन होगा। वैसे होली का पर्व अष्टमी तक मनाने का विधान है। आचार्य राजेंद्र किशोर द्विवेदी ने बताया कि सनातन धर्म में प्रत्येक त्योहार आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारण से युक्त है। होली पर वातावरण का परिमार्जन होता है, जिससे कई प्रकार के हानिकारण विषाणु व जीवाणु होलिका दहन में ही समाप्त हो जाते हैं।



### होली पर पान खिलाने की अनूठी परंपरा

होली पर मिलने वालों को पान खिलाने की कन्नौज में अनूठी परंपरा है। इतिहासकार डॉ. जीवन शुक्ल बताते हैं कि आठवीं सदी में बंगाल के राजा ने खुश होकर कन्नौज के ब्राह्मणों को बहुतायत मात्रा में पान दिया था। होली के पर्व पर लोगों को पान खिलाया गया। तब से इस नई परंपरा का सूत्रपात हुआ और हर साल होली पर मिलने वालों को जुहारी के बाद पान खिलाया जाने लगा, जो आज भी बदस्तूर जारी है।

### महंगे आलू ने होली का रंग कर दिया हलका

**कन्नौज।** इस बार होली से पहले आलू महंगा हो गया, जिससे होली का रंग हलका हो गया। कृषि प्रधान जनपद होने से यहां प्रत्येक त्योहार फसल पर ही निर्भर होते हैं। इस बार आलू का उत्पादन कम हुआ और निर्यात बंद होने से आलू के दामों में इजाफा हो गया। ऐसे में त्योहार से पहले किसान की जेब भारी हो गई, जिसका परिणिति बाजार में देखने को मिली। दुकानदारों ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा इस बार होली पर दुकानदारी ठीक हुई है। महिलाओं ने होली के पकवान और रंग खरीदे तो बच्चों ने अपनी पसंद की पिचकारी खरीदी।



दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### होली पर नहीं कटेगी जिले की बिजली

**कन्नौज।** होली पर शासन ने 24 घंटे बिजली देने के आदेश दिये हैं। फाल्ट होने पर ही बिजली कटेगी। निर्बाध आपूर्ति के लिए विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जेई से लेकर लाइनमैन व एसएसओ को लगा दिया गया है। कहा गया है कि बिजली लाइनों पर नजर रखें, यदि कहीं से फाल्ट होने की जानकारी मिले तो तत्काल मौके पर पहुंच कर ठीक करें। अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने बताया कि बिजली विभाग पूरी तरह से तैयार है। प्रयास किया जा रहा है कि कहीं पर फाल्ट न हो। सभी को लगातार बिजली मिलती रहे। उपकेंद्रों के कर्मचारियों को भी निर्देश दे दिये गये हैं कि वह मशीनों पर नजर रखें। इससे मशीनों पर ओवरलोडिंग की समस्या न रहे। लाइनमैन को अपने-अपने फीडर क्षेत्र में रहने को कहा गया है। जिससे फाल्ट होने पर वह तत्काल उसे ठीक कर सकें।

### हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

**कन्नौज।** होली पर पुलिस की खास नजर हुड़दंगियों पर रहेगी। किसी जगह लड़ाई-झगड़े की सूचना मिली तो भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचेगा। संबंधियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। त्योहार पर नशे में हुड़दंग मचाया तो हवालात का मुंह देखना पड़ेगा। एसपी अमित कुमार आनन्द ने पर्व को खुशी से मनाने के लिये थाना कोतवाली पुलिस को सजग कर दिया है। कहा कि होली पर यदि किसी गांव या कस्बे में झगड़े की सूचना मिले तो भारी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे। जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई करें। इस कार्य में शिथिलता न बरतें। डायल 112 भी कॉल आने पर तत्काल पहुंचे। यदि किसी तरह की दिक्कत हो तो थाना कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बुलाएं। इसके बाद झगड़ा करने वालों से निपटें। हाल ही में थाना-कोतवाली में पर्व को लेकर शांति कमेटी की बैठकें की जा चुकी हैं। इसके बाद भी यदि किसी गांव में शराब के नशे में लोग झगड़ा करते मिले तो उनको बख्शा नहीं जायेगा। इसी लिये पर्व को गांव व घर में रह कर हंसी खुशी से मनायें।



एसपी अमित कुमार आनन्द।

## बोलेरो से दो लाख रुपये बरामद किये

**कन्नौज।** चुनाव में अवैध तरीके से रुपये न बांटे जायें इसको लेकर उड़नदस्तों लगाया गया है। टीम ने महादेवी गंगा तट से एक बोलेरो में तलाशी के दौरान 1,98,500 रुपये बरामद किये हैं। एसपी अमित कुमार आनन्द की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने व धन आदि से मतदाताओ को प्रभावित न किया जाये को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में देर रात उड़नदस्ता चेकिंग कर रहा था। सूचना के आधार पर महादेवी घाट गंगा पुल के पास से बोलेरो गाड़ी पर सवार बृजेश व दीपक निवासी बिलग्राम हरदोई से 1,98,500 रुपये नगद बरामद किए। पूछताछ की गयी तो निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बैंक द्वारा जारी किया गया क्यूआर कोड नहीं पाया गया। बरामद धनराशि उड़नदस्ता ने जिला कोषागार में दाखिल कर मामले की जांच शुरू की है। इस दौरान प्रभारी उड़न दस्ता टीम एडीओ सुभाष चन्द्र यादव, दरोगा अरविन्द कुमार थाना कोतवाली कन्नौज, उड़न दस्ता टीम के दरोगा इमरान खान आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- एक पड़ोसी जिला कन्नौज का रहने वाला था

**अमृत विचार।** कायमगंज मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो जाने पर परिवार में कोहराम मच गया।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम अदिउली निवासी विश्वनाथ दुबे का 20 वर्षीय पुत्र रोहित दुबे एवं जनपद कन्नौज के थाना तिर्वा के अंतर्गत आते ग्राम भुडिया बुजुर्ग निवासी राजेश तिवारी का 28 वर्षीय पुत्र अमन तिवारी शाम को अपाचे बाइक से कायमगंज मार्ग से गुजर रहे थे। थाना मऊदरवाजा के ग्राम खिनमिनी के सामने से गुजर रहे थे उसी समय किसी वाहन चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर थाना मऊदरवाजा के सिपाही रवि व जितेंद्र मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतको के परिवार में कोहराम मच गया। दोनों के शव लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं।

### कारों की भिड़ंत, श्रावस्ती के एसडीएम घायल

**छिबरामऊ।** तालग्राम रोड पर ग्राम पलिया के निकट दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक कार पर सवार श्रावस्ती जनपद के एसडीएम संजय कुमार घायल हो गए। वह कार खुद चला रहे थे। एसडीएम गाजीपुर जनपद के रहने वाले हैं और वह बुलंदशहर जा रहे थे। वहीं, दूसरी कार पर सवार तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुरवा निवासी शिवम भी घायल हो गए। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी व चौकी प्रभारी किशनवीर ने घायलों को सौ शैय्या में भर्ती कराया। जानकारी पाकर एसडीएम व शिवम के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और उन्हें लेकर लखनऊ चले गए।

## नहीं सुनाई देती ढोलक की थाप पर फाग

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** आधुनिकता की दौड़ में तेजी से भागती दुनिया व विकास में परम्पराएं व संस्कृति विलुप्त होती जा रही हैं। अब शहरों के बाद धीरे-धीरे ग्रामीण आंचल में भी अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। शहर की तरफ भागते ग्रामीणों के बीच सौहार्द का मेल मिलाप व सद्भाव अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। पहले माघ के महीने से ही गांव में फागुनी आहट मिलने लगती थी। वर्तमान में फागुन माह बीतने को है मगर ग्रामीणांचल में फागुन की बयार से अछूता दिख रहा है। फगुआ, ढोलक की थाप सुनने के लिए लोगों के कान तरस रहे हैं।

वर्तमान परिवेश में ढोलक की थाप सुनाई पड़ने की जगह टीवी, मोबाइल व डीजे पर लोग भांगड़ा करते नजर आते हैं। अब ग्रामीण भी शहर के परिवेश में ढलते जा रहे है। पहले मार्च महीने से ही गांव में फाग गीत गाने का आमंत्रण मिलता था। इस महीने का लोगों का बेसब्री से इंतजार रहता था। लेकिन आधुनितकता ने ऐसी रफ्तार पकड़ी की दरवाजे पर फागुनी गीत का प्रस्ताव भी लोगों को मंजूर नहीं है। जहां पहले रंग गुलाल का जमाना था। अब कैमिकल युक्त रंग व गंदगी से लोग होली खेलते नजर आते है। रात-रात जाग कर चलने वाली गांव की होली, फगुआ गीत, चौपाल सब गुजरे जमाने की बात हो चुकी हैं। कुछ पता नहीं। इसे जमाने की रफ्तार कहे या अफसोस। जहां फगुआ व होली की पुरानी रंगत पूरी तरह विलुप्त हो चुकी है। गांव-गली होली के त्योहार पर चौपालों पर गाये जाने वाले फगुआ गीत युवाओं के लिए कहानी बन चुके हैं।

### त्योहार को लेकर डीएम, एसपी ने दिए निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डीएम व एसपी ने होली, रमजान व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्देश दिए। पुलिस व बीएसएफ के साथ नगर में रूटमार्च कर शांति व सौहार्द कायम रखने की अपील की। रविवार को डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनंद ने नगर के जीटी रोड स्थित रामजानकी मंडपम् में एडीएम आशीष कुमार सिंह, एसडीएम उमाकांत तिवारी, सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल जयप्रकाश शर्मा,, चैकी प्रभारी राबिन सिंह, लेखपाल कौशल किशोर पांडेय को पर्व व चुनाव को लेकर निर्देश दिए। इसके बाद नगर में भ्रमण कर लोगों से शांति व सौहार्द कायम रखने की अपील की।

## आज 230 स्थानों पर होगा होलिका दहन

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- रंगोत्सव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए पुलिस हुई सक्रिय

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर व ग्रामीण इलाकों में 230 स्थानों पर आज होलिका दहन होगा। पुलिस प्रशासन ने रंगोत्सव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। उन्माद फैलाने वाले अराजकतत्वों की निगरानी के लिए 15 क्यूआरटी टीमें बनाई गई हैं।

कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक होलिका दहन स्थल के आस पास रहने वाले पांच पांच व्यक्तियों के नंबर जुटा लिए गए हैं। होली का त्योहार संपन्न होने तक पुलिस लगातार इन लोगों के संपन्न में रहेगी। किसी भी अप्रिय स्थिति में क्यूआरटी व पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में करेगी। साथ ही डीजे संचालकों को हिदायत दे दी है कि होली के दिन अश्लील, अमर्यादित, धार्मिक व सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने नहीं बजने चाहिए। शिकायत मिलने पर डीजे संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो चुकी है। किसी भी समाज विरोधी गतिविधि पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल वैन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- अंत्येष्टि में जाते समय फगुआ भट्ठा के पास हादसा

**अमृत विचार।** अनियंत्रित स्कूल वैन की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र घायल हो गया। मौत का समाचार सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

उन्नाव जनपद के थाना बेहटा गाव रानीपुर गाव निवासी भइयालाल (70) व उसका पुत्र विमल (30) अपनी रिश्तेदारी कोतवाली के पचोर गांव में किसी के अंतिम संस्कार में आ रहे थे। जैसे ही वह फगुआ भट्ठा के पास आए तो लोहामढ़ की तरफ से अनियंत्रित गति से आ रही स्कूल वैन ने टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही वृद्ध व उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस दोनों को भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय ले आई जहां पर डॉक्टरों ने भइयालाल को मृत घोषित कर घायल पुत्र विमल को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। घायल की हालत गंभीर देखकर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डीसीएम की टक्कर से साइकिलसवार की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख रोड स्थित हनुमान मंदिर से दर्शन कर साइकिल से लौट रहे वृद्ध को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया जहां से तिर्वा रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी रामकिशोर शर्मा पुत्र रामसनेही शर्मा रविवार की सुबह साइकिल से सौरिख रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर (बाबा की बगिया) में दर्शन करने गए थे। दर्शन कर वह घर लौट रहे थे। रास्ते में तहसील जाने वाले रोड के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक डीसीएम छोड़कर कर मौके भाग निकला। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायल रामकिशोर को नगला दिलु स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय के लिए रेफर कर दिया। वहां कुछ देर चले इलाज के बाद रामकिशोर की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।



कैंडल जला शहीदों को श्रद्धांजलि देते किसान नेता। अमृत विचार

## कैंडल जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, जलालाबाद-कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मवई रिहायक में शनिवार की देर रात भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी।

भाकियू टिकैत के जिला महासचिव ठाकुर महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने शहीद भगत सिंह की वीर गाथा का बखान किया। कहा कि अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते हुए भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इन तीनों के बलिदान को 92 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

इन महान बलिदानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान निखिल ठाकुर, सूर्य प्रताप सिंह, चंद्रेश सिंह, सत्यम सिंह, प्रताप सिंह, कमलेश सिंह, गौरव सिंह, कमलेश बाथम आदि ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## पिकअप पर लादकर चोर ले गए बकरियां

**सौरिख, कन्नौज।** चोरों ने पशुपालक को निशाना बनाया और पिकअप पर लादकर बकरियां ले गए। पशुपालक ने थाने पहुंचकर शिकायत की।

खड़नी चौकी क्षेत्र के गांव नगला तोरन निवासी विनोद सिंह पुत्र गंगासुत गांव में रहकर फूस की झोपड़ी में बकरियां पालकर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार को तड़के करीब तीन बजे एक सफेद रंग की पिकअप झोपड़ी के सामने रुकी और उसमें से दो लोग उतर कर आए और उसकी तीन कीमती बकरियों को खोलकर पिकअप पर लाद लिया। बकरियों के चिल्लाने पर पशुपालक जाग गया और चोरों का विरोध किया। एक चोर ने उसके सर में ईंट मार दी जिससे वह अचेत होकर गिर गया और चोर मौके से बकरियां लेकर फरार हो गए।

सुबह पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रेम की उत्कृष्टता में खत्म हो जाता जड़ और चेतन का भेद

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- विरह ही अभिमान को निवृत्त करता है

**अमृत विचार।** रविवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास घनश्याम पांडेय ने भक्तों का कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान तो केवल भक्तों के भाव के भूखे हैं। जो लोग अभिमान करते हैं। भगवान उनके अभिमान को दूर कर देते हैं।



कथा व्यास घनश्याम पांडेय।

कथा व्यास ने कहा कि गोपियां भगवान् के वियोग में बहुत व्याकुल हो गईं और पश्चाताप करने लगीं। गोपियों ने 'तुलसी' से पूछा, कि तुम तो गोविंद की 'चरणप्रिया' हो। क्या तुमने हमारे कान्हा को कहीं देखा है? पीपल वृक्ष से पूछा, सभी वृक्षों में से पीपल का वृक्ष भगवान् का रूप है। प्रेम की उत्कृष्टता में जड़ और चेतन का भेद खत्म हो जाता है। अर्थात जड़ में भी चैतन्य दिखाई देता है। गोपियां तो कृष्णमयी थीं। उन्हें तो कण-कण में भगवान् दिखाई देते थे। गोपियों ने रेत में चार चरण चिन्ह देखे और वे उन्हीं चरण चिन्हों का पीछा करते हुए सोचने लगीं कि ये चार चरण चिन्ह हैं।

कृष्ण राधा को साथ लेकर गए होंगे। विरह करती गोपियां चरणों का पीछा करते हुए आगे पहुंचीं। तो देखा कि अब दो ही चरण चिन्ह हैं। राधा भी कृष्ण विरह में व्याकुल हो रही हैं। राधा ने बताया कि यहां आकर ठाकुर ने राधा के पसीने को पोंछा। तो राधा ने कहा कि मैं थक गई, अब मैं नहीं चल सकती। मुझे अपने कंधे पर बिठा लो। जैसे ही मैंने कंधे पर बैठने के लिए हाथ आगे बढ़ाया तो कृष्ण अंतर्ध्यान हो गए। गोपियों का रुदन सुनकर भगवान तुरन्त हाथ में पीताम्बर लेकर उपस्थित हो गए।

## नशे में वृद्ध ने खुद के पैर में मारी गोली

**गुरसहायगंज।** रविवार को ग्राम औराई निवासी अशोक कुमार तिवारी ने दोपहर 02 बजे शराब के नशे में बंदूक से खुद के पैर में गोली मार ली। इससे वह घायल हो गया। जानकारी पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## निर्भीक होकर पर्व मनाने का संदेश

**गुरसहायगंज।** होली पर्व व लोक सभा चुनाव को लेकर कोतवाली पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रविवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों व बीएसएफ ने नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में रूटमार्च किया। इस दौरान टीम ने संवेदनशील होली स्थलों, अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर जनता से निर्भीक व निडर होकर शांति प्रिय तरीके से पर्व को मनाने और मतदान करने की अपील की।

## सार-संक्षेप

### कोतवाली में धीमी गति से जमा हो रहे लाइसेंसी शस्त्र

**गुरसहायगंज।** लोकसभा निर्वाचन सामान्य का बिगुल बज चुका है और जनपद में 13 मई को चौथे चरण का मतदान होना है। ऐसे में शस्त्र लाइसेंस धारक मुनादी और सूचना कराने के बाद भी जाग नहीं रहे हैं। इससे शस्त्र जमा करने की गति धीमी पड़ी हुई है। कोतवाली के हेड मोहर्रिर राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर सहित क्षेत्र में लगभग 1502 लाइसेंसी शस्त्र है। इसमें रविवार तक 200 शस्त्र ही जमा हुए हैं। जल्द से जल्द शस्त्र जमा कराने के लिए लाइसेंस धारकों को कहा जा रहा है। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की चौकी प्रभारियों को शस्त्र जमा कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। होली के बाद अभियान चलाकर शस्त्र जमा कराए जाएंगे। इसके लिए लाइसेंस धारकों को भी सूचना दी जा चुकी है।



कोतवाली में शस्त्र जमा करते हेड मोहर्रिर राघवेन्द्र सिंह।

### बिजली के जर्जर पोल से हादसे का खतरा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला राम कृष्ण नगर सर्विस रोड स्थित गीता इंटर कॉलेज के सामने लगा एचटी लाइन का पोल कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है। नमी के कारण लोहे का पोल नीचे से गलना शुरू हो गया है। इससे पोल का अधिकांश भाग नीचे से गल गया है। पोल क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों सहित राहगीरों को खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जर्जर विद्युत विभाग के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। कई बार सूचना देने के बाद भी विद्युत विभाग जर्जर पोल को नहीं बदल रहा है। मोहल्ले के अनिकेत, कृष्ण प्रजापति, रामनिवास, मनोज कुमार, नितिन प्रजापति, राजेंद्र, प्रदीप श्रीवास्तव आदि ने एसडीओ से जर्जर पोल बदलवाने की मांग की है।



रामकृष्ण नगर में लगा जर्जर विद्युत पोल।

**तोहफा** बीएसए ने जारी की सभी शिक्षकों की सशर्त सूची

## 105 शिक्षकों को मिलेगा बकाया वेतन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 1450 शिक्षक जिले में कर रहे हैं नौकरी
- नोटरी शपथ पत्र लेकर दिया जा रहा वेतन

**अमृत विचार।** सूबे में 69 हजार रिक्त पदों के तहत जिले में करीब 1450 शिक्षक नौकरी कर रहे हैं। इनमें से 105 शिक्षकों को होली का तोहफा मिल गया है। जल्द ही एरियर मिल जाएगा। बीएसए ने सभी की सूची भी जारी कर दी है। साथ ही शर्त लगाई है कि अगर भविष्य में कोई मामला कूटरचित या तथ्य छिपाए जाने का प्रकाश में आया तो रिकवरी के साथ अन्य कार्रवाई की जाएगी।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि तीन चरणों में काउंसिलिंग के बाद परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती हुई थी। पहले वेतन का भुगतान करने से पूर्व अभिलेखों का सत्यापन कराना जरूरी होता है। लेकिन कोरोना संक्रमण काल की वजह से 100 रुपये के स्टांप पर शिक्षकों से नोटरी शपथ पत्र लेकर वेतन दिया जाने लगा। बताया गया है कि जैसे-जैसे संबंधित बोर्ड या विश्वविद्यालयों से शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन की रिपोर्ट आ रही है, उसके बाद अवशेष वेतन भुगतान देने का आदेश जारी कर दिया जाता है। उसी के तहत 105 शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है। हालांकि अवशेष वेतन भुगतान आदेश में कहा गया है कि पुलिस, तहसील स्तरी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, विशेष आरक्षण प्रमाण पत्र सत्यापन व अन्य अभिलेख असत्य, कूटरचित या फर्जी मिले या तथ्य छिपाने का मामला प्रकाश में आया तो कार्रवाई होगी। इसके अलावा मानव संपदा में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी करने को भी कहा गया है। सूची में विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के 49 छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र के 11, गुगरापुर क्षेत्र के नौ, हसेरन क्षेत्र के चार, जलालाबाद के पांच, कन्नौज इलाके के 12, सौरिख के नौ, तालग्राम के छह शिक्षक-शिक्षकों का नाम जारी किया गया है।

## युवती 50 हजार रुपये लेकर फरार

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र की मानीमऊ पुलिस चौकी के एक गांव की युवती 22 मार्च को घर से 50 हजार रुपये लेकर बैंक में जमा करने के लिये निकली थी। जब वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोज की। तब पता चला कि युवती को गांव के ही दो लोगों के साथ जाते देखा गया। युवती के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह गांव के ही दो लोगों के घर शिकायत लेकर पहुंचा तो परिजनों ने गालीगलौज कर पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने छानबीन की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह का कहना है कि युवती व आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।



## एक नजर

### गृह कलह में युवक ने ट्रेन से कट कर जान दी

**फर्रुखाबाद।** घरेलू कलह से तंग युवक ने होली के दिन ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। थाना कमालगंज के ग्राम गदनपुर देवराजपुर निवासी अमर सिंह बाल्मीकि का 30 वर्षीय पुत्र अभयराम कल ही दिल्ली से घर आया था। रात में उसकी किसी बात को लेकर मां-बाप से कहा सुनी हुई। अभय राम आज सुबह झोला लेकर घर से निकल गया। दोपहर के समय कमालगंज से मालगाड़ी फर्रुखाबाद की ओर जा रही थी। इस दौरान अभय राम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। उनका रो-रो कर बुरा हाल है। फतेहगढ से पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### खाद्य विभाग की टीम ने भरे नमूने

**फर्रुखाबाद।** खाद्य विभाग की टीम ने तहसील अमृतपुर क्षेत्र में आधा दर्जन व्यापारियों की दुकानों से नमूने भरे। अलीगढ़ चौराहे पर बालेश की किराना दुकान से सूजी, राजपुर गहलारपुर में पिंकू राजपूत की दुकान से बेसन, सुधीर कुमार की दुकान से मैदा, गजेंद्र सिंह की दुकान से लड्डू, गौरव सिंह की दुकान से मैदा का एवं राजपुर स्थित सुनील की दुकान से छेना मिठाई का नमूना लिया।

# होली पर खूब उड़ा अबीर-गुलाल, झूमे युवा

## देर शाम पूजन-अर्चन के साथ जगह-जगह होलिकादहन किया, चला फाग का दौर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को चारों ओर होली का उल्लास दिखा। बाजारों में खरीदारी करने के लिए जमकर भीड़ उमड़ी। बच्चे से लेकर बड़े तक होली के उत्साह में डूबे दिखे। मंदिरों में भी होली खेली गई। पिचकारी व गुलाल आदि की भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। देर शाम पूजन-अर्चन के साथ जगह-जगह होलिकादहन किया गया।

रेलवे रोड, घुमना बाजार, नेहरू रोड, लोहाई रोड, चौक, पक्कापुल, लालसराय, साहबगंज चौराहा, सेठ गली, चूड़ी वाली गली, भोलेपुर और कोतवाली रोड फतेहगढ़ आदि बाजारों में सुबह से ही सुबह से ही खरीददारी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। पंसारी की दुकानों से लेकर शॉपिंग मॉलों पर लोग खरीदारी करते दिखे। घुमना बाजार में दोपहर को भीड़ के चलते जाम लग गया। घरों में साफ-सफाई के साथ ही महिलाओं ने गुझिया, अहिर्से और बेसन के सेव आदि व्यंजन बनाए। शाम को शुभ मुहूर्त में होलिकादहन किया गया।


एक-दूसरे को गुलाल लगातीं महिलाएं। अमृत विचार


पंडा बाग में दिन भर चली पूजा-अर्चना। अमृत विचार

### पसंद का मुखौटा पाकर चहके बच्चे

- होली के चलते पिचकारी और अबीर-गुलाल व रंग की जमकर बिक्री हुई। शहर में जगह-जगह लगी ठेलियों और फुटपाथों आदि पर सजी रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानों पर पहुंचकर लोगों ने खरीददारी की। बच्चों को डारीमॉन, मोटू-पतलू और गन पिचकारी पसंद आई तो बड़ों ने गुलाल और रंग खरीदा। मुखौटों और बालों की भी जमकर बिक्री हुई।

### होलिकादहन स्थल सजाए गए

- नेहरू रोड, मठिया देवी मंदिर, राजीव गांधी नगर पार्क, पंडाबाग मंदिर, रेलवे रोड और नीवाचुअत समेत शहर में सैकड़ों स्थानों पर होलिकादहन स्थल सजाए गए थे। होलिकादहन के बाद युवा देर शाम तक डीजे की धुनों पर जमकर झूमे।

### मंदिरों में जमकर खेली गई होली

- श्री पांडवेश्वरनाथ मंदिर में सुबह श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन किए। बाबा को अबीर-गुलाल अर्पण किया और छप्पन भोग लगाया गया। आरती से पहले मंदिर परिसर में फूलों व अबीर-गुलाल आदि से जमकर होली खेली गई। होली खेल रहीं युवतियों और महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। पुजारी गोपाल शर्मा, आनंद प्रकाश गुप्ता, अशोक कुमार और मनीष मिश्र, निर्मला सक्सेना, मधु मिश्र समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। गुरुगांव देवी मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। मातारानी का भव्य श्रृंगार करने के साथ ही छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद लोगों ने जमकर फूलों व गुलाल की होली खेली। श्यामू यादव, शिव अग्रवाल, सौरभ मिश्र, राहुल वर्मा, मनोज अग्रवाल और अंकित पुजारी आदि रहे। श्री बाबा भैरवनाथ मंदिर अमेठी कोहना में बाबा भैरवनाथ और माता काली को भोग लगाया गया। आरती के बाद जमकर होली खेली गई। इस अवसर पर राजू शिवानी, रूपचंद्र शिवानी और अनिल पांडेय, कुमकुम शिवानी व लक्ष्मी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डीआईओएस ने 39 स्कूलों के रसोइयों का मांगा विवरण

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने 39 माध्यमिक व डिग्री कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर 26 मार्च तक विद्यालय की रसोइया व एमडीएम प्रभारी का नाम देने के निर्देश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने प्रधानाचार्यों को भेजे पत्र में कहा कि जिन विद्यालयों में मिडडे मील संचालित है। वहां के प्रधानाचार्य एमडीएम प्रभारी व रसोइयों के नाम की सूचना निर्धारित प्रारूप पर 26 मार्च तक हर हाल में दे दें। साथ ही जहां मिडडे मील की व्यवस्था नहीं है। वहां के प्रधानाचार्य विद्यालय के पास स्थित प्राथमिक या फिर जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक से संपर्क स्थापित कर एमडीएम प्रभारी व कार्यरत रसोइयों का विवरण उपलब्ध कराएं।

**इन कॉलेजों से मांगी गई सूचना:** जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआंखेड़ा, एवी इंटर कॉलेज, चंद्र कुमारी ज्वाला शंकर रायजादा गर्ल्स इंटर कॉलेज, नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अताईपुर, जनता इंटर कॉलेज रशीदाबाद तिवारियान, एसएनएम इंटर कॉलेज, कन्या विद्या पीठ इंटर कॉलेज कायमगंज, इनामुल हक शाह मेमोरियल इंटर कॉलेज रायपुर, केएसआर इंटर कॉलेज, कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज, स्वामी दीनबंधु इंटर कॉलेज, भारतीय कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय बालक इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, कानौडिया, एमआईसी, डीपीबीपी, स्वामी रामानंद बालक व बालिका, रस्तोगी, भारतीय पाठशाला, क्रिश्चियन, एनएकेपी इंटर कॉलेज, टैगोर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मदेव गोपालानंद, आदर्श भारतीय, स्वामी रामप्रकाश, सर्वोदय, डीपीएस, किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीएन डिग्री कॉलेज, बद्री विशाल डिग्री कॉलेज, रहमानिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, एनएकेपी डिग्री कॉलेज, सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल व सिटी पब्लिक डिग्री कॉलेज नेकपुर चौरासी।

# जयंती पर याद की गईं कवि महादेवी वर्मा, प्रतिमा पर चढ़ाए मालाफूल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** महीयसी महादेवी वर्मा की जयंती पर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं ने पल्ला तिराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। मतदान करने की शपथ भी ली गई। एनएकेपी डिग्री कॉलेज में महादेवी वर्मा स्मृति पीठ बनवाए जाने की बात कही गई।

साहित्यिक सामाजिक संस्था अभिव्यंजना, प्रबोधिका, संस्कार भारती और हिंदी साहित्य भारती संस्था की ओर से रविवार को महीयसी महादेवी वर्मा की जयंती मनाई गई। संस्था के लोग पल्ला तिराहा पर लगी महादेवी वर्मा की प्रतिमा पर पहुंचे और माल्यार्पण किया। संस्था प्रमुख डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि महीयसी महादेवी वर्मा के नाम से फर्रुखाबाद की पहचान पूरे विश्व में है। उन्हे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चुनाव बाद महादेवी वर्मा की प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। एनएकेपी डिग्री कॉलेज में महादेवी वर्मा स्मृति पीठ बनाया जाएगा, जिससे शोध करने वाली छात्राओं को मदद मिलेगी। हिंदी साहित्य भारती संस्था की महामंत्री भारती मिश्रा ने मौजूद लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। जिला समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह, संयोजक संजय गर्ग, शरद चंदेल, सुरेंद्र पांडेय, सत्यपाल सिंह, सुधांशुदत्त द्विवेदी, डॉ. शिवओम अंबर, जवाहर सिंह गंगवार, डॉ. राजकुमार सिंह, आलोक रायजादा, सुरेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

कायस्थ सभा के पदाधिकारियों ने रेलवे रोड स्थित कवियत्री महादेवी वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आलोक रायजादा, प्रीति रायजादा, दिलीप सक्सेना, अनिल सक्सेना, सुजीत प्रधान, कुशल सक्सेना, गौरव सक्सेना, राजेश सक्सेना, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।


महीयसी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते बुद्धि जीवी। अमृत विचार

# मारपीट करनें में 'प्रधान' सहित दो फंसे

**फर्रुखाबाद।** फ्री में मीट न देनें पर प्रधान नें अपने साथी के साथ मिलकर व्यापारी को घर में घुसकर जमकर मारपीट की। मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी प्रधान व उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना मऊदरवाजा के गांव बड़ा खेल बजरिया निवासी आरिफ कुरैशी नें रविवार को दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि उसकी नाला बघार गढिया मार्ग पर बकरे के मीट की दुकान है। जिससे गढिया प्रधान रजनेश उर्फ मोनी कठेरिया बीते कई महीनों से फ्री में मीट ले रहा था। 21 मार्च 2024 को मीट के प्रधान से पैसे मांगे तो उसने घर आकर रूपये देनें की बात की । उसी दिन रात 9:30 बजे प्रधान अपने एक अज्ञात साथी के साथ घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए रूपये मांगने के विरोध में जमकर पीट कर दी । तमंचा दिखाकर आरिफ को जान से मारनें की धमकी दी ।एससी/एसटी एक्ट में झूठा फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने प्रधान तथा उसके साथी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सांसद ने गिनाए जिले में किए गए विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य चुनाव में भाजपा को 450 तक सीटें मिल सकती हैं। यह बात रविवार को भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने कही। वह पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को विश्वस्तरीय और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश का नेता बताते हुए कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन अब टूट चुका है। उन्होंने कहा कि जनपद में दो पावर प्लांट चालू हो जाने से 24 घंटे बिजली मिल रही है। 400 मेगावाट का ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाने के लिए उखरा में 400 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की गई है। इसके चालू हो जाने से जिले के अलावा अन्य जिलों को भी ग्रीन एनर्जी की सुविधा मिलेगी।

सांसद ने कहा कि कानपुर, मथुरा रेल खंड एवं फर्रुखाबाद शिकोहाबाद रेल खंड का 2000 करोड़ से विद्युतीकरण हो जाने से ट्रेनों की संख्या के साथ उनकी स्पीड भी बढ़ी है। जनपद के रेलवे स्टेशनों को ऊंचा कर सौंदर्यीकरण किया गया है। एसटीपी प्लांट के 90 प्रतिशत तक बन जाने की जानकारी दी।


पत्रकारों से बातचीत करते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार

# दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो जाने पर परिवार में कोहराम मच गया।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम अदिउली निवासी विश्वनाथ दुबे का 20 वर्षीय पुत्र रोहित दुबे एवं जनपद कन्नौज के थाना तिर्वा के अंतर्गत आते ग्राम भुडिया बुजुर्ग निवासी राजेश तिवारी का 28 वर्षीय पुत्र अमन तिवारी शाम को अपाचे बाइक से कायमगंज मार्ग से गुजर रहे थे। थाना मऊदरवाजा के ग्राम खिनमिनी के सामने से गुजर रहे थे उसी समय किसी वाहन चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर थाना मऊदरवाजा के सिपाही रवि व जितेंद्र मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतको के परिवार में कोहराम मच गया। दोनों के शव लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं।

# 8 से दो बजे तक खेली जाएगी होली

**फर्रुखाबाद।** होली को देखते हुए जिलाधिकारी बीके सिंह ने आम जनता से अपील की है कि वह प्रातः 8:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक ही रंग खेले। इसके बाद रंग ना खेला जाए। जिलाधिकारी सिंह ने कहा की रंग खेलते समय यह ध्यान रखा जाए कि किसी रोजेदार पर रंग ना पड़ जाए ।कीचड़ और जले हुए मोबाइल ऑयल का प्रयोग बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। जहां तक हो फूलों के रंग से होली खेली जाए ।केमिकल युक्त रंग का प्रयोग ना किया जाए ।इनका प्रयोग करने से भारी नुकसान होता है जिस पर रंग डाला गया उसकी आंखें जा सकती हैं।

# शस्त्र बनाने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** एसपी विकास कुमार के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चला रही है।

थाना कम्पिल पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव सिरसा में छापेमारी की। घेराबंदी कर जयनंदन उर्फ जैना व उसके पुत्र विजय प्रताप उर्फ करू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में नवनिर्मित और दो अर्ध निर्मित शस्त्र बरामद कर लिए।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त जयनंदन उर्फ जैना पर कुल 21 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दूसरे अभियुक्त विजय प्रताप उर्फ करू पर 11 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दोनों का चिकित्सीय परीक्षण करा न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने 14 दिन के रिमांड पर जिला जेल भेज दिया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पिता-पुत्र। अमृत विचार

**होली का उत्साह** | स्वयंसेवको ने ब्रज की तर्ज पर मनाया होलिकोत्सव, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# रंग बरसे भीगे चुनर वाली पर झूम कर नाचे स्वयंसेवक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने माधव शाखा खड़ियाई में संयुक्त शाखाओं के साथ होली पर्व में पर्यावरण स्वच्छता एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। रंग गुलाल के साथ होली के संग रंग राग फाग रसिया लोकगीत के साथ लोकबाद रघुवर पाठक ,संतोष एवं सर्वेश आचार्य की ढोलक मंजीरा हारमोनियम पर होली के रंग रसिया फाग के साथ पर्व मनाया।

संयुक्त शाखा के स्वयंसेवकों ने माधव शाखा के साथ शिवाजी शाखा, श्री राम शाखा, पटेल शाखा, साबर कर शाखा, आवास विकास शाखा, बजरिया शाखा के सैकड़ो स्वयंसेवकों ने केसरिया ध्वज के साथ भारत माता की जय-जय कार कर जय श्रीराम वंदे मातरम के उद्घोष के साथ होली पर्व पर्यावरण स्वच्छता भाईचारा प्रेम में रंग गुलाल फूलों की होली पर्व मनाया। इस अवसर पर सुदेश, संदीप, रोहित, वेदराम, पंकज वर्मा, सूर्यकांत, गणेश महाराष्ट्रीयन, महेश वर्मा ने लोक संस्कृति पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।

होली में परंपरागत होली के लोकगीत रंग गुलाल के रंग लाल साथ आज ब्रज में होली है, रसिया होली खेले। अवध में रघुवीरा। रंग भीगे चुनरवाली, रंग बरसेभीगेचुनरवाली, मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। होली में गीत संगीत भाव नृत्य के साथ होली की गुजिया मठरी और ठंडाई की मस्ती में पर्व मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अन्य संगठनों के कार्यकर्ता सुरेंद्र पांडे, अरविंद दीक्षित, रविंद्र भदौरिया, जगदीश चाचा, रितु वर्मा, रोहित, दीपक, अनिल, पंकज, सुनील आदि ने उल्लास के साथ पर्व मनाया।


होली पर मस्ती में झूमते स्वयंसेवक। अमृत विचार















# होली की सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## रंगों के पर्व को आनन्द और प्रेम से मनाने के लिए दुर्व्यसनों का त्याग करें

फर्रूखाबाद।रंगों का पर्व होली प्रेम के प्रतीक का त्यौहार है। इस त्यौहार की परंपरा धीरे–धीरे समाप्त होती चली जा रही है। पहले होली के समय गांव में 15 दिन तक भाग गाये जाते थे ।और एक साल के भीतर जो लड़ाई झगड़े होते थे उन लड़ाई झगड़ों को पंचायत के माध्यम से खत्म करा दिया जाता था। लोगों को गले मिलाकर कह दिया जाता था जो हुआ वह हो गया। अब होली सो हो गई। लेकिन मौजूदा समय में जैसे–जैसे हम आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं। बैसे बैसे होली का पर्व धूमिल होता चला जा रहा है ।आज होता क्या है कि इस प्रेम के प्रतीक त्योहार पर लोग शराब के नशे में डूब जाते हैं। और आपसी झगड़े फसाद करके रंग में भंग कर देते हैं। प्रेम के प्रतीक इस त्योहार पर सबसे ज्यादा लड़ाई झगड़े होते हैं। अगले दिन अगर थाने की हवा लातों में देखा जाए तो झगड़ा करने वालों से खचाखच भरी होती है। जिसकी खास वजह है कि हम अपनी परंपराओं को भूलते चले जा रहे हैं। अपने रीति रिवाज को दरकिनार करते चले जा रहे हैं। होली के दिन लोग मन में राम बगल में ईंटे वाली कहावत चरितार्थ कर गले मिलते हैं और मौका लगते ही गले मिलने वाले पर हमला कर देते हैं। इन कुरीतियों को खत्म करना होगा और पुरानी परंपराओं को जीवित रखना होगा। प्रेम के प्रतीक त्यौहार को जितने ही प्रेम से मनाया जाए उतना ही इसके रंगों में निखार आता है। खुद जिए और जीने दे की कहावत को चरितार्थ कर होली का पर्व आनंद और प्रेम से मनाए शराब, भांग, गांजा से इस पर्व पर परहेज करें ।लोगों की मुसीबत में सहयोग करें और पुराने लड़ाई झगड़ों को खत्म करके गले मिलकर इस प्रेम के प्रतीक त्यौहार को जीवित रखने का प्रयास करें। इन्ही विचारों के साथ हम अपने सुधी पाठको विज्ञापन दाताओं और शुभचिंतकों ,मित्रों को होली की बधाई देते हैं ।तथा इसी तरह से सहयोग बनाए रखने की अपील करते हैं ।विज्ञापन और समाचारों के लिए हमसे संपर्क करें ।अमृत विचार आपके हर सुख–दुख में आपके साथ है। खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करें ।

चंद्रपाल सिंह सेंगर
अमृत विचार
कार्यालय–6बी / 416 आवास विकास फर्रुखाबाद
उत्तर प्रदेश मोबाइल नंबर– 9935 842092

## सन्देश

फर्रूखाबाद। होली का पावन पर्व अत्यचार को समाप्त करने की सलाह देता है। इस दिन भगवान नरसिंह ने हरण्य कश्यप का वध करके भक्त प्रहलाद की रक्षा की थी ।जिसका सीधा–साधा मतलब है कि हर व्यक्ति को अन्याय और अत्याचार को आज ही समाप्त कर देना चाहिए। अपनी सारी बुराइयों को होलिका में दहन कर देना चाहिए। तभी हम होली के सही अर्थों को समझ सकेंगे और सभी की होली खुशहाल बना सकेंगे इन्हीं विचारों के साथ हम भी आपको होली पर बधाई देते हैं।

राजेश कुमार श्रीवास्तव
प्रतिनिधि

होली है

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश चंद्र राजपूत
जिला अध्यक्ष
अखिल भारतीय लोधी महासभा फर्रूखाबाद
प्रबन्धक
वीरांगना रानी अवंती बाई,
लोधी शिक्षण संस्थान रमापुर जसू शमसाबाद
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 पंचम सिंह
प्रधान,
ग्राम पंचायत भुवनपुर ताजपुर,
विकास खंड राजेपुर, जनपद – फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
भोलेपुर बेबर रोड स्थित स्वरूप क्लासेस कोचिंग सेंटर ईंस्टिट्यूट कोटा ,कानपुर जैसी तैयारी कर रहा है। स्वरूप क्लासेस हर वर्ष लगातार आईआईटी जे ई ई मेन्स नीट की परीक्षा में छात्रों को सफलता दिला रहा है ।इस वर्ष भी चार छात्रों को आईआईटी परीक्षा में अच्छे अंकों से क्वालीफाई कराया है ।आने वाले आईआईटी जेईई मेन्स व नीट परीक्षा में शामिल छात्रों को अच्छी तैयारी के साथ सफल होने का वादा करता है।
महेंद्र पाल सिंह यादव
निदेशक
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सिंह यादव
ग्राम प्रधान
धनसुआ ब्लॉक
बढ़पुर,फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद विक्रम सिंह परमार
प्रधानपति एवं राष्ट्रीय शूटर,
ग्राम पंचायत कुम्हरोर विकास खंड राजेपुर
जनपद – फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार सिंह, राजू
प्रधानपति वरिष्ठ समाज सेवी
ग्राम पंचायत विलालपुर तुर्कहटा
विकास खंड राजेपुर जनपद – फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम राजपूत
सभासद
वार्ड नम्बर 4 भोलेपुर,
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद ठाकुर
(ए– क्लास ठेकेदार)
बिजली विभाग
निवास – जिला जेल चौराहा
फतेहगढ़, फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राधे टूर एंड ट्रेवल्स भोलेपुर लोको रोड फतेहगढ़ फर्रूखाबाद हमारे यहां हर तरह की फोर व्हीलर गाड़ियां हर समय बुकिंग पर मिलती है सेवा का अवसर अवश्य दें
कुनाल श्रीवास्तव
प्रोपराइटर
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सूरज फ्लावर डेकोरेशन भोलेपुर फर्रूखाबाद हल्दी ,मेहंदी, शेरा, शेरी, स्टेज, जयमाला व फूलों के थोक
अजय कुमार भूरा
प्रोपराइटर
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डाक्टर सौरभ श्रीवास्तव
आईटीआई चौराहा
सातनपुर मंडी रोड,
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आशुतोष गुप्ता आशू
ठेकेदार नगर पालिका परिषद फर्रूखाबाद
निवासी– बेबर रोड भोलेपुर
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल श्रीवास्तव
श्री बाला जी मेडिकल स्टोर
भोलेपुर, फतेहगढ़,
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
भानू यादव
ठेकेदार
बेबर रोड फतेहगढ़
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय श्रीवास्तव
बढ़पुर , फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल परमार ठेकेदार
निवास– रेलवे कॉलोनी लोको रोड
फतेहगढ़ , फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र सिंह राजावत
एडवोकेट
सह संयोजकआर्थिक
प्रकोष्ठ भाजपा
फर्रूखाबाद

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र कुमार
प्रदेश अध्यक्ष (उ0प्र0), लखनऊ
मानवाधिकार सुरक्षा संगठन
निवासी–4/128, वार्ड –30,
बजरिया हरलाल, फर्रूखाबाद

# पूजा अर्चना कर किया होलिका दहन जमकर उड़ाया अबीर और गुलाल

## हस्त नक्षत्र व सर्वार्थ सिद्धि योग में जली होली

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** रविवार को हस्त नक्षत्र व सर्वार्थ सिद्धि योग में होलिका दहन के साथ ही जिले में होली के त्योहार की धूम शुरू हो गई। भद्रा के चलते इस बार 1 घंटे 13 मिनट का होलिका दहन का मुहूर्त था लेकर कई स्थानों पर मुहूर्त के बाद भी होलिका दहन किया गया। होली जलने के बाद से ही अबीर गुलाल उड़ना शुरू हो गया था।

जिले भर में परंपरागत ढंग से जगह-जगह होलिका दहन किया गया वहीं शहर में सैकड़ों स्थानों पर छोटी बड़ी होलिका जलाई गई। होलिका दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी।

इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा 24 मार्च रविवार को सुबह 9:54 से भद्रा को लेकर शुरू हुई थी जो 25 मार्च सोमवार को दोपहर 12: 29 बजे तक रही। भद्रा रविवार की सुबह 9:54 पर लग गई थी। होलिका दहन का श्रेष्ठ मुहूर्त हाथ 11:13 से 12:24 तक था इस मुहूर्त में अधिकतर स्थानों पर होलिका दहन किया गया।



एक मोहल्ले में होलिका दहन करते लोग। अमृत विचार

● एक दूसरे के गले लगकर दी होली की शुभकामनाएं

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का त्योहार मनाया जाता है और इसी दिन परंपरागत ढंग से जगह-जगह होलिका दहन होता है शहर में कई स्थानों पर होलिका दहन की तैयारियां दो दिनों पहले से ही शुरू हो गई थी। देर शाम से ही होली पूजन के लिए होलिका दहन स्थल पर लोग पहुंचने लगे थे। अबीर गुलाल व विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से होलिका का पूजन अर्चन किया गया।

होली दहन के बाद होली की पवित्र अग्नि में गन्ने के साथ गेहूं व चने की बालियों को भी भूना गया और होली की परिक्रमा भी की गयी। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं भी दी।

### इन स्थानों पर हुआ होलिका का दहन

**इटावा।** शहर में जगह जगह होलिका दहन के बाद घरों में भी होली जलाई गई। होली जलाने के लिए घर के आंगन में आकर्षक रंगोली भी सजाई गई थी। रंगोली के ऊपर गोबर से बनी हुई गुलरिया की माला भी रखी गई थी इसके बाद परंपरागत ढंग से घरों में पूजन अर्चन के साथ होलिका दहन किया गया। घरों में पुरुषों के साथ महिलाओं व बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर पूजन अर्चन में भाग लिया और अग्नि की परिक्रमा देकर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। शहर में सिविल लाइंस, फ्रेन्डस कालोनी, विजय नगर, भरथना चौराहा, पचावली रोड, अशोकनगर, गांधीनगर,करमगंज, पंजाबी कॉलोनी, जटपुरा, बराही टोला, सराय शेख, आलमपुरा, पक्का बाग, एकता कॉलोनी, रामलीला रोड, कटरा सेवा कली, कटरा शमशेर खान, छैराहा, करनपुरा, छिपैटी, कुंज, नखासा, नुमाइश चौराहा, आवास विकास, ज्योति नगर, रतन नगर, धर्मनगर, अवंती नगर, यमुना तलहटी, शांति कालोनी, वैशालीपुरम ,शिवा कालोनी, यशोदा नगर ,यदुवंश नगर आदि सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन किया गया।

# बसपा ने सारिका सिंह को उतारा मैदान में

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा और सपा के बाद रविवार को बसपा ने भी इटावा से अपने अधिकृत उम्मीदवार की घोषणा कर दी। बसपा ने इटावा सुरक्षित सीट से हाथरस की पूर्व सांसद रहीं सारिका सिंह बघेल को मैदान में उतारा है। भाजपा से वर्तमान सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया और सपा से जितेंद्र दोहरे के नाम पहले ही घोषित हो चुके थे। अब बसपा का उम्मीदवार घोषित होने के बाद चुनावी तस्वीर लगभग पूरी तरह से साफ हो गई है। कांग्रेस से गठबंधन होने के कारण इस बार इटावा सीट से सपा के प्रत्याशी को ही चुनाव लड़ाया जाएगा।

बसपा में पहले पूर्व प्रत्याशी अजयपाल जाटव के नाम की चर्चा होती रही। तीन दिन पहले से सारिका सिंह का नाम सामने आने लगा। इसके बाद यह तय माना जाने लगा था कि इस बार सारिका ही इटावा से प्रत्याशी होंगी।

सारिका सिंह का नाम इटावा के लिए भले ही नया हो परंतु उनका इटावा से गहरा नाता है। उनकी ननिहाल इटावा शहर के धौंकरन टोला में है। इस परिवार का भी राजनीति से काफी जुड़ाव रहा है। उनके नाना घासीराम जाटव लखना सुरक्षित सीट से 1956 से लेकर लगातार तीन बार विधायक निर्वाचित होते रहे। सारिका की शादी देवेंद्र सिंह बघेल से हुई। 2009 में वे राष्ट्रीय लोकदल से हाथरस सीट से सांसद चुनी गईं। इसके बाद उनके पति देवेंद्र सिंह सपा में शामिल हुए। वहां सपा संस्थापक के प्रति टीका टिप्पणी करने पर उन्हें सपा से निष्कासित कर दिया गया। टिकट मिलने से कुछ दिनों पूर्व ही सारिका और उनके पति देवेंद्र सिंह बसपा में शामिल हुए। इसके बाद बसपा सुप्रीमो पूर्व सीएम मायावती ने उन्हें इटावा सीट से चुनाव लड़ाने का फैसला कर दिया।



सारिका सिंह बघेल।

● नाना घासीराम जाटव भी तीन बार रह चुके हैं विधायक इटावा में है इनकी ननिहाल

# चरस की तस्करी करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर रोक के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान एक कार से 37 किलो चरस के अलावा दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई चरस की कीमत चार करोड़ 85 लाख रुपये बताई गई है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि एसओजी/सर्विलान्स एवं थाना जसवंतनगर पुलिस बार्डर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग कर रही थी। तभी एक ब्रेजा कार आती दिखायी दी। जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो गाड़ी को भगाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने बल प्रयोग करते हुये दो लोगों को ब्रेजा कार सहित गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में कार से लोहे के बॉक्स में रखी 37 किलो चरस के अलावा तमंचा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए लोगों ने अपने नाम अभिलाष सिहं व राहुल कुशवाहा बताया। पकड़े गए लोगों ने बताया कि हम लोग नेपाल काठमाण्डू से चरस को खरीदकर यूपी,एमपी में बेचते हैं।

# भाजपाई चार जून को फिर से मनाएंगे होली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र इटावा से सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया ने निज ग्राम नगरिया सरावा भरथना में होली मिलन समारोह का आयोजन कराया । इस समारोह में इटावा, औरैया और कानपुर देहात के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया एवं उनकी पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

डॉ रामशंकर ने कहा कि होली आपसी सद्भाव एवं प्रेम का त्योहार है, एक होली हम लोग अभी मना रहें है आगामी चार जून को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने जा रही है। चार जून को जब 400 पार करके भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाएगी तब एक बार पुनः हम सभी कार्यकर्ता होली मनाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए चुनाव एक त्योहार है। वह सारे वर्ष उस त्योहार में मगन रहना चाहता है। समारोह में प्रमुख रूप से औरैया जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज सिंह शाक्य, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, विमल भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, डॉ रमाकांत शर्मा, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, रजत चौधरी, ममता कुशवाहा, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अमित तिवारी 'मानु', मनीषा शुक्ला, प्रीति दुबे, अंकित सैनी, कृपा नारायण तिवारी, कृष्ण मुरारी गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप गौर, विवेक गुप्ता, राहुल राज वर्मा, सुशांत दीक्षित, दुर्गेश कुशहवाह, जिला एवं पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहें ।



होली के रंग में रंगे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. रामशंकर कठेरिया।

● भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी डॉ. रामशंकर के गांव में हुआ होली मिलन समारोह

# राशन डीलर की मनमानी से गरीबों की होली फीकी

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** विकास खंड बसरेहर क्षेत्र की ग्राम पंचायत वजीरपुर के गांव पत्तापुरा में राशन डीलर की मनमानी से गरीबों की होली फीकी हो रही है। मजरा अगूपुरा और वजीरपुर के ग्रामीणों को राशन डीलर पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लेता है परंतु उनको राशन नहीं देता। ग्रामीण अपनी शिकायत को लेकर बसरेहर थाना प्रभारी कपिल चौधरी के पास पहुंचे। बसरेहर थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाया कि प्रकरण उप जिला अधिकारी के अधिकार क्षेत्र का है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या उप जिला अधिकारी को फोन कर बताई। उन्होंने सप्लाई इंस्पेक्टर को अवगत करा दिया। फिर भी राशन डीलर पर अधिकारियों के आदेश का कोई असर नहीं पड़ा । करीब 150 कार्ड धारक राशन लेने से वंचित हैं।



राशन न मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते ग्रामीण। अमृत विचार

रविवार सुबह जब दोनों गांव की कार्ड धारक गांव पत्तापुरा में राशन लेने पहुंचे तो राशन डीलर ने उनको वहां से भगा दिया

ग्रामीण संजीव कुमार, देवी कुमारी, शकुंतला देवी, अंकित कुमार, कांति देवी , सुनील कुमार , ममता देवी राम बेटी , सूरज सिंह , जितेंद्र कुमार, ज्ञान श्री , सतीश कुमार , अवधेश कुमार, गांव वजीरपुर संजीव कुमार, नरेश बाबू , रामकिशन , रेनू देवी , सीमा कुमारी , शांति देवी , अरुणा देवी आदि ग्रामीण राशन लेने के लिए गांव पत्तापुरा में राशन डीलर के यहां पहुंचे तो उनको वहां से भगा दिया । रास्ते में ग्राम प्रधान पत्तापुरा व जिला पंचायत सदस्य के सामने अपना दुखड़ा रोया लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ । इस मामले में जब सप्लाई इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार से बात की तो उन्होंने बताया राशन डीलर को 27 तारीख तक का टाइम दे दिया गया है । अगर अगूपुरा व वजीरपुर में कार्ड धारकों को राशन नहीं दिया गया तो डीलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत से मचा कोहराम

**इटावा।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक फॉलोवर समेत दो की मौत हो गई।

पहली घटना वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा मैनपुरी रोड पर नगला बरी के पास हुई । जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक से जा रहे फॉलोवर की मौत हो गई। पुलिस लाइन में फॉलोवर के रूप में तैनात अनिल कुमार पांडे 45 वर्ष पुत्र राजेंद्र प्रसाद पांडे अपनी बाइक से किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब वह नगला बरी के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। उसे इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

दूसरी घटना सैंफई थाना क्षेत्र के अंतर्गत टिमरूआ चौराहे के पास शनिवार को देर शाम को हुई। जहां बाइक से आ रहे राम नरेश 47 वर्ष पुत्र राजा राम निवासी चंदे पुरा परासना को तेजी से आ रहे ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में राम नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### बाइक की टक्कर से घायल

**भरथना, इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र में समसपुरा और भरथना मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने मोपेड सवार गांव लालपुरा के राजेश कुमार को टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर मानते हुए राजेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के भतीजे संदीप ने बताया चाचा राजेश होली के त्योहार का सामान खरीदने भरथना जा रहे थे, रास्ते में बाइक सवार हादसे को अंजाम देकर भाग गया।

जांच-पड़ताल | सौ बोतलें बिना ई पाश मशीन से बेची गईं, एक दुकानदार को दिया गया नोटिस और मांगा गया जवाब

# अवैध शराब की बिक्री रोकने को जांचीं दुकानें

संवाददाता ऊसराहार/बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** अवैध शराब की बिक्री रोकने के उदेश्य से तहसीलदार ताखा असलम ने आबकारी निरीक्षक जितेंद्र के साथ शराब की दुकानें चेक की।

ग्राम पटियात की जयसिंह पुरा, ग्राम ताखा और ग्राम कौवा की छिरियाहर दुकानों की जांच की गई सभी दुकानों पर शराब की बिक्री को ई पॉश मशीन से ही करने के निर्देश जारी किये गए । इसके बाद भी छिरियाहार में शराब की दुकान पर 218 बोतलों की बिक्री में से सौ बोतल बिना ई पाश मशीन से ही बिक्री कर दी गई। तहसीलदार ने सैल्समैन से बिना ई पाश मशीन के बिक्री किए जाने की जानकारी मांगी तो वह कोई जवाब नहीं दे सका।



शराब की दुकान की चेकिंग करतीं एसडीएम दीपशिखा सिंह। अमृत विचार

रविवार को एसडीएम भरथना सुशांत श्रीवास्तव ने तहसीलदार राजकुमार सिंह व आबकारी इंस्पेक्टर रंजीतसिंह के साथ अंग्रेजी, देशी व बीयर की दुकानों को चेक किया। बकेवर में अंग्रेजी शराब की दुकान पर अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक बिक्री होने को एसडीएम ने नोटिस दिया हालांकि उन्होंने बाद में इसे होली के त्योहार के चलते बिक्री होने की बात कही। एसडीएम ने बताया की त्योहार को लेकर प्रशासन पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने बकेवर लुधियानी, लखना भरथना की शराब की दुकानों को चेक किया गया।

### एसडीएम ने शराब की दुकान का किया निरीक्षण

**सैफई, इटावा।** एसडीएम दीपशिखा, सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम, आबकारी विभाग की टीम व सैफई थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने पुलिस के साथ रविवार को क्षेत्र में संचालित शराब की दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने दुमीला तिराहे के नाम से संचालित बीयर व अंग्रेजी शराब की दुकान, ग्राम गीजा, उझियानी में संचालित देशी शराब की दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने शराब की बोतलों का आबकारी विभाग के ऐप से स्कैन कराकर वैधता का निरीक्षण किया। उन्होंने शराब विक्रेताओं को चेतावनी भी दी कि वह प्रतिबंधित और अवैध शराब कतई न रखें और न अपने आसपास बिकने दें। दुकानों पर लगे सीसी कैमरों में स्पष्ट दिखाई न देने पर नाराजगी जतायी और संचालक को निर्देश दिया कि कैमरे ठीक कराए जाएं। इस दौरान तहसीलदार जावेद अंसारी, नायब तहसीलदार अल्क शुक्ल मौजूद रहे।

### चेकिंग के दौरान दो कारों से साढ़े नौ लाख रुपया बरामद

**जसवंतनगर, इटावा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन चेकिंग अभियान चला रहा है। शनिवार की देर शाम को डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा की मौजूदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में बॉर्डर पर स्थित जौनई चौकी के पास नेशनल हाईवे पर मैनपुरी-इटावा जिले की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान आगरा की ओर से आ रही दो कारों को चेक किया गया तो दो कारों से 9 लाख 50 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने कार सवारों से रुपयों के बारे में उचित दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने रकम को जब्त कर लिया। पुलिस ने लगभग तीन सौ से ज्यादा वाहनों को चेक किया गया।

# 11 वर्षीय हम्माद ने भी रखा रोजा

**इटावा।** मुकद्दस रमजान के दूसरे इतवार को परिजनों के साथ 11 वर्ष के मोहम्मद हम्माद खान ने भी रोजा रखने की जिद की। रमजान के दूसरे इतवार की सहरी के बाद रोजा रख लिया। इटावा उर्दू मोहल्ला निवासी वासिफ अख्तर के 11 वर्षीय पुत्र हम्माद खान ने पहले रोज से माता-पिता से जिद की। माता-पिता ने अपने बालक को बहुत समझाया कि अभी रोजा नहीं रखना है । बेटे के जिद के आगे परिजनों ने हार मानकर रोजा रखने की इजाजत दे दी। उन्होंने परिवार के साथ सहरी कर रोजा रखा । हम्माद ने रमजान के दूसरे इतवार को अपना पहला रोजा पूरा किया। रोजा रखने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल रहा।



हम्माद खान।

## सार-संक्षेप



आयोग की सदस्य डॉ. सीमा शाक्य का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षक एसोसिएशन ने किया डॉ. सीमा का स्वागत

**इटावा।** अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की नवनियुक्त सदस्य डॉ सीमा शाक्य से उनके आवास पर मिलकर स्वागत किया तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव के साथ संगठन के पदाधिकारियों विनय कुमार, संदीप कुशवाहा, सुमित नारायण दीक्षित, अखिलेश कुमार, कवल किशोर, उमाकांत, प्रभाकर बघेल, विवेकराज दुबे,खुशनुमा बानो,संजय सिंह,सुनील यादव,तिलक सिंह ने चयन आयोग की सदस्य डॉ सीमा शाक्य,पूर्व सांसद रघुराज शाक्य,वरिष्ठ कर्मचारी नेता रामकरन शाक्य को प्रतीक चिह्न भेंट कर,शॉल व संगठन की पट्टिका ओढ़ाकर,माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। संगठन ने अपनी मांग से भी उन्हें अवगत कराया।




एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते डीन डॉ. एनके शर्मा। अमृत विचार

### तकनीकी शिक्षा हासिल कर बनें जॉब प्रोवाइडर

**इटावा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम का समापन बुलाकीपुर लुहन्ना में किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा ने कहा कि आप लोगों को तकनीकी शिक्षा के साथ अपने आपको प्रगतिशील भारत के साथ विकसित होना है। उन्होंने आह्वान किया की हम सब लोग जॉब प्रोवाइडर बने न कि जॉब प्राप्त करने वाले। इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर डॉ देवेंद्र सिंह , डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ प्रदीप सिंह भदौरिया, डॉ अखिलेश कुमार सिंह, डॉ आशीष कुमार ,इंजीनियर पंकज कुमार,सर्वेश त्रिपाठी, मान सिंह,धीर सिंह,आदि लोगो का सराहनीय योगदान रहा। महाविधालय परिवार संत विवेकानंद के प्रधानाचार्य डॉ आनंद को हार्दिक धन्यवाद दिया जिन्होंने विद्यार्थियों को उत्तम यातायात की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध करवाई।




शहीदों को श्रद्धांजलि देते किसान नेता मुकुट सिंह। अमृत विचार

### देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कराना ही शहीदों को श्रद्धांजलि

**इटावा।** शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के शहादत दिवस पर संयुक्त किसाना मोर्चा और जनवादी नवजवान सभा ने संयुक्त रूप से सिविल लाइन कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मुकुट सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजली देते हुए इनसे प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद से बेखौफ लड़ते हुए देश की आजादी कें संघर्षो में चार चांद लगाये थे। आज देश को कारपोरेट, साम्प्रदायिक भ्रष्ट गठजोड के चंगुल से मुक्त कराना ही शहीदो को सच्ची श्रद्धांजली होगी। मुकुट सिंह ने आगे कहा कि बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई आदि से जनता जूझ रही है । किसानों, मजदूरों, युवाओं सहित अन्य तबकों से वादाखिलाफी कर उन्हें धोखा दिया जा रहा है। सत्ता के लिए नफरत, घृणा फैलाकर धुरवीकरण किया जा रहा है। डीवाईएफआई के जिलामंत्री नरेन्द्र शाक्य ने कहा कि हमारे आदर्श भगत सिंह हैं। बेरोजगारी से युवा त्रस्त हैं, आजादी के बाद आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी की दर है। माकपा नेता प्रेमशंकर यादव, ओपी सिंह, ज्वाय मुखर्जी, संतोष राजपूत, अतुल, महेन्द्र भदौरिया, मनीष शाक्य आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष अखिलेश शाक्य एवं संचालन नरेन्द्र शाक्य ने किया ।

### छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए

**महेवा, इटावा।** सराय नरोत्तम स्थित अवध इंटरनेशनल एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पहली से तीसरी रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 की प्रिया यादव ने 98 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कालेज टॉप किया। विद्यालय के चैयरमैन आरडी त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य डॉ. ज्योति दुल्हानी ने कहा कि यह बच्चों की वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है। इसके साथ ही उन्होंने सबको जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया । वार्षिक परिणाम सुनकर बच्चे काफी खुश हुए। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। अपनी रचनात्मक प्रतिभा और तीव्र बुद्धिमता से जटिल संरचना पर आधारित संयंत्र के बेहतर तकनीक के जरिए प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के कक्षा 7 से 11 तक के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किए। इसमें ,सौर मंडल,पर्यावरण सुरक्षा,स्मार्ट सिटी, ह्रदय का कार्य, जल संयंत्र व सौर ऊर्जा सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया। हैंड एंड क्राफ्ट का प्रयोग करके प्रदर्शनी आयोजित हुई।



छात्र शिवांश को प्रशस्ति पत्र देतीं कक्षा अध्यापिका।

### भाजपा ने जनता को दिया धोखा : शिवपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा को बदायूं सहित समूचे प्रदेश में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। बदायूं की जनता का अपार स्नेह उन्हें मिल रहा है। पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है। हर वर्ग भाजपा की नीतियों से परेशान है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी इस चुनाव में भाजपा को हराएगी। होली के मौके पर इटावा पहुंचे श्री यादव ने पत्रकारों से कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। उनको इस चुनाव में कहीं कहीं प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। भाजपा ने जनता को धोखा दिया है, इसलिये अब चुनाव में जनता भी भाजपा को सबक सिखायेगी। दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि जहां जहां जिस जिस का कद बढ़ता है, उसी को ईडी सीबीआई के घेरे में लाया जाता है। इस बार जनता निर्णय करेगी, जिसने अच्छा काम किया है उसे जनता जरूर जिताएगी।



शिवपाल सिंह यादव।

### बच्चों ने स्कूल में जमकर खेली होली

**इटावा।** विकासखंड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके के बच्चों ने रंगोत्सव होली धूमधाम के साथ मनायी। शिक्षकों ने होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। शिक्षकों ने छात्र छात्राओं के साथ होली खेली। छात्रों ने फूलों, अबीर, गुलाल लगाकर शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षकों ने बच्चों से हर्बल रंगों से होली खेलने और रासायनिक रंगों से दूर रहने के लिए कहा। प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। शिक्षक राम जी शर्मा ने भारतीय संस्कृति के पर्व होली के बारे में विस्तार से बताते हुए पानी की बर्बादी को रोकने के लिए बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया। शिक्षक आदर्श कुमार ने होली मनाते समय रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

# सर्वार्थ सिद्धि योग में हुआ होलिका दहन

## जिले में रात सवा ग्यारह बजे से साढ़े बारह बजे तक जलाई गई 1700 स्थानों पर होली

कार्यालय संवाददाता,औरैया



**अमृत विचार।** होलिका दहन का पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसके बाद परेवा को होली का रंग पर्व हंसी-ठिठोली के साथआपसी मतभेद भूलाकर प्रेम-सद्भाव से मनाया जाता है। इस बार होलिका दहन जहां रविवार की रात को हुआ। जिले में सोमवार को रंगों की होली खेली जाएगी।

पंडित कन्हैया अवस्थी नें बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा होलिका दहन के अगले दिन रंग खेला जाएगा। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि रविवार को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू हुई। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा। होलिका दहन के दिन भद्रा सुबह 09:54 से लग गई और रात 11:13 बजे तक रही।

आचार्य ने बताया कि 24 मार्च को सुबह 6.20 बजे से 11:21 बजे तक रवि योग रहा, जबकि सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7:40 बजे से रात 12:35 बजे तक रहेगा। इसी दिन रात 834 वृद्धि योग शुरू होगा, जो अगली रात 9:30 बजे तक रहेगा। वहीं उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र रात 10:40 बजे तक रहा। इसके बाद हस्त नक्षत्र शुरू हो गया।

पूजन-अर्चन में किसी तरह का विघ्न नहीं आएगा। शास्त्रसम्मत मतानुसार रविवार को सवा ग्यारह बजे के बाद होलिका दहन किया गया।

गाय के गोबर के उपलों से होली माता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। गुझियों का भोग लगाया गया। अबीर और रंग से भगवान का तिलक किया गया। बाद में गेंहू की बाली के दानों का अर्पण करते हुए होली माता की परिक्रमा के साथ आशीर्वाद के रूप में भगवान से अभय मांगा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा के अनुसार जिले में 1700 स्थानों पर होलिका दहन हुआ।इस बीच पूरे जिले की पुलिस चाक चौबंद रही।

### होली पर किया हुड़दंग तो पहुंचोगे जेल

रंगों के त्योहार होली को लेकर पुलिस प्रशासन में अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में भी फोर्स की तैनाती की गई है। पर्व पर शराब के नशे में हुड़दंग करते पाए जाने पर हवालात की हवा भी खानी पड़ सकती है।

### एसपी ने सभी थानेदारों को दिए सख्त निर्देश

होली रंग पर्व पर जिले में पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर रहेगी। पुलिस कप्तान चारू निगम ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सतर्कता के साथ अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने के आदेश जारी किए हैं। जिसमें बताया गया है कि होली पर शरारती तत्व व अफवाहों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। स्वयं अपने-अपने इलाके में पड़ने वाले मुख्य बाजार, चौक-चौराहे, होटल-ढाबा, धर्मशाला, मस्जिदों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर पैनी नजर बनाए रखें। सुनिश्चित करें कि इन जगहों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति न ठहरे। वहीं जिला पुलिस से नशा तस्करों पर भी कड़ी नजर रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। लोग नशा बेचने वालों की सूचना स्थानीय थाना के सीयूजी नंबर पर र दे सकते हैं। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।



सुब्हान।

## ज्वेलर्स का नाबालिग पुत्र अचानक गायब गुमशुदगी दर्ज

**ऐरवा कटरा औरैया।** ऐरवा कटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरैन पुलिस चौकी कस्बा उमरैन निवासी शकील अहमद ने आज शाम थाने में गुमशुदी दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कल शनिवार दोपहर 2:00 बजे मेरा 12 वर्षीय पुत्र सुब्हान खेलने निकला।

लेकिन शाम तक वह वापस नहीं आया। रात भर काफी खोजबीन की कोई पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर दी गई तलाश जारी है।

# बुजुर्गों के लिए डाक मतपत्र की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र जारी होंगे

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र जारी होंगे। इससे ही वे मतदान कर पाएंगे। मतदाताओं का बीएलओ घर जाकर सर्वे करेंगे और इस दौरान उन्हें एक फॉर्म दिया जाएगा।

निर्वाचन आयोग की ओर से कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए, इसके लिए गाइड लाइन जारी की गई है। इसी क्रम में 85 वर्ष के ऊपर वाले मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा दी गई है। निर्वाचन आयोग के नए निर्देश के बाद इस बार जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा देगा। जिले में 85 से ऊपर के 7082 और 100 से ऊपर के 103 मतदाता हैं। इनके लिए जिला निर्वाचन विभाग की ओर से बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है।

बीएलओ घर-घर पहुंचकर ऐसे लोगों को चिह्नित करेंगे और उनसे फॉर्म भरवाएंगे ताकि पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया कराई जाएगा। संवाद

### बोले जिम्मेदार

जिले का कोई भी बुजुर्ग मतदान से वंचित न रहे, इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरवाएगा। ऐसे मतदाताओं को बैलट पेपर उपलब्ध कराया जाएगा।

– महेंद्र पाल सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# बढ़ते तापमान से सूख रहीं गेहूं की बालियां

कार्यालय संवाददाता औरैया



खेत में बढ़ते तापमान से पीली पड़ रहीं गेहूं की बाली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक सप्ताह से अच्छी धूप से तापमान में वृद्धि हो रही है। यह गेहूं की फसल के लिए नुकसानदेह है। इससे समय से पहले बालियां सूखने लगेंगी और दाने पतले हो जाएंगे। इसका असर पैदावार पर पड़ेगा।

जिले में करीब एक लाख तीन हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई हुई है। गेहूं में बालियां आ गई हैं। अब उसमें दाने बनने के साथ ही विकसित हो रहे हैं। ऐसे में गेहूं की फसल को दिन में 26 से 28 डिग्री सेल्सियस का तापमान ठीक माना जाता है। लेकिन इधर एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। इस समय दिन का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। जिसके कारण गेहूं की बालियों में समय से पहले पीलापन आता दिख रहा है।

हल्की सिंचाई करते रहें किसान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि लगातार बढ़ता तापमान खास कर गेहूं के फसल के लिए ठीक नहीं है। अधिक धूप से दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाएंगे। ऐसे में किसान गेहूं की हल्की सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें। नमी रहने से फसल पर तापमान का असर कम पड़ेगा और गेहूं के दाने विकसित हो जाएंगे।

# ताऊ ने बेटे के साथ भतीजों को जिंदा जलाया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विनोद।



बदलू।

- कसिगवां गांव में मौसेरे भाइयों को जिंदा फूंकने का मामला
- 20 लीटर पेट्रोल डाला था मृतकों पर, एक-एक लीटर के पाउच फेंके

**अमृत विचार।** कसिगवां गांव निवासी सुनील (22) उर्फ अनिल व उसके मौसेरे भाई राज उर्फ छोटू (20) की बीते 19 मार्च की देर रात घर में जिंदा जलने से मौत हो गई थी। परिजनों ने अनिल के ताऊ बदलू, उसके बेटे विनोद व राज के पड़ोसी कल्याण पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विनोद, कल्याण और बदलू को हिरासत में लिया था।

पूछताछ के दौरान बदलू व विनोद के हाथ व चेहरे में हल्के जले के निशान मिलने पर पुलिस को शक हुआ। विनोद व बदलू ने अपना जुर्म स्वीकार किया। रविवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी चचेरे भाई विनोद ने बताया कि अनिल करीब छह साल पूर्व अपने पैतृक मकान में रहने आया था। जनवरी माह में अनिल ने राज के साथ मिलकर उसके पिता बदलू के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद से वह बदला लेने की फिराक में था। घटना वाले दिन 19 मार्च को अनिल अपने बाथरूम में लिंटर डलवाने का काम कर रहा था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी।

### गाड़ी में भरवाया था 20 लीटर पेट्रोल

डीसीपी साउथ ने बताया कि अनिल पूर्व में गैस रिफिलिंग भी काम करता था। घटना को अंजाम देने के लिए विनोद ने तौधकपुर स्थित पेट्रोल पंप से दो बार में 20 लीटर पेट्रोल भरवाया और घर आकर टंकी से पेट्रोल निकाल कर एकत्र कर लिया था। इसके बाद अग्निकांड को गैस लीकेज का रूप देने के लिए वह गोविंद नगर से 2200 रुपये में एक बड़ा और एक छोटा सिलेंडर खरीद कर लाया, जिसमें सात किलो गैस भरवाई। इसके बाद कमरे में पेट्रोल डालने के बाद आग लगा कर सिलेंडर को खोल दिया, जिससे आग की लपटें सिलेंडर तक पहुंचते ही आग विकराल रूप हो जाये।

### एक बार भागे तो मारी पेट्रोल से भारी पॉलीथिन

हत्यारोपियों ने पेट्रोल की एक-एक लीटर की पॉलीथिन भी भर कर रखी थी। हत्यारोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतकों को पेट्रोल से सराबोर करने के बाद जैसे ही आग लगाई। वैसे ही मृतकों ने अचानक से उछल कर भागने का प्रयास किया, जिसके बाद दोनो हत्यारोपियों ने उन पर पेट्रोल से भरी पॉलीथिन उन पर मारी, जिसके बाद आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में उनकी जलकर मौत हो गई।

### चरित्रहीन साबित करने की कोशिश

हत्यारोपियों ने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम देने की योजना तैयार की थी। किसी को शक न हो इसके लिए हत्यारोपी ग्रामीणों के साथ आग बुझाने आए और अगले दिन विनोद पोस्टमार्टम हाउस व अंतिम संस्कार में भी शामिल होने गया। बदलू ने पुलिस को बताया कि गांव से भागने पर पुलिस को शक हो जाता, जिस कारण वह गांव में रहे। बताया कि मृतकों को चरित्रहीन साबित करने के लिए उन्होंने कमरे में शराब की बोतल के साथ आपत्तिजनक वस्तुएं भी रखी थीं।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता सहार/कुदरकोट, औरैया




- कुदरकोट थाना क्षेत्र में गपकापुर मोड़ पर हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** जिले की बिधूना तहसील के कुदरकोट थाना क्षेत्र की गपकापुर मोड पर रविवार की शाम बाइकों की आमने-सामने हुई। भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस में चारों को सीएचसी एरवाकटरा भेजा। जहां डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

एरवाकटरा थाना क्षेत्र के नहराबोझ निवासी गौरव यादव 18 पुत्र कृष्णचंद्र उर्फ भूरे यादव और हिमांशु यादव 17 पुत्र ब्रजेश यादव गांव से बाइक से रूरूगंज की तरफ आ रहे थे। वहीं भूरे उर्फ अनिरुद्ध जाटव 45 पुत्र नगला विजई थाना कुदरकोट, पिंटू जाटव 50 पुत्र जयराम सिंह निवासी छिबरामऊ कन्नौज के साथ एरवाकटरा की तरफ जा रहे थे। जैसे ही दोनों की बाइकें कुदरकोट थाना क्षेत्र में गपकापुर मोड़ के पास पहुंची ही थी। कि तभी अचानक से दोनों बाईकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से सभी घायलों को सीएचसी एरवाकटरा भेजा। जहां डॉक्टर ने गंभीर घायल पिंटू जाटव व गौरव यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई है। कुदरकोट थानाध्यक्ष पूजा सोलंकी ने बताया बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जबकि दो घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# भीड़ के धक्के से प्लेटफार्म-ट्रेन के बीच फंसी युवती, मौत

## पति-बेटे और बहन के साथ त्योहार पर अपने गांव जा रही थी, पुराना शिवली रोड पर रहती थी, पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रेलगाड़ी में चढ़ने की कोशिश करती भीड़। अमृत विचार



ट्रेन में खड़े लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्टेशन पर भारी भीड़ के बीच ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़े यात्रियों का धक्का लगने से एक युवती ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच गिरकर फंस गई। जब तक ट्रेन रोकी गई, युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



अंशु यादव।

होली पर घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ रविवार सुबह से ही कल्याणपुर स्टेशन पर थी। कन्नौज से फर्रुखाबाद जाने वाली पैसेंजर सुबह 5.20 बजे कल्याणपुर स्टेशन पहुंची तो ट्रेन में चढ़ने के लिए भीड़ दौड़ पड़ी। मूलरूप से कन्नौज निवासी अवधपाल अपनी 22 वर्षीय पत्नी अंशु यादव, चार वर्षीय बेटे यश व साली राखी के साथ घर जाने के लिए स्टेशन पर बैठे थे। ट्रेन रुकते ही वह भी सामान लेकर ट्रेन पर चढ़ गए। अंशु चढ़ रही थी कि तभी ट्रेन चलने लगी।

इसी बीच ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़ रहे यात्रियों का धक्का अंशु को लग गया और वह प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच गिरकर फंस गई। हो-हल्ला होने पर जब तक ट्रेन रुकी, अंशु गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस उसे समीप के एक अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के अनुसार एक दिन पहले ही घर जाने का प्लान था, मगर खरीदारी व अन्य कारणों से नहीं जा सके। क्या पता था त्योहार के दिन ऐसा हो जाएगा।

### धक्कामुक्की करते ट्रेन में चढ़े, सीट के लाले

**कानपुर।** होली पर घर पहुंचने की जल्दबाजी में सिर पर बैग लादे लोग सेंट्रल के प्लेटफार्म व झकरकटी बस अड्डा पर दौड़ते-भागते दिखे। स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों ने जमकर धक्कामुक्की की। यही हाल बस अड्डा का रहा। फर्क इतना रहा कि ट्रेन में बैठने के लिए सीट नहीं मिली और बसों में थोड़ा इंतजार के बाद सीट मिल गई। रेलवे ने करीब तीन दर्जन होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है मगर होली स्पेशल ट्रेनें त्योहार पर नाकाफी साबित हुईं। यात्री जमकर बेहाल हुए। घर जाने के लिए प्लेटफार्मों पर कई घंटे इंतजार करना पड़ा। सेंट्रल के सभी प्लेटफार्म पर जबरदस्त भीड़ रही। ट्रेनों में चढ़ने के लिए यात्रियों को जमकर धक्कामुक्की करनी पड़ी। अनवरगंज और गोविंदपुरी स्टेशनों पर भी यात्रियों को ट्रेन में बैठने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। झकरकटी बस अड्डा पर भी यात्रियों की जमकर भीड़ रही। बुंदेलखंड रूट पर ज्यादा बसें न होने के कारण यात्री परेशान रहे।



महिला थाना में एक साथ खड़े दंपती।

## पांच बिछड़े परिवारों को फिर से मिलाया

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी रीना गौतम की अध्यक्षता में रविवार को 15 फाइलें दायर की गई।

पांच परिवार को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे। एक-दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थ, जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था। उन्हें समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हसी खुशी बिदा किया गया। बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है।

सियासत

औरैया में सामान्य तो दिबियापुर व बिधूना में ओबीसी व एससी तय करेंगे जीत

# जातीय दबदबे में उलझेंगे जीत के समीकरण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव 2024 की बिसात बिछनी शुरू हो गई है। राजनीतिक दलों के जिला पदाधिकारियों ने माहौल को भांपना शुरू किया है। जिले में पड़ने वाली इटावा व कन्नौज लोक सभा सीटों पर मतदान काफी कुछ जातीय समीकरणों के इर्दगिर्द नजर आने वाला है।

जातीय दबदबे के फेर में प्रत्याशियों के जीत के समीकरण उलझेंगे। जिले के दायरे में आने वाली दोनों सीटों के प्रत्याशियों को एक साथ बहुतायत में जातीय समीकरणों को साधना आसान नहीं होगा। विधानसभा स्तर पर चुनावी समर के लिए सूत्रों से मिली जानकारी पर आधारित आंकड़ों के तहत औरैया में सामान्य वर्ग की कुल मतदाताओं में हिस्सेदारी को लेकर सबसे ज्यादा 33.30 फीसदी है। यहां अन्य पिछड़ा वर्ग दूसरे नंबर पर 30.34 फीसदी के करीब है। जबकि अनुसूचित जाति व जनजाति 30.03 फीसदी है। इसमें अल्पसंख्यक मात्र 6.21 फीसदी है। यहीं आंकड़े दिबियापुर विधानसभा पहुंचते ही काफी कुछ बदल जाते हैं। सामान्य वर्ग जहां 27.69 फीसदी है। वहीं, अन्य पिछड़ा वर्ग एक मुश्त 41.84 फीसदी के साथ बहुतायत में फीसदी हैं। औरैया से लेकर दिबियापुर व बिधूना तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पड़ने वाली इटावा व कन्नौज लोकसभा सीट के लिए दावेदारों को इस जातीय समीकरण पर अपनी जोर आजमाइश करनी होगी।

### अन्य पिछड़ा वर्ग

अन्य पिछड़ा वर्ग यादव, राजपूत (वर्मा), कुशवाहा, पाल, निषाद, नाई व अन्य अनुसूचित जाति व जनजाति- दोहरे, कठेरिया, कोरी, बाल्मीकि, दिवाकर व अन्य। अल्पसंख्यक पठान, कुरैशी, मंसूरी, सिद्दीकी व अन्य।

**मतदाताओं की स्थिति पर एक नजर**

| औरैया-विधानसभा क्षेत्र | प्रतिशत | मतदाता |
|---|---|---|
| सामान्य | 33.30 | 1,10200 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 30.34 | 100420 |
| अनुसूचित जाति व जनजाति | 30.03 | 99400 |
| अल्प संख्यक | 6.21 | 20580 |
| **दिबियापुर - विधानसभा क्षेत्र** | **प्रतिशत** | **मतदाता** |
| सामान्य | 27.69 | 89110 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 41.84 | 134600 |
| अनुसूचित जाति व जनजाति | 27.01 | 86900 |
| अल्प संख्यक | 3.41 | 10980 |
| **बिधूना - विधानसभा क्षेत्र** | **प्रतिशत** | **मतदाता** |
| सामान्य | 24.45 | 88650 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 44.56 | 161575 |
| अनुसूचित जाति व जनजाति | 26.01 | 94300 |
| अल्प संख्यक | 4.98 | 18000 |

## कृष्णा की सोलर कार का वर्किंग मॉडल बना विजेता

**फफूंद, औरैया।** ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर में छात्र ने 19 मार्च को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय दिबियापुर में आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक विकासखंड से चयनित प्रथम 10 छात्रों ने प्रतिभाग किया। 7 विकास खण्डों के 70 छात्र व नगर क्षेत्र औरैया से सात समेत कुल 77 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया। शीर्ष 10 छात्रों को विजेता घोषित किया गया। जिसमें से उच्च प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर के कक्षा 8 के छात्र कृष्णा राठौर ने सोलर कार का प्रदर्शन किया। यह सोलर कार का वर्किंग मॉडल था। उनको इस प्रतियोगिता में विजयी घोषित किया गया।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : 10/379 रमेणी (तरौंस) हमीरपुर, उत्तर प्रदेश– 210301
परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के नियम 8(1) के अन्तर्गत
कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को 19.12.2023 तिथि को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक), शाखा कबरई, महोबा के प्रभार के अधीन होगा।
साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | शाखा: कबरई, जिला महोबा, मो. नं. 9911048033 | | कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
| 1. | ऋणी एवं बंधककर्ता: मेसर्स नागेंद्र इंफ्रास्ट्रक्चर, पता: बघवा, कबरई, महोबा -210421 प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता: श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, निवासी: भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा | संपत्ति के सभी भाग जो आराजी संख्या 92, मौजा–बघवा कबरई, तहसील एवं जिला महोबा में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल: 10800 वर्ग मीटर और जो श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी के नाम है। चौहद्दी: पूर्व: गाटा संख्या 94, पश्चिम: चक रोड़, उत्तर: चक रोड़, दक्षिण: गाटा संख्या 93, | 19.12.2023 रू. 74,18,747.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय<br>19.03.2024 रू. 74,18,747.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 25.03.2024 स्थान: महोबा प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पत:।
सर्वत: सारमादद्यात् अश्मभ्य इव काञ्चनम् ॥

व्यर्थ बोलने वाले, मंदबुद्धि तथा बेसिर-पैर की बोलने वाले बच्चों से भी सारभूत बातों को ग्रहण कर लेना चाहिए। जैसे पत्थरों में से सोने को ग्रहण कर लिया जाता है।

## संपादकीय

# होली और लोकतंत्र का पर्व

होली प्राचीन समय से ही विशेष महत्व का पर्व रहा है, जो समाज में उमंग के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। होली न केवल भारत में,बल्कि संपूर्ण विश्व में अलग-अलग ढंग से मनाया जाने वाला त्योहार है। होली सबका उत्सव है। मनुष्यों के साथ देवों का भी। इसमें गरीब, अमीर का भेद नहीं है। श्वेत-श्याम, वर्ण-सवर्ण सभी साथ-साथ होली खेलते हैं। होली पर भारत सामगान हो जाता है। होली गीतों में व्याकरण नहीं चलता। यहां आनंद ही संज्ञा है और आनंद ही सर्वनाम। अन्य उत्सवों के भांति होली का कोई सुव्यवस्थित ढंग नहीं है। होली में आनंद ही गोत्र है और आनंद ही सबकी जाति। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है,'सैषा आनंद मीमांसा भवति।' कहते हैं कि मनुष्य स्वस्थ हो। शिक्षित हो। बल संपन्न हो। धन संपदा हो, यह मनुष्य को आनंद से भरता है, लेकिन इसका सौ गुना आनंद मनुष्य गंधर्व आनंद होता है। गंधर्व आनंद गीत-संगीत और नृत्य से परिपूर्ण होता है। इसमें शीत और ग्रीष्म का मिलन है। यहां मर्यादा, शील और स्वच्छंदता साथ-साथ है। होली असंभव को संभव करती है।

इस बार होली के साथ देश में लोकतंत्र का पर्व भी शुरू हो चुका है। भले ही लोकतंत्र का पर्व पांच साल बाद आता है, लेकिन इस बार होली के साथ इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। एक ओर होली के गीत हवा में तैर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर चुनावी नारे भी हवा तैरने लगे हैं। साथ ही जिस तरह होली पर होलियारे अपने साथियों को रंगने के लिए घेराबंदी और जुगत लगाते हैं, उसी प्रकार चुनावी होलियारों की भी लोकतंत्र के पर्व पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को हार के रंग में रंगने की भी जुगत शुरू हो चुकी है। नेताओं को यहां होली से भाईचारे की सीख लेते हुए यह बात याद रखनी होगी कि उनका विरोधी सिर्फ चुनावी प्रतिद्वंद्वी है, न कि उनका दुश्मन है। देश में जिस तरह राजनीतिक विद्वेष और वैमनस्यता बढ़ रही है, राजनेताओं को चाहिए कि होली की आग में उसका दहन कर देश और समाज को एकता और सद्भावना का संदेश दें। इसी तरह देश की आवाम भी अपने आपसी द्वेष, ईर्ष्या और कटुता को त्याग कर होली पर्व के भाईचारे के संदेश को आत्मसात कर समाज की एकता के लिए आगे आए। यह इसलिए भी जरूरी है कि जब देश के विभिन्न क्षेत्रों में नकारात्मकता बढ़ रही है, तब इसकी आवश्यकता कहीं अधिक है कि होली के माध्यम से आपसी एकता, शांति एवं सद्भाव के रंगों को और गाढ़ा किया जाए। यह बात सभी को समझनी होगी कि सामूहिक समाज ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि इस होली पर आपसी प्रेम और सकारात्मकता के विविध रंगों से तन के साथ मन भी भीगे।

# वसंत के मादक मधुमास में काम- रति का राग-रसोत्सव



डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

चातुर्मास का मतलब चारमास चतुराई से चित्त-मन की चंचलता को एक जगह सुस्थिर दत्तचित्त एकाग्र करके साधना करें। गमनागमन का निषेध। यह धूमावती-ज्येष्ठा ( निऋति) की विधिवत उपासना का काल है। दस महाविद्याओं में यह लक्ष्मी की विधवा बड़ी बहन हैं। वसंत प्रेम-सौन्दर्य, गीत-संगीत का मधुमय काल है।

होली फाल्गुन मास के वसंत ऋतु में होती है। नक्षत्रों की नामावली में फाल्गुन दो हैं। एक पूर्वा फाल्गुन और दूसरा उत्तरा फाल्गुन। इन्हीं के नाम पर फाल्गुन मास का नामकरण हुआ है। महाभारत में इसका निर्वचन इस प्रकार किया गया है, उत्तराभ्यां फल्गुनीभ्यां नक्षत्राभ्यामहं दिवा। जातो हिमवतः पृष्ठे तेन मां फाल्गुनं विदुः। इसे वसंत काल कहा गया है। बोधायन के गृह्यसूत्रों में राशियों के नामादि मिलते हैं,मीनमेषयोर्मेषवृषयोर्वा वसंतः। अर्थात् मीन-मेष और विकल्प से वृष राशि को वसंत लिखा है। फाल्गुन में होली तक का समय वसंत होता है। वसंत का परिपक्व रस ही मधुमास का काल है,चैत्र और वैशाख। चित्रा से चैत्र बना है। इस चन्द्रमास का नामकरण चित्रा नक्षत्र पुंज में चन्द्रमा के स्थित होने के कारण पड़ा है। ज्योतिष में भी चैत्र को मधु कहा गया है और वैशाख को माधव, मधुस्तथा माधवसंज्ञकश्च। विशाखा नक्षत्र है। विशाख से ही वैशाख बना है। यह चन्द्रमास का दूसरा महीना है। मधुमास काम का सखा है। मधु मायने सुमन (फूलों का) रस,शहद-मकरंद अर्थात रसराग-रंग का महीना। यह मदनोद्दीपक होता है। अतः ऋतुओं का यौवन-उल्लास और आनंद है वसंत। प्रकृति की पल्लवित-पुष्पित प्रेमाभिव्यक्ति है वसंत। इसमें सुगंध है,मस्ती है। मतवालापन-मादकता और अल्हड़पन है। इस समय पराग-पूरित पवन,विविध वर्णी-बहुरंगी पुहुप खिल उठते हैं। मधूक-मधूलिका, पलाश-सेमल के विकसित पुष्पों के सौंदर्य-सुगंध से खेत,वन-बागों में बहार आ जाती है।

रंग-बिरंगी चिड़ियां चहकने लगती हैं। कोयल कुहकने लगती है। उसकी काकली में मधुरिमा घुली होती है। यह प्रकृति की भाषा,बात- बतकही को सुनने-समझने का महीना है। प्राकृतिक वनस्पतियों के विभिन्न कुल-गोत्र गमक-महक और खिल उठते हैं। संवेदना का विस्मय-विमुग्धकारी विस्तार हो जाता है। रागरस चूने-टपकने लगता है। रसाल बौरा जाते हैं। उनसे मदगंध गिरने लगता है। उसे पीकर भौरें मदमस्त-मतवाले होकर भनभनाने लगते हैं। गली-गली, क्यारी-क्यारी मुकुलित कलियों को भी छेड़ने लगते हैं। हमारे यहां षड्ऋतु वर्णन है। बारहमासा गाया-

रंग-बिरंगी चिड़ियां चहकने लगती हैं। कोयल कुहकने लगती है। उसकी काकली में मधुरिमा घुली होती है। यह प्रकृति की भाषा, बात- बतकही को सुनने-समझने का महीना है।

बजाया जाता है। बारह महीनों के पृथक-पृथक सूर्य होने के कारण द्वादशादित्य हैं। विष्णु पुराण और महाभारत में उनका नामोल्लेख किया गया है। मकर के सूर्य से दो-दो राशिगत सूर्य के कारण छः ऋतुएं होती हैं। मकर-कुंभ (शिशिर), मीन-मेष (वसंत),वृष-मिथुन(ग्रीष्म),कर्क-सिंह (वर्षा), कन्या-तुला (शरद),वृश्चिक-धनु(हेमंत) ऋतुओं से ही मासों का भी विभाजन है। पावस (सावन-भादों),शरद (आश्विन-कार्तिक),हेमंत (मार्गशीर्ष अर्थात् अगहन-पूस), शिशिर (माघ-फाल्गुन), लेकिन इस पर वसंत का आधिपत्य हो गया है और शिशिर सुटुक गया है। वसंत (चैत-वैशाख) और ग्रीष्म (ज्येष्ठ-आषाढ)। इनमें चातुर्मास ऋतुओं का,प्रकृति का संन्यासाश्रम है। यह नदियों के रजस्वला होने का काल है। इसलिए इस महीने में नदी स्नान का निषेध है।

चातुर्मास का मतलब चारमास चतुराई से चित्त-मन की चंचलता को एक जगह सुस्थिर दत्तचित्त एकाग्र करके साधना करें। गमनागमन का निषेध। यह धूमावती-ज्येष्ठा ( निऋति) की विधिवत उपासना का काल है। दस महाविद्याओं में यह लक्ष्मी की विधवा बड़ी बहन हैं। वसंत प्रेम-सौन्दर्य,गीत-संगीत का मधुमय काल है। इनसे संबंधित देवताओं की उपासना का पर्व है। यह ऋतुओं के यौवन में श्रृंगार का संचारी भाव है। कामदेव-रति, मातंगी-गंधर्व, अप्सराएं, यक्ष-यक्षिणियों की वैभव-ऐश्वर्य हेतु साधना-सिद्धि का उपयुक्त समय है,वसंत और मधुमास। अप्सरा की साधना-सिद्धि हेतु सर्वाधिक सशक्त समय है यह। अद्भ्यः सरन्तीति अप्सराः। जल से उत्पन्न होती हैं, इसलिए अप्सरा कही जाती है। जलक्रीड़ा इन्हें अतीव पसंद भी है। आगमोपासना में सम्मोहन-वशीकरण के काम्यप्रयोग उक्त महीने में ही किए जाते हैं। वैसे तो प्रतिदिन प्रातर्वेला (सूर्योदय) से नौ बजे तक वसंतकाल रहता है। इस अवधि में भी ये प्रयोग प्रशस्त कहे गए हैं। क्रूर दिन-तिथि को छोड़कर। इस समय समग्र प्रकृति पुष्पों-मंजरियों से लद जाती है। गदरा जाती है। प्रमदा हो जाती है। मदमस्त-मस्त हो जाती है। इसलिए इसे ऋतुराज कहते हैं। शिशिर का माघ-फाल्गुन वसंत है। चैत-वैशाख मधुमास है। मधुमास में फसलों का रस पक जाता है। राम का आविर्भाव इसी मास में हुआ था, नौमी तिथि मधुमास पुनीता। सुकल पक्ष अभिजित हरि प्रीता। तभी तो वह सो आनंद सिंधु सुखरासी हैं। आज फाल्गुन शिशिर से खिसक करके वसंत का हो गया है। इसकी पूर्णता का अंतिम दिन रंगपर्व है। इसके बाद चैत-चैती विरह-वेदना के दिन शुरू हो जाते हैं। वसंत का प्राणधाम है काम। कामदेव, सृजन-सृष्टि की कामना के संचार का देवता। प्रेम-श्रृंगार, सौन्दर्य का उपासक। रतिराग भैरव हैं। रति इसकी भैरवी और राग है भैरव। प्रकृति के प्यार का मधुर महोत्सव है। कामदेव की पत्नी रति अप्रतिम सौन्दर्य-लावण्यमयी देवी है। काम पुरुष है और रति स्त्री। रति प्रेम या अनुराग को उत्पन्न करती है। यह छठीं अवस्था है। तुलसीदास ने तो उदात्त चरितनायक अपने आराध्य के सामने काम के सौन्दर्य को म्लान कर दिया,कोटिक काम लजावन हारी। राम के सम्मुख करोड़ों काम निस्तेज हो भी कैसे न जो श्री जी की देहद्युति की विच्छुरित सौन्दर्य-छवि से संसिक्त हैं राम। सीता जी उनकी आह्लादिनी चिद्शक्ति उनसे अभिन्न हैं। उनमें घुलीमिली है उनकी अपार सौंदर्यराशि। जैसे शब्द में ध्वनि- अर्थ और जल में तरंग। मदन मन को प्रफुल्लित कर देता है,माद्यति अनेन मदनः। मदयतीति मदनः अर्थात् आनंद प्रद। मादक-आनंददायक,पागलपन। भौरें पगला जाते हैं। हर्षोत्साह से भर देता है। संकल्प-विकल्पात्मक मन को मथ देता है, इसलिए मन्मथ है, मनः मथ्नाति मन्मथः। इसलिए यह प्रेम-पुलक देवता है। तप के रंग में भंग डालकर साधक की साधना-संयम को बदरंग करना इसका सहज स्वभाव है। मन से जायमान उत्पन्न होने के कारण यह मनोज- मनसिज (मनसि+जन) है। इसकी उत्पत्ति शरीर में गुदगुदी वाले स्थान से है। नीलगिरि पर्वत पर तपरत शिव ने अपने अग्नि वाले तीसरे नेत्र की धधकती क्रोधाग्नि ज्वाला से दग्ध करके काम को अनंग कर दिया। बाद में सुरों की स्तुति-विनयाधान से आशुतोष ने प्रमन प्रसन्न होकर सबके चित्त चंचरीक में बसने का वरदान प्रदान किया। यह सृजन के लिए समुद्यत करता है। यह विश्वकेतु है। पूरे विश्व के मनरूपी डंडे में इसका केतु (झंडा) लहराता-फहराता रहता है। इसे मीनकेतु भी कहते हैं। मीन-ध्वजधारी है यह। मकरध्वज भी इसका पर्याय है। मकर (घड़ियाल) और मछली जिसके ध्वज पर स्थित हों। यह इक्षुदंडधारी है,इष्यते असौ माधुर्यात्। यह मीठा होता है। भोग-मोक्षप्रदायिका तंत्रोपासिता श्रीविद्या-षोडशी का भी यही अस्त्र है। काम को पुष्पसायक-पंचशर या पुष्पचाप, पुष्पधंवा, कुसुमशर भी कहते हैं। पांच पुष्प उसके बाण हैं,अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका। नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः। कार्य के प्रभाव की दृष्टि से इन्हें भी पंचबाण कहा गया है,उन्मादनस्तापनश्च शोषणः स्तम्भनस्तथा। संमोहनश्च कामस्य पञ्च बाणाः प्रकीर्तिताः॥ उज्ज्वलनीलमणि के अनुसार काम की दस दशाएं होती हैं।

वसंत-मधुमास एवं मदनोत्सव का रस और रंगों से गहरा संबंध है। नौ ग्रहों का राजा सूर्य रंगों का आदि स्रोत है। सुगंध का संबंध पृथ्वी से है,इसलिए न्यायशास्त्र परिभाषित करता है, गंधवती पृथिवी। उदय से लेकर अस्त तक सूर्य की सप्तरंगी किरणें-रश्मियां पृथ्वी को आच्छादित- आह्लादित करती हैं। सात रंग ही सूर्य के घोड़ों के प्रतीक हैं। गुलाबी-लाल रंग मन को प्रेम-सौन्दर्य और शौर्य की ओर आकृष्ट करता है। नीला सकारात्मक सोच, नारंगी सात्त्विक ऊर्जा-उत्साह,पीला सात्विक बुद्धि-स्तंभन,बैगनी राजसभाव, आसमानी आकाश का रंग ज्ञान की व्यापकता का, क्योंकि शब्दगुणकमाकाशम्। शब्द का आश्रय आकाश है। शब्द आकाश का गुण है। आकाश विभु है। विस्तृत है। अनंत है। शब्द की ध्वनि-तरंगें आकाश में विलीन हो जाती हैं। ये सारे रंग शरीर में भी भरे हैं। ये रंग कुण्डलिनी सहित अष्ट चक्रांकित शरीर की यौगिक शक्ति को जाग्रत करते हैं। वसंत और मधुमास में रसरंगों का बृहद विस्तार हो जाता है। विविध रंग के पुष्प विकसित होते,खिलते हैं। यह ऋतु रोगरोधक औषधीय मधु शहद का भी प्रबल स्रोत है।

## प्रसंगवश

# होली की लोक परंपरा

होलिका दहन पर शहर के चौराहे-चौहारे,गली-कूचों में होलिका लगा दी जाती है। सड़क के पार्कों के हरे पेड़ काटकर होलिका में कूड़ा करकट पुराने सड़े गले सामान के साथ लकड़ी के कुंदे भी डालकर होलिका माता बना दिया जाता है।



होलिका दहन का एक महत्वपूर्ण अंग था कि होलिका की आग को अपने घर ले जाते थे और चूल्हे में रखते थे।

यह हमारी उत्सवधर्मिता है, धर्मप्राण चंदा उगाहू युवा वर्ग की धार्मिकता है जिसका चरम दर्शन होलिका दहन के बाद होली खेलने में दिखाई पड़ता है। प्रहलाद और उसकी बुआ होलिका के मिथक से इतर लोक परंपरा में हर गांव में होली का एक चौरा होता था,हर परिवार अपनी क्षमता के अनुसार होलिका में लकड़ी डालता था। होलिका जलने के पहले नवान्न की बालियों के साथ,उबटन का छीजन,नजर उतारा राई नमक लेकर लोग इकठ्ठा होते थे।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

होलिका को गांव के कल्याण की देवी मानकर उसे तापते थे और परिक्रमा करते हुए गाते थे-हल्लई माता देई आशीष लरिका जियई लाख बारिस। होलिका दहन का एक महत्वपूर्ण अंग था कि होलिका की आग को अपने घर ले जाते थे और चूल्हे में रखते थे। होली के पकवान इसी आग को आगे बढ़ाकर बनाए जाते थे और इस आग को चुल्हे में वर्ष भर संरक्षित करते थे। सक्षम परिवार जिसके चूल्हे में दोनों जून भोजन बनाता था,उसी के चूल्हे की आग को ले जाकर लोग अपना चुल्हा जलाते थे। होलिका पर्व की यह लोक परंपरा लुप्त हो गई है। हर घर में जो गैस का चुल्हा जलने लगा है? अतीत को तो याद रखें।

# जिंदगी के रंग होली के संग



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

होली पर रंगों का उत्सव हमें सचेत करता है और हम रंगों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। क्या आपने बारिश के बाद आसमान में उभरे इंद्रधनुष को देखा है? ऐसा लगता है जैसे सारे जहां में रंगों की बारिश हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों में सारा जहां समाया हुआ लगता है। हमारे आसपास और प्रकृति में जो रंग छिपे हुए हैं,हम उन्हें देखने की कोशिश ही नहीं करते हैं। इस प्रकृति में हजारों रंग बिखरे हुए हैं। अकेले एक रंग का कोई महत्व नहीं होता। एक रंग दूसरे रंग के साथ मिलकर ही एक नया रंग बनाता है।

होली में मस्ती का रंग हम सब पर चढ़ता है, लेकिन होली के बहाने जिंदगी के विभिन्न रंगों के बारे में सोचना वाकई दिलचस्प है। जिंदगी को ठीक तरह से समझने के लिए जीवन में विभिन्न रंगों का होना बहुत जरूरी है। हर रंग हमारे जीवन को एक नया अर्थ देता है। कभी-कभी हमारी जिंदगी के कैनवास पर दुख के रंग की कूची अपने आप चल जाती है और हम दुखी हो जाते हैं।

हालांकि कोई इंसान यह नहीं चाहता कि उसकी जिंदगी में दुख का रंग भी हो,लेकिन वास्तविकता यह है कि दुख का रंग हमारी जिंदगी में शामिल अन्य रंगों को और ज्यादा चटकदार बनाता है। इसका अर्थ यह नहीं कि मैं जिंदगी में दुख को शामिल करने की वकालत कर रहा हूं। अगर हमारे जीवन में मात्र एक ही रंग होगा तो हमें जीवन के यथार्थ का पता नहीं चल पाएगा। दुख-सुख रूपी रंगों के माध्यम से ही हमारे जीवन की एक मुक्कमल तस्वीर बनती है। दरअसल हम अपने जीवन में इस कदर व्यस्त हो जाते हैं कि जिंदगी में घुले विभिन्न रंगों को देख ही नहीं पाते हैं।

होली पर रंगों का उत्सव हमें सचेत करता है और हम रंगों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। क्या आपने बारिश के बाद आसमान में उभरे इंद्रधनुष को देखा है? ऐसा लगता है जैसे सारे जहां में रंगों की बारिश हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों में सारा जहां समाया हुआ लगता है। हमारे आसपास और प्रकृति में जो रंग छिपे हुए हैं,हम उन्हें देखने की कोशिश ही नहीं करते हैं। इस प्रकृति में हजारों रंग बिखरे हुए हैं। अकेले एक रंग का कोई महत्व नहीं होता। एक रंग दूसरे रंग के साथ मिलकर ही एक नया रंग बनाता है। इंद्रधनुष के सात रंग जब एक साथ होते हैं तो उनकी खूबसूरती देखने लायक होती है। इसलिए प्रकृति की खूबसूरती एक रंग के साथ दूसरे रंग के मिलन या समन्वय पर निर्भर करती है। विभिन्न रंगों का मिलन यह भी प्रदर्शित करता है कि प्रकृति में कोई भी रिश्ता मेल-मिलाप या आपसी समन्वय तथा सहयोग की भावना के बिना खूबसूरत नहीं हो सकता। सहयोग की भावना का यह रंग हमारे आसपास तथा समाज में हर दिन देखने को मिलता है। विभिन्न धर्मों एवं वर्गों के बीच घुले सहयोग एवं प्यार के रंग द्वारा ही आज हमारे समाज का अस्तित्व बना हुआ है।

क्या आपने प्यार के रंग में रंगे हुए प्रेमियों को देखा है? प्यार का गुलाबी रंग अपने आप उनके चेहरे पर उभर आता है। घबराहट में हमारे चेहरे का रंग उड़ जाता है तो गुस्से में लाल हो जाता हैं। फूल और पत्तियों की खूबसूरती उनके रंग के कारण ही तो है। रंगों का महत्व यहां तक ही सीमित नहीं है। अनेक स्थानों पर विभिन्न रंगों से रोगियों का उपचार भी किया जाता है। इस तरह रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। रंग केवल खूबसूरती के लिए ही नहीं हैं,बल्कि ये बोलते भी हैं। चित्रकार जब अपनी कूची चलाता है तो वह रंगों के माध्यम से कैनवास पर अपनी भावनाएं उड़ेलता है। यह बात अलग है कि हम में से कुछ लोग रंगों की भाषा या तो समझते नहीं हैं या फिर जानबूझकर समझना नहीं चाहते। साहित्य में भी किसी एक विचारधारा का रंग लेखक पर भारी पड़ता है और उसका साहित्य भी उसी रंग में रंगा हुआ दिखाई देता है।

ऐसे बहुत से रंग भी हैं,जो हमारी जिंदगी के कैनवास को बदरंग कर देते हैं। नफरत का रंग हमारी जिंदगी के कैनवास पर हमेशा एक काले धब्बे की तरह दिखाई देता है। यह काला धब्बा ही पूरी तस्वीर का रंग बदल देता है। नफरत का यह रंग हर जगह उपलब्ध है। नफरत का काला रंग केवल मुट्ठी भर लोगों की पसंद है और ये ही लोग विश्व में खतरे का लाल रंग फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कारण साल भर भारत समेत पूरे विश्व में आतंकवाद के नाम पर खून की होली खेली जा रही है। हालांकि आज भी अधिकतर लोगों की पसंद प्यार का गुलाबी रंग ही है और शायद इसीलिए आतंकवाद लगातार मात खा रहा है तो आइए,इस विश्वास को और ज्यादा पक्का करते हुए विभिन्न रंगों के साथ प्यार के गुलाबी तथा शांति के सफेद रंग से होली खेलकर सही मायनों में होली को एक नया अर्थ दें।

## सोशल फोरम

# गाड़ी चलती रहनी चाहिए

गेराज में मिस्त्री गाड़ी को खोले उसकी बीमारी का कारण खोजने में लगा हुआ था। आखिर उसने एक पुर्जा निकाला और कहा "साब जी ये खराब हो गया है। बदलना होगा। नया ले आईए।" मरता क्या न करता। आखिर बाजार से उसे नया पुर्जा लाकर दिया। मिस्त्री उसे फिट करने में लग गया, लेकिन बहुत कोशिश के बाद भी वो पुर्जा फिट नहीं हुआ। "सर जी ये तो नहीं लगेगा। दूसरा लाना होगा।" "लेकिन इसमें क्या दिक्कत है। हूबहू तो है ये।" "हूबहू होने से क्या हुआ सर। लगता है ओरिजनल नहीं, डुप्लीकेट है। इसलिए सेट नहीं हो रहा।" ये कहते हुए मिस्त्री ने उस पुर्जे को कूड़ेदान में फेंक दिया। आखिर अधिकृत दुकान से मैं ओरिजनल पुर्जा लाने चल दिया,लेकिन रास्ते भर कई ख्याल मेरे मन मे आते रहे। "आखिर ओरिजनल कौन है?" "वो जो हूबहू नकल भर है और सही से फिट हो जाता है या वो जो थोड़ा अलग है।" देखा जाए तो हमारी समाजरूपी गाड़ी भी ऐसी ही है। इसे भी सब कार्बन कॉपी ही चाहिए। जिस किसी ने भी समाज से असहमति जताने की या थोड़ा दाएं-बाएं चलने की,इसके नियमों को बदलने की कोशिश की उसे डुप्लीकेट करार देकर फेंक दिया जाता है। असहमतियों को यहां विद्रोह के रूप में देखा जाता है। समाज को अपनी गाड़ी की ज्यादा चिंता है बनिस्पत समाज के लोगों के,समाज के किस पुर्जे पर ज्यादा दबाव है? कौन कष्ट में है? कहां थोड़े बदलाव की जरूरत है, कहां परंपराएं हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। इसकी उसे कोई चिंता नहीं। बस समाजरूपी गाड़ी सही से चलती रहनी चाहिए। शक्ल सूरत, रूप रंग,कद काठी,अचार व्यवहार, सोच विचार में हर प्राणी अपने आप में अनूठा है और एक दूसरे से भिन्न है। प्रकृति नकल में विश्वास नहीं रखती। अगर कहीं कुछ नकल है भी तो वो भूलवश है। सदियों से हमारी एक ही कोशिश है। धर्म, जाति, आस्था, परंपरा, विश्वास के नाम पर हम नकल गढ़ रहें हैं। यही नकली लोग यहां ओरिजनल कहलाते हैं और जो वास्तव में ओरिजनल हैं, जो लीक से थोड़ा हटकर सोचने और करने का साहस दिखाते हैं,उन्हें यहां डुप्लीकेट कहकर किनारे कर दिया जाता है। नक्कालों की आज की इस दुनिया में असल के लिए कोई गुंजाइश नही है। क्योंकि गाड़ी चलती रहनी चाहिए।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

– फेसबुक वॉल से

# भारत की आत्मा हैं त्योहार



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मथुरा,वृंदावन और बरसाने की होली देखने लोग देश-विदेश व दूर-दराज से आते हैं। इन स्थानों पर होली की बात ही निराली होती है,यहां की होली तो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत की आत्मा है।

होली एक ऐसा त्योहार है,जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। होली खासकर हिन्दुत्व का एक सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं।

यह भारत सहित पूरी दुनिया में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार हमेशा फाल्गुन महिने की पूर्णिमा को मनाया जाता है। क्या बच्चे,क्या बुढ़े, क्या युवा, महिलाएं सभी बड़े उत्साह से होली के त्योहार को मनाते हैं। एक दूसरे पर रंग, गुलाब फेककर कबीरा गाते हैं,फगूआ गाते हैं और बोलते हैं, "बुरा न मानों,होली है"। छोटे बड़ों के माथे पर रंग लगाकर उनका पैर छुते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। होली का त्योहार हर साल नई उर्जा और नई ऊष्मा लेकर आता है और सबको अपने रंग में रंग जाता है। कुछ साल पहले तक यह हाल था कि जैसे ही होली का त्योहार करीब आता, "पानी बचाओ" और "जल ही जीवन है" जैसे कैंपेन चलने लगते। ऐसा लगता मानों होली मनाना जैसे कोई पाप हो गया हो।

साल के 365 दिन लोग रोज नहा रहे है, पेशाब,पखाना कर रहे है, कपड़े धो रहे हैं, कचरा साफ कर रहे है,सड़क गली पानी से साफ की जा रही है,लेकिन इन सबसे पानी बर्बाद नहीं होता, मगर लोटा भर पानी से होली क्या खेल लो, पानी बर्बाद होने लगता है,भारत सहित दुनिया के जल स्रोत सुखने लगते है। एक वक्त तो ऐसा होने लगा था कि आम जनमानस ऐसे कैंपेन की वजह से पानी बर्बादी की ग्लानी से भर जाता था। वह सोच भी नहीं पाता था कि मुश्किल से एक लोटा पानी होली के दिन इस्तेमाल करने से कौन सा पाप हो जाता है कि चारों तरफ "जल बचाओ" नारे सुनाई देने लगते हैं। जबकि सालभर मल-मुत्र त्याग करने के बाद जब उस पर पानी फेरा जाता है तो होली वाले दिन के मुकाबले कई हजार गुणा पानी बर्बाद होता है। नहाने, धोने पर पानी की बर्बादी का गुणा भाग तो और भी ज्यादा है।

धीरे-धीरे लोग अब जागरूक होने लगे हैं। वे समझने लगे हैं कि जब पूरे साल नहाने,धोने और पानी बहाने के बाद भी पानी बर्बाद नहीं हो रहा है, जल स्रोत सूख नहीं रहे है तो एक दिन के होली के त्योहार खेलने से कौन सी आफत आ जाएगी। कुछ साल पहले से होली के रौनक फिर से लोट आई है। होली मनाने का आलम यह है कि जो गांव जवार होली पर फगुआ के लिए जाने पहचाने जाते थे,अब वो सब शहरी होली हुड़दंग में बहुत पीछे छुट गए हैं। एक वक्त था,जब होली गांव-जवार की रौनक हुआ करती थी,लेकिन अब शहरों ने उसकी यह रौनक छीन ली है।

अब शहरों में होली का त्योहार बहुत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। शहरी जीवन होली के दिन रंगों से कुछ ज्यादा ही सराबोर हो जाता है। शहर भागम-भाग वाली नीरस जीवन से होली का त्योहार काफी हद तक निजात दिलाता है। शहरों की होली अब ज्यादा आकर्षक होती है। यह अलग बात है कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान से संबंधित होली का पारंपरिक रूप आज भी अपने आकर्षक अस्तित्व को बनाए हुए है। मथुरा,वृंदावन और बरसाने की होली देखने लोग देश-विदेश व दूर-दराज से आते हैं। इन स्थानों पर होली की बात ही निराली होती है,यहां की होली तो दुनियाभर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत की आत्मा है।

मुगल होली को ईद-ए-गुलाबी या आब-ए-पालशी कहते थे और बड़ी ही धूमधाम से उसे मनाते थे। राजा अकबर भी होली खेलते थे। नवाब मोहम्मद शाह रंगीला की लाल किले के रंगमहल में होली खेलते हुए एक बहुत प्रसिद्ध पेंटिंग भी है। औरंगजेब के सत्ता में आने के बाद मुगल दरबार में होली नहीं खेली जाती थी। अमीर खुसरो, बुल्ले शाह, रसखान, रहीम जैसे मुस्लिम कवियों ने होली की शान में रचनाएं लिखी है। दिल्ली में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह और लखनऊ के पास सूफी देव शरीफ की मजार पर हर साल होली का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार रंगों का त्योहार है। खुशियों का पर्व है। एकता और भाईचारे का महोत्सव है।

# भगत सिंह और लोहिया का सामाजिक दर्शन



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

लोहिया जी भी भगत सिंह की तरह शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था चाहते थे। स्वाधीनता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया भगत सिंह के विचारों की प्रतिमूर्ति थे।

भगत सिंह ब्रिटिश उपनिवेशवादियों व पूंजीपतियों के लिए खतरा बन चुके थे। शहीदे आजम भगत सिंह की जिंदगी और उनकी सामाजिक समझ प्रेरणादायी है। उनका सपना ब्रिटिश हुकूमत से आजादी के साथ-साथ वंचितों, मजलूमों और श्रमिकों को सामाजिक व्यवस्था आजादी का था। जब वे फरवरी 1931 में जेल में 'क्रांतिकारी कार्यक्रम का मसविदा' लिखा। इसमें उन्होंने दो टूक लिखा कि "श्रमिकों के शासन से कम कुछ नहीं चाहते। भारत में साम्राज्यवादी एवं उनके मददगार हटाकर जो कि आर्थिक व्यवस्था के पैरोकार हैं जिनकी जड़ें शोषण पर आधारित हैं को आगे आना होगा। हम गोरी बुराई की जगह काली बुराई को लाकर कष्ट उठाना नहीं चाहते।"

इसी तरह नौजवान राजनीतिक कार्यकर्ताओं के नाम पत्र में भगत सिंह साफ-साफ कहते हैं कि "भारत सरकार का प्रमुख लार्ड रीडिंग की जगह यदि सर पुरुषोत्तम दास ठाकुर ले लें तो इससे जनता में क्या फर्क पड़ेगा? एक किसान को इससे क्या फर्क पड़ेगा। यदि लार्ड इरविन की जगह तेज बहादुर सप्रू आ जाएं।" छुआछूत जैसी घातक बीमारी उन्हें बहुत आहत करती थी। 1928 में किरती पत्रिका में विद्रोही नाम से 'अछूत का सवाल' नामक लेख में उन्होंने लिखा कि हमारे देश जैसे बुरे हालात किसी दूसरे देश के नहीं होंगे, 30 करोड़ वाले देश में 6 करोड़ लोग अछूत कहलाते हैं। ऐसे थे भगत सिंह सिंह जिनके दिल में वतन की स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक स्वतंत्रता की भावना थी। लोहिया जी भी भगत सिंह की तरह शोषण विहीन समाजवादी व्यवस्था चाहते थे। स्वाधीनता सेनानी डॉ राममनोहर लोहिया भगत सिंह के विचारों की प्रतिमूर्ति थे। उनका जन्म गांधीवादी हीरालाल व चंदादेवी के घर में अकबरपुर में हुआ था। लोहिया जाति प्रथा के विरुद्ध क्रांति को प्रोत्साहित करना चाहते थे।

लोहिया के दिल में भगत सिंह के लिए कितना सम्मान था, इसे ऐसे समझा जा सकता है कि जब भगतसिंह को फांसी हुई तो जिनेवा में लीग ऑफ नेशन का अधिवेशन हुआ। भारत की ओर से बीकानेर के महाराजा प्रतिनिधि थे। वे दर्शक दीर्घा में जाकर बैठ गए, उन्हें लग रहा था महाराज भगत सिंह की फांसी व गांधीजी की यात्रा में हुई अत्याचार का विरोध करेंगे,लेकिन महाराज तो अंग्रेजों की शान में कसीदे पढ़ने लगे। कहने लगे अंग्रेजों के राज में अमन चैन है तो उन्होंने नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वे अपने समर्थकों से अपने जन्मदिन को मनाने को मना करते थे, क्योंकि उनके जन्म और भगत सिंह व उनके साथियों का शहीद दिवस है।

# डीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र में मिली अनियमितता, रोका सबका वेतन

## रामनगर ब्लाक के ग्राम इटवा थौडाई केंद्र का किया निरीक्षण

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** लाभार्थी महिलाओं को पोषाहार न देने के आरोपों पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने रामनगर ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र थौडाई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पाया गया कि यहां सितंबर 23 से मार्च 24 के बीच आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पोषाहार वितरण नहीं किया और इसे दर्ज भी नहीं किया। ऐसे में मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है।

डीपीओ ने बताया कि रामनगर ब्लाक के ग्राम इटवा थौडाई में बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें ग्रामीण महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर पोषाहार वितरण न करने का आरोप लगा रही थीं। बताया कि उन्होंने बीते दिनों मौके पर जाकर इसकी जांच की। चुचुरहापुरवा की निवासी चुनकी की इस शिकायत पर कि उसका एक महीने का पोषाहार काट दिया जाता है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांती देवी का कहना था कि चुनकी और उसके बच्चे इस केंद्र में किसी भी श्रेणी के लाभार्थी नहीं है। इसके अलावा मीना ने शिकायत की थी कि नौ महीने में सिर्फ एक बार उसको पोषाहार मिला है। केंद्र के पोषाहार वितरण रजिस्टर को देखने पर पता चला कि मीना की सास सुशीला ने मार्च में पोषाहार प्राप्त किया है। हालांकि अन्य महीनों के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। डीपीओ ने बताया कि इसी प्रकार अझियारापुरवा निवासी संगीता देवी ने भी शिकायत की थी कि गर्भवती होने के समय एक बार और तीन माह का बच्चा होने पर एक बार ही पोषाहार मिला है। इस पर पाया गया कि रजिस्टर में सितंबर 23 में संगीता सिंह का नाम दर्ज नहीं है और अक्टूबर, नवंबर में किसी लाभार्थी का नाम नहीं है। दिसंबर 23, जनवरी और फरवरी 24 का भी कोई पेज रजिस्टर में नहीं पाया गया। मार्च में ही पोषाहार वितरण किया गया।

इस संबंध में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सकी। डीपीओ ने बताया कि अनियमितताओं को देखते हुए केंद्र के सभी कार्यकर्ताओं का वेतन रोक दिया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर से तथ्यात्मक आख्या मांगी गई है।


आंगनबाड़ी केंद्र का मुआयना करने पहुंचे डीपीओ। अमृत विचार

### अनियमितता बर्दाश्त नहीं: डीपीओ

डीपीओ ने बताया कि अभिलेखों की छायाप्रति देखने से पता चला है कि गर्भवती और धात्री महिलाओं का पोषाहार सितंबर 23 से मार्च 24 के मध्य वितरण नहीं किया गया। न ही इसका अभिलेख ही दर्ज है। सात माह से तीन वर्ष के बच्चों का रजिस्टर देखने पर पाया गया कि अक्टूबर 23 में पोषाहार नहीं बंटा और जनवरी और फरवरी 24 में भी ठीक से नहीं बांटा गया। उन्होंने कहा कि पोषाहार वितरण में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अन्य अनियमितता मिलीं

डीपीओ ने बताया कि मुआयने में पाया गया कि चुचुरहापुरवा की श्यामकली ने आरोप लगाया था कि तीन महीने में दो बार उसको पोषाहार दिया जा रहा है। जबकि रजिस्टर में उसका नाम ही दर्ज नहीं था। इसी प्रकार ममता ने बताया था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कहा था कि घर आकर एक माह का पोषाहार देगी, जबकि अभिलेखों में ममता की सास सुशीला देवी द्वारा मार्च का पोषाहार पाया जाना दर्ज मिला।

## धुंधपुर में अवैध शराब भट्ठी पकड़ी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम धुंधपुर में छापा मारकर 60 लीटर कच्ची शराब के साथ शराब बनाने के उपकरण और तीन कुंटल लहन बरामद करके नष्ट कराया है।


आरोपी बाबूलाल।

बीती रात थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने धुंधपुर निवासी बाबूलाल साहू के घर छापा मारकर मौके से 60 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ तीन कुंटल लहन बरामद करके नष्ट कराया है तथा बाबूलाल को मौके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान एसआई वकील अहमद, हरिश्चंद्र चौधरी, कांस्टेबल शैलेश कुमार, अरुण कुमार, राहुल कुमार, महिला आरक्षी पूनम, विमला देवी आदि मौजूद रहे। पुलिस की इस कार्यवाही से शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया है।

# युवाओं ने सीतापुर में मुक्तिधाम के सामने की मंदाकिनी की सफाई

**बुंदेली सेना का अभियान**

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** होली के पूर्व बुंदेली सेना का मंदाकिनी नदी और घाटों की सफाई का अभियान जारी है। रविवार को सीतापुर स्थित मुक्तिधाम के पास युवाओं ने सफाई की।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मुक्तिधाम के सामने नदी की सीढ़ियों पर इकट्ठा चारपाई, गद्दा, तकिया, चादर और तमाम अन्य गंदगी को जलाकर नष्ट किया गया। साथ ही नदी के घाटों की सफाई भी की गई। अजीत ने बताया कि होली के बाद कर्वी में पयस्वनी की सफाई का अभियान शुरू किया जाएगा। यहां भी नदी हरे रंग की काई से पटी पड़ी है। यहां इंटेकवेल से लेकर मुक्तिधाम तक लगभग एक किमी तक ठीक से सफाई की जरूरत है। यहां की सफाई का काम होली के बाद युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभी सीतापुर में नयागांव छोटे पुल से लेकर बूडे हनुमानजी मंदिर तक घाटों की सफाई की जा रही है। अजीत ने इस बात पर चिंता जताई कि परंपराओं के नाम पर लोग नदी में कचरा, पालीथिन, कपड़े आदि फेंकते हैं। सीतापुर में नदी से दर्जनों धोतियां और प्लास्टिक कचरा भी बाहर निकाला गया।

मुक्तिधाम के पास भी लोग मृतकों के कपड़े आदि फेंककर चले जाते हैं जबकि इनको भी वहीं जलाकर नष्ट कर देने की जरूरत है। अजीत ने बताया कि इसके लिए भी जागरुकता की आवश्यकता है।


मंदाकिनी नदी की सफाई करते बुंदेली सेना के युवा। अमृत विचार

## ट्रक की टक्कर से बाइकसवार की मौत

**चित्रकूट।** शनिवार देर शाम बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बाइकसवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर शाम लगभग साढ़े सात बजे खोह ब्यूर में ढाबे के पास एक ट्रक ने बाइक सवार युवक रामप्रताप (25) पुत्र कुन्ना प्रसाद निवासी रेहुटिया को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


होली की हार्दिक शुभकामनाएं

विक्रम सिंह बघेल उर्फ विक्की सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- चुरेह केसरुवा
विकास खंड -मानिकपुर


### बतकही

#### बुझे दिल की लगी तो ऐ मेरे यार होली में...

होली की वजह से दो दिन चाय की गुमटी बंद रहती, इसलिए कल ही मैंने और फलाने ने तय कर लिया था कि आज समय से पहुंचकर चाय का आनंद लेंगे और गपशप करेंगे। फलाने हालांकि मुझसे पहले पहुंच गया था और जब मैं पहुंचा तो वह चाय सुड़क रहा था। मैंने भी गुमटीवाले से चाय का इशारा किया और वहीं बेंच पर फलाने की बगल में बैठ गया। फलाने की चुप्पी मुझे नागवार लग रही थी और इसलिए मैंने अपनी जेब से अबीर की पुड़िया निकाली और फलाने के मुंह और सिर पर उड़ेल दी। हवा की वजह से कुछ अबीर फलाने की आंख में चली गई। इससे उसे कष्ट हुआ और आंख मलते हुए वह रोषमिश्रित स्वर में बोला, यही यही, तो तुम लोगों की गलत बात है। होली की बात आते ही सब कुछ भूल जाते हो, किसी की परेशानी तकलीफ से जैसे कोई मतलब नहीं रहता। असभ्यता की हर सीमा लांघने के बाद पांच शब्द बोल दोगे, बुरा न मानो होली है। क्या होली में सब कुछ करने की छूट मिल जाती है। कोई बीमार पड़े, किसी के अहम को चोट पड़े, कोई शर्म से पानीपानी हो जाए, तुम लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता। कपड़े उतारने तक में कोई झिझक नहीं रहती, तुम लोगों को। फलाने का इतना ज्यादा गुस्सा मेरी समझ से परे था। अवाक् मैंने पूछा, अरे होली को लेकर इतनी ज्यादा नाराजगी क्या हुआ। जैसे तुमको मालूम नहीं, फलाने बोला, कल शहर में जो हुआ, क्या नहीं जानते। मैंने कहा, नहीं तो। अरे, एक गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह में खाने पीने के दौरान कई लोग बीमार पड़ गए। पता चला है कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ठंडाई में भांग ज्यादा हो गई, तो कुछ लोग कुछ और। होली मिलन के नाम पर खाने पीने की व्यवस्था करने में संयम और खिलाने पिलाने में सतर्कता होनी चाहिए कि नहीं। हां यार, सही कह रहे हो... मैंने फलाने की हां में हां मिलाई। मैं भी एक बार फंस चुका हूं। ठंडाई के बहाने मुझे भांग पिला दी गई थी और रात भर मैं सो नहीं पाया था, ऐसा लग रहा था कि खटिया हवा में उड़ रही है... फलाने ने कहा, होली बहुत अच्छा त्योहार है और इस त्योहार की अच्छाई बनाए रखनी चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र क्या खूब कह गए हैं, गले मुझको लगा लो ए मिरे दिलदार होली में, बुझे दिल की लगी तो ऐ मेरे यार होली में...।

## टीबी से बचाव के लिए किया जागरूक

**चित्रकूट।** विश्व क्षय रोग दिवस पर रविवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रभारी क्षय रोग विभाग विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि 24 मार्च को डॉ. राबर्ट कोच ने टीबी के बैक्टीरिया की खोज की थी, जो इसके इलाज के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुई। इसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार दिया गया। मिश्रा ने सभी को टीबी से बचाव के उपाय व इलाज को विस्तार से समझाया। योगाचार्य संजय कुमार ने बताया कि टीबी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को इसके बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक वीर सिंह, सुरेश चंद्र, दीप चंद्र, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।



# ढाई किलो गांजा बरामद, दो धरे


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** पहाड़ी पुलिस ने बाइकसवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से ढाई किलो गांजा बरामद किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बांदा जिले की सीमा पर बनाए गए बैरियर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों को पकड़ा है।

एसओ पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि एसपी के निर्देशों पर क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में यह अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार देर शाम उपनिरीक्षक विपिन कुमार मिश्र, पुलिसकर्मी हरिशरण सिंह और नवीन कुमार के साथ बांदा जिले की सीमा साईपुर स्थित बागें नदी के पास स्थित बैरियर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आते नजर आए। पुलिस द्वारा चेकिंग करते देख चालक ने बाइक पीछे की ओर मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिसकर्मियों ने दौड़कर इनको पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनके झोले में गांजा मिला। इसका वजन ढाई किलोग्राम निकला। बताया कि युवकों ने अपने नाम प्रियांशु सिंह उर्फ बउवा पुत्र शिवबरन सिंह और प्रियांशु सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह उर्फ राजू निवासी खप्टिहा कला थाना पैलानी जिला बांदा बताए। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

### नौ आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने शिवपूजन पुत्र चुन्नूलाल निवासी मछरिहा को 35 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसआई सीतापुर चौकी उमाशंकर यादव ने बबलू पुत्र गौरी निवासी कपसेठी को 13 लीटर कच्ची शराब, भरतकूप थाने के एसआई रामकुमार ने रामविलाश पुत्र राजकिशोर निवासी भरथौल को 24 क्वार्टर देशी शराब, सरधुआ थाने के एसआई राजेंद्र प्रसाद ने बच्छराज निषाद पुत्र कोठरिया निवासी खोंपा को 20 क्वार्टर देशी शराब, राजापुर थाने के एसआई सिद्धनाथ राय ने राममिलन सोनकर पुत्र कुबेर निवासी गइला रोड़ को 20 क्वार्टर देशी शराब, मारकुंडी थाने के एसआई इंदल सिंह ने पप्पू कोल निवासी कोल कालोनी को 22 क्वार्टर देशी शराब, चौकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने झानू पुत्र भोंडा निवासी बरिया को 36 क्वार्टर देशी शराब व अभियुक्त रामनारायण पुत्र मोतीलाल निवासी खंदेवरा थाना रैपुरा को 37 क्वार्टर देशी शराब तथा राजापुर थाने के एसआई शैलेंद्र सिंह ने जमुना प्रसाद पुत्र मुन्नूलाल जायसवाल निवासी पश्चिमनाका सरैंया तलैया को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।


होली की हार्दिक शुभकामनाएं

जगदीश पटेल गुड्डा भइया
ग्राम प्रधान
रैपुरा विकास- खंड मानिकपुर
चित्रकूट

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती चम्पा देवी प्रफुल्ल कुमार राजपूत
ग्राम प्रधान प्रधान प्रतिनिधि
लौढिया माफी विकास- खंड मानिकपुर, चित्रकूट

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार द्विवेदी
वरिष्ठ भाजपा नेता
विधायक प्रतिनिधि
मानिकपुर


# परिक्रमा पथ पर सफाई कर किया जागरूक


परिक्रमा पथ पर सफाई करते युवा। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

- कामदगिरि स्वच्छता समिति का नियमित अभियान

**अमृत विचार।** नियमित अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति के युवाओं ने रविवार को परिक्रमा पथ पर सफाई की। इस दौरान इन लोगों ने श्रद्धालुओं, बाशिंदों और दुकानदारों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि अभियान के तहत इस बार परिक्रमा पथ पर बरहा के हनुमान मंदिर से यादव बस्ती तक सफाई की गई। बताया कि कामतानाथ परिक्रमा पथ स्वच्छ और सुंदर हो, इसको लेकर प्रत्येक रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता यहां सफाई करते हैं। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि लोगों में उतनी ज्यादा जागरूकता नहीं दिखाई देती, जितनी होनी चाहिए। इस दौरान युवाओं ने अबीर लगाकर एक दूसरे को होली के त्योहार की बधाई भी दी। राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी, मनोज कुशवाहा, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि ने सहयोग किया।

## 17 पर लगा मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** अलग-अलग थानों की पुलिस ने कुल 17 आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। एसओ रैपुरा शैलेंद्र चंद्र पांडेय ने कुंजी उर्फ कुंजबिहारी पुत्र केशव प्रसाद, छोटेलाल पुत्र मोतीलाल, गोपाल बिलौंहा पुत्र जनार्दन निवासीगण देवकली, शिवकुमार पुत्र रामसजीवन बसिंघा, अलि कुमार पुत्र दयाशंकर निवासी देवरा, प्रेम पासी पुत्र लखपत निवासी गौरिया पर धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की है। पहाड़ी थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने जितेंद्र सिंह पुत्र बृजभूषण, पुष्पराज पुत्र राम सिंह निवासीगण असोह पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। मानिकपुर एसओ रीता सिंह ने गोपाल सोनकर, झल्लर सोनकर पुत्र शिव सोनकर निवासी वाल्मीकिनगर पश्चिम, विजय बहादुर पुत्र भाउराम, बड्डन उर्फ बड़ा भइया पुत्र शत्रुजीत निवासीगण रामपुर, बबुआ पुत्र राजेंद्र यादव निवासी बड़ारतीर मजरा सरैंया पर और प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या ने फूलचंद्र पुत्र निहटू निवासी मुरका, राजा पुत्र अनिल कुमार द्विवेदी निवासी बरगढ़ पर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय ने गोविंद पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी पूरबपताई, संजय उर्फ कल्लू पुत्र फूलचंद्र निवासी मऊ पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है।

**सियासत** आरके समर्थक निश्चिंत कि भाजपा का कैडर वोट कहां जाएगा, अंत में पार्टी को ही वोट देगा

# इस बार आरपार की लड़ाई के मूड में हैं भैरों प्रसाद

कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र इस बार आरपार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। उनके तेवर इस बात की गवाही देते हैं कि वह चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं और चाहे जो कुछ हो वह लड़ेंगे जरूर। उधर, सोशल मीडिया में ब्राह्मण समुदाय की नाराजगी बढ़ती जाने के बाद भी सांसद आरके सिंह पटेल और भाजपा के समर्थकों में निश्चिंती का भाव है। ये कहते हैं...भइया, भाजपा का कैडर वोट जई तो कहां जई।

भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों में इस समय ऊहापोह की स्थिति है। सिटिंग एमपी आरके सिंह पटेल को इस बार भी भाजपा से टिकट मिलने के बाद से जो खेमा सबसे ज्यादा दुखी और आक्रोशित है, वह है पूर्व सांसद, पूर्व विधायक भैरों प्रसाद मिश्र का। भैरों के समर्थकों में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। जिले की राजनीति की हवा पहचानने वाले दावा करते हैं कि धीरे-धीरे यह लड़ाई पटेल या कुर्मी और ब्राह्मण केंद्रित होती जा रही है।

भाजपा और सपा द्वारा पटेल बिरादरी के प्रत्याशी को टिकट देने के बाद से समीकरण और रोचक बन गया है। बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू भी आपसी बातचीत में यह बात स्वीकार कर चुके हैं कि यदि सपा और भाजपा ने कंडीडेट न बदला तो पार्टी ब्राह्मण प्रत्याशी ही उतारेगी। बसपा के साथ-साथ हर पार्टी के बड़े नेता मानते हैं कि चाहे जो कुछ कहा जाए पर चुनाव अंततः जाति आधारित हो जाता है। मजे की बात यह है कि जहां ब्राह्मणों का एक अच्छा खासा वर्ग, जिसमें युवाओं की संख्या ज्यादा है, सोशल मीडिया पर एक अभियान सा छेड़े है, वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थक इसको यह कहकर हवा में उड़ाने की कोशिश करते हैं कि यह समुदाय भाजपा का कैडर वोट है और यह और कहां जाएगा, अंत में तो भाजपा को ही वोट देगा, प्रत्याशी के नाम पर न सही, पार्टी के नाम पर सही।

उधर, शायद भैरों भी यह जानते हैं कि यह चुनाव उनकी राजनीतिक करियर के लिए महत्वपूर्ण है और समय अग्निपरीक्षा का है। शायद इसीलिए वह कहते हैं कि इस बार आरपार की लड़ाई है...। बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में ब्राह्मण वोटों की संख्या सबसे ज्यादा है और इस वर्ग में असंतुष्टों की रोज बढ़ती संख्या आरके और उनके समर्थकों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

वहीं, पटेल वर्ग के लिए कहा जाता है कि राजनीति में जितनी परिपक्वता ये दिखाते हैं, कोई और नहीं। चुनाव जातिगत आधार पर नहीं होना चाहिए पर यह जिले का रिकॉर्ड रहा है कि अंततः यह जातिकेंद्रित हो जाता है। ऐसे में इस बार अभी तक के समीकरणों को देखते हुए किसी को लेकर भी किसी तरह की भविष्यवाणी करने का खतरा जिले की राजनीति को जानने का दावा करने वाला बड़ा से बड़ा जानकार भी नहीं मोल लेना चाहेगा।

### तो क्या होली में है शक्ति प्रदर्शन

होली के पहले से ही सपा और भाजपा प्रत्याशियों ने घरों में होली मिलने के बहाने जाकर जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है। सांसद ने तो रोजाना दो-तीन गांव-मजरों में जाकर अपनी बात कहने का जैसे लक्ष्य ही बना लिया है। ऐसे में होली के दिन पूर्व सांसद ने मुख्यालय स्थित घर में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा है। भैरों हालांकि इस बात से इंकार करते हैं कि यह शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश है पर उनको जानने वाले बताते हैं कि इस आयोजन के जरिए पूर्व सांसद यह दिखाएंगे कि उनकी प्रत्याशिता को लेकर लोगों में कितना उत्साह है। यही वजह है कि वह मैदान में उतरने की मंशा रखते हैं और समर्थकों की वजह से चुनाव लड़ेंगे।

## दबंगों पर फसल काटने का आरोप

**चित्रकूट।** मारकुंडी निवासी एक महिला ने थाना प्रभारी को पत्र भेजकर गांव के दबंगों पर उसकी फसल काट लेने की शिकायत की है। शिवनगर निवासी प्रिया देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि डोडामाफी में उसका 12 बीघे खेत है। उसमें उसने सरसों की फसल बोई थी। इसे गांव के दबंग पिता-पुत्र ने रात में काट लिया है। उसने पुलिस से आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की गुहार की है।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट — प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### ट्रक से कुचल कर युवक की मौत

**बांदा :** कमासिन थाना क्षेत्र के जामू गांव निवासी बच्चू लाल (20) पुत्र चंद्रमोहन शनिवार की रात घर से पैदल पुरवा जा रहा था। साथ में उसका छोटा भाई रामबरन भी था। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बच्चू लाल को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई रामबरन ने बताया कि बच्चू मजदूरी करता था। पिता के नाम 10 बीघा जमीन है।

### 27 को होगा दूज पूजन

**बांदा :** कायस्थ सभा के तत्वावधान में चित्रगुप्त पूजा यानि दूज पूजा का आयोजन 27 मार्च को किया जाएगा। जानकारी देते हुए कायस्थ सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि बुधवार को शहर के कटरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर और महेश्वरी देवी मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की जाएगी। कायस्थ सभा के मंत्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने समाज के सभी लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है। बताया है कि दोनों मंदिरों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना के साथ ही हवन पूजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# भद्राकाल के बाद किया होलिका दहन

## अबीर-गुलाल लगाकर दी गईं शुभकामनाएं, डीजे पर तेज आवाज में बज रहे होली के गीत पर थिरके होरियारे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** होलिका दहन के पर्व पर भी भद्राकाल की छाया को लेकर भ्रम की स्थिति बरकरार रही। ज्योतिषियों के मत के अनुसार भद्राकाल में होलिका दहन करना वर्जित है, ऐसे में भद्राकाल समाप्त होने के बाद ही लोगों को घरों व चौराहों पर होलिका दहन किया और रंग-गुलाल का दौर शुरू किया। रविवार को देर रात होलिका दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे के माथे पर अबीर का टीका लगाया और गालों पर गुलाल मलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

वैसे तो बीते कुछ वर्षों से लगातार ऐसा देखने में आ रहा है कि विशेष त्योहार दीपावली और रक्षाबंधन में भद्राकाल के चलते पर्व दो दिन मनाये जा रहे थे, लेकिन ऐसा कई साल बाद हुआ कि जब होलिका दहन पर भी भद्राकाल का असर दिखाई दिया। ज्योतिषाचार्यों के मतानुसार रविवार को सुबह 9 बजे से रात 10.27 मिनट तक भद्राकाल की छाया रहेगी। ऐसे में भद्राकाल की समाप्ति के बाद ही होलिका दहन को शुभ बताया गया है। रविवार की रात 11.13 बजे से 11.53 तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त बताया गया है। शुभ मुहूर्त के अनुसार लोगों ने होलिका में अग्नि देकर होलिका महारानी की परिक्रमा की और गेहूं की बाली व चने का बिरवा होलिका को अर्पण करने के बाद स्वयं प्रसाद रूप में ग्रहण किया। होलिका दहन होने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को माथे पर अबीर का तिलक लगाया और गालों पर जमकर गुलाल मला।

होलिका दहन के बाद लोगों ने रंग खेलना भी शुरू कर दिया। उधर होरियारों ने त्योहार पर बाजार में आई विशेष टोपियां पहनकर होलिका दहन के बाद डीजे में होली के गीतों पर जमकर डांस किया। देर रात तक होरियारे संगीत पर अपनी धुन में थिरकते रहे। अब सोमवार और मंगलवार को यहां जमकर होली खेली जायेगी। होली के त्योहार पर हुड़दंग में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाये इसको ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने भांग और शराब की दुकानें सोमवार को सुबह दस बजे से शाम 5 बजे तक पूरी तरह से बंद रखने का आदेश दिया है।


शहर के चौराहे पर जलती होलिका। अमृत विचार

### होलिकादहन के साथ फाग गायन शुरू

होलिका दहन के साथ ही ग्रामीण इलाकों में परंपरागत फाग गायन भी शुरू हो गया। लोग ढोलक की थाप के साथ ही मंजीरों की खनक के साथ होलिका दहन स्थल पर ही ईसुरी की चौकड़ियों का आनंद लेते नजर आये। कल बुधवार को फाग गायक कलाकारों के साथ होरियारों की टोलियां ग्रामीण इलाकों और कस्बों में नाचते-गाते भ्रमण करेंगी। घर-घर इन टोलियों का मीठी गुझिया से स्वागत होगा।

### आधा दर्जन मोहल्लों में मटकी फोड़ेंगे 'गोविंदा'

शहर के तकरीबन आधा दर्जन मोहल्लों कालूकुआं, खुटला, छोटी बाजार, बन्यौटा, बाबूलाल चौराहा, डीएम कॉलोनी आदि में 'गोविंदा आला रे' गीत पर बुधवार को रंगों के बीच दही की मटकी फोड़ी जायेंगी। होरियारे आज होलिका दहन के दिन ही इसकी तैयारी में जुट गये हैं। मटकी फोड़ने के लिये एक्सपर्ट होरियारों की टीम भी तैयार की गई है। इन लड़कों की अलग-अलग वेशभूषा का भी प्रबंध किया गया है। कुल मिलाकर समूचा जनपद होली की मस्ती में सराबोर होने को पूरी तरह से तैयार है और रंग-गुलाल के बीच होली का त्योहार मनाने को उत्सुक है।


गो माता का पूजन करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# गोवंश की पूजा कर कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**बांदा:** होली के मौके पर विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कनवारा गांव में संचालित स्थाई गौशाला में गोवंश की पूजा करते हुए यहां तैनात कर्मचारियों को सम्मानित किया। अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक शुक्ला की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को होली के मौके पर सदर तहसील क्षेत्र के कनवारा गांव में संचालित स्थाई गौशाला में पहुंचकर गोवंश का पूजन किया। सभी गोवंशों को अबीर-गुलाल का तिलक लगाया। इस मौके पर गौशाला में तैनात कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि होली पर गौ माता की विशेष पूजा होती है। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, नीरज सिंह, राम विशाल दुबे, मंगल राजपूत, सचिन राजपूत, जीत शुक्ला, शिवकुमार राजपूत समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर समेत तीन गिरफ्तार किए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चुनाव को लेकर पुलिस ने अपराधियों पर कसा शिकंजा तमंचे बरामद


पुलिस की हिरासत में अभियुक्त।

**अमृत विचार:** चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चेकिंग और गश्त अभियान चलाते हुए शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर पर हत्या और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से तीन तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने को लेकर जिले भर की कोतवाली, थाना और चैकी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत अन्य अपराधियों पर निगरानी बढ़ा दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अपराधियों पर पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा चैकी प्रभारी उप निरीक्षक तुषार श्रीवास्तव कांस्टेबिल सौरभ यादव व राहुल साहू ने गश्त और चेकिंग के दौरान कस्बा के वन विभाग कार्यालय स्थित खदरा तालाब के रास्ते पर बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परसौली गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर राज आरख पुत्र राजेश उर्फ राजू आरख को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 12 बोर तमंचा व कारतूस बरामद किया। चैकी प्रभारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी पर पहले से हत्या, चोरी सहित कई मामले दर्ज हैं। कोतवाली क्षेत्र का टाप-10 सक्रिय अपराधी है। इसी तरह अतर्रा थाना के कस्बा चौकी प्रभारी कृष्णदेव त्रिपाठी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक दीपक सैनी, हेड कांस्टेबिल कुलदीप पटेरिया ने मुखबिर की सूचना पर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के पास से चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी शिवम पुत्र लक्ष्मी नारायण को 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उधर, कमासिन थाना उप निरीक्षक गिरजा शंकर पांडेय व नरेंद्र कुमार और कांस्टेबिल रिषभ कुमार ने गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कमासिन थाना क्षेत्र के सांड़ा सानी गांव निवासी कपेंद्र कुमार पुत्र रामकिशोर द्विवेदी को धुंधुई गांव मोड़ से पकड़ लिया। उसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।

# होलिकादहन से पूर्व 874 वाहनों के किए गए चालान

**बांदा।** क्षेत्राधिकारी यातायात गवेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक यातायात त्रिलोकी नाथ पांडे एवं ट्रैफिक सिपाहियों के सहयोग से जनपद के मुख्य चौराहों बाबूलाल चौराहा , कालु कुआं चौराहा, ट्रैफिक चौराहा, संकट मोचन ,रोडवेज आदि पर अभियान चलाकर मादक पदार्थों व मदिरा का सेवन कर वाहन चलाने वालों को ब्रीथ एनालाइजर मशीन द्वारा चेक किया गया।

दोषपूर्ण नंबर प्लेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, नो पार्किंग,चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने, दो पहिया चालक बिना हेलमेट व तीन सवारी के व अन्य धाराओं में आज कुल 405 वाहनों के ई-चालान किए गए। 22 मार्च को 265 एवं 23 मार्च को 204 वाहनों के चालान किए गए थे।

# मिठाई की दुकानों पर भीड़, गुझिया की मांग ज्यादा

कार्यालय संवाददाता,बांदा



मिठाई की दुकान पर सजे गुझिया के गिफ्ट पैक। अमृत विचार

- आकर्षक पैकिंग में भी बिक रही गुझिया

**अमृत विचार:** वैसे तो हिंदू धर्म के लगभग सभी पर्व व त्योहार बगैर मिठाइयों के अधूरे माने जाते हैं, लेकिन होली और दीवाली का त्योहार तो मिठाइयां खाने खिलाने का उत्सव माना जाता है। होली के पर्व पर विशेष रूप से गुझिया की खासी मांग रहती है। पहले तो घरों में महिलाएं पकवान बनाने को लेकर हफ्तों पहले से तैयारियां करती थीं, लेकिन अब आधुनिकता की चकाचौंध के बीच घरों में पकवान बनाने के स्थान पर मिठाई की दुकानों से रेडीमेड गुझिया खरीदने को अधिक बेहतर माना जाता है। ऐसे में मिठाई की दुकानें खरीदारों की भीड़ से गुलजार रहीं।

रविवार की रात होलिका दहन के बाद दो दिवसीय रंगों का त्योहार होली शुरू हो जाएगा। सोमवार और मंगलवार को समूचे जनपद में लोग होली के रंगों में सराबोर रहेंगे। होली के त्योहार में एक दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देने और गुझिया खिलाकर मुंह मीठा कराने की भी परंपरा रही है। ऐसे में ज्यादातर घरों में महिलाओं की टोलियां पकवान बनाने में जुट जाती हैं, लेकिन बदलते दौर में व्यस्तता के चलते लोग मिठाई की दुकानों से ही रेडीमेड गुझिया व अन्य मिठाईयां खरीदकर त्योहार मनाने लगे हैं। ऐसे में लोगों की पसंद और सहूलियत का ध्यान रखते हुए मिठाई के दुकानदार भी अन्य मिठाइयों के साथ ही गुझिया आदि भी तैयार करते हैं। रविवार की सुबह से ही शहर की प्रतिष्ठित मिठाई की दुकानों में भीड़ जुटी रही और लोगों ने जमकर खरीदारी की। अफसरों को त्योहार की शुभकामनाएं देने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों ने भी मिठाई की दुकानों से खूब पैकिंग कराई और अपने अफसरों को गिफ्ट पैक के साथ मिठाई भेंटकर शुभकामनाएं दीं। शहर के सिविल लाइन स्थित प्रतिष्ठित मिठाई की दुकानों में जनपद के सभी थानों की गाड़ियां खड़ी रही और थाना पुलिस ने गुझिया का गिफ्ट पैक खरीदा। मिठाई दुकानदारों ने भी बढ़ती मांग के हिसाब से भारी मात्रा में गुझिया की गिफ्ट पैकिंग की व्यवस्था कर रखी है। आकर्षक गिफ्ट पैक में सजी गुझिया की बाजार में जमकर मांग रही।

# पांच सुपरजोन, 17 जोन व 103 सेक्टर बने

कार्यालय संवाददाता,बांदा


बैठक को संबोधित करते अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र। अमृत विचार

- होली पर हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** पुलिस ने लोकसभा चुनाव और होली, रमजान, ईद और नवरात्र के मद्देनजर जिले को पांच सुपरजोन, 17 जोन व 103 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा के लिए पांच पुलिस उपाधीक्षक, 18 थाना प्रभारी, नौ अतिरिक्त निरीक्षक, 92 उप निरीक्षक, 548 हेड कांस्टेबिल समेत पुरुष व महिला कांस्टेबिल और एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। मुख्यालय सहित सभी थाना क्षेत्रों में 18 टीमों को रिजर्व में रखा गया है।

पुलिस लाइन में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते हुए बताया कि जनपद में सुरक्षा की चाक-चौबंद रखी गई है। होली पर हुड़दंग करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि जनपद में पूर्व से चिन्हित सभी स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है। होली पर हुडदंग करने वालों तथा अराजक एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस को भी अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए सोशल मीडिया सेल का गठन करते हुए 24 घंटे नजर रखी जा रही है। भारी पुलिस के साथ ही सात क्यूआरटी टीम भी लगाई गई है।

होलिका दहन स्थलों पर भी सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम रहेंगे। फायर ब्रिगेड टीमों को भी लगाया गया है। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों, होटलों, शराब की दुकानों आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की जाएगी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाने तथा आपसी भाईचारें को बनाए रखने को कहा है।

# मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का मुकुट और नकदी चोरी

संवाददाता, बबेरू-बांदा

- घटना के बाद श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त

**अमृत विचार:** एक तरफ पुलिस लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने को लेकर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर शिकंजा कस रही है तो दूसरी तरफ छुटभैय्या चोर पुलिस के गश्त और चेकिंग की पोल खोल रहे हैं। ताजी घटना में मंदिर का ताला तोड़कर चोर चांदी का मुकुद और नकदी ले उड़े। श्रद्धालुओं ने चोरी पर आक्रोश जताते हुए पुलिस से शीघ्र खुलासे की मांग की है।

लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस के दावों की चोरों ने पोल खोल दी। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल में गांव करीब पांच सौ मीटर की दूरी में प्राचीन हनुमान मंदिर है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर आकर पूजा-अर्चना करते हैं। शनिवार की देर रात मंदिर के पुजारी रामेश्वर दास महाराज आरती के बाद मंदिर का ताला बंदकार सोने चले गए। रविवार सुबह करीब 5 बजे आरती करने पहुंचे पुजारी ने मंदिर का ताला टूटा देखा। हनुमान प्रतिमा पर लगा चांदी का मुकुट भी गायब मिला। दान पेटिका का भी ताला टूटा और नगदी गायब मिली। घटना की खबर पूरे गांव में आक की तरह फैल गई। कुछ ही देर में श्रद्धालुओं का मंदिर पर जमावड़ा लग गया। घटना की खबर मिलने पर चौकी प्रभारी चंद्रप्रकाश तिवारी हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुजारी व अन्य श्रद्धालुओं से घटना के बारे में जानकारी लेते हुए मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप


खदान में छापा मारने पहुंची टीम। अमृत विचार

### अवैध खनन करने पर 30 लाख का जुर्माना

**बांदा :** जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने सदर तहसील की कनवारा बालू खदान खंड संख्या पांच में छापा मार कार्रवाई की और अतिरिक्त खनन पाए जाने पर 30 लाख से अधिक का जुर्माना ठोका है। सदर तहसील क्षेत्र के कनवारा के गाटा संख्या 431 के खंड संख्या 5 में खनन पर कार्रवाई के गठित संयुक्त टीम ने छापा मारा। टीम ने यहां स्वीकृत क्षेत्र से निर्गत ईएमएम-11 के सापेक्ष स्वीकृत क्षेत्र से 2882 घनमीटर अतिरिक्त बालू का खनन और परिवहन पाया। जिसके एवज में टीम ने पट्टाधारक अर्चिशा माइन्स प्रा.लि. के निदेशक योगेश सिंह कुशवाहा के खिलाफ 30 लाख 93 हजार 800 रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की नोटिस जारी की है।

### तीन लोगों ने जहर खाया

**बांदा :** शहर के शांती नगर निवासी काजल (20) पुत्री प्रेमचंद्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। मटौध थाना क्षेत्र खैराड़ा गांव निवासी गीता (40) पत्नी देवेंद्र ने रविवार दोपहर घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। छतरपुर जिला के गोयरा गांव निवासी मनोज (24) पुत्र बल्लू ने रविवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज हो कर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। सभी को अस्पताल भर्ती कराया गया।

**तोहफा दिया** रोटी बैंक सोसाइटी ने ग्रामीणों को होली पर कपड़े व बच्चों को पाठ्य सामग्री दी

# जरूरत का सामान पाकर गरीबों के खिल उठे चेहरे



बच्चों को कपड़े बांटते रोटी बैंक के कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** बेसहारा और फुटपाथों पर जिंदगी बसर करने वालों को रोजाना रोटी मुहैया कराने का बीड़ा उठाने वाली रोटी बैंक सोसायटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने होली के मौके पर ग्रामीणों को कपड़ों के साथ जूते-चप्पल और बच्चों को पाठ्य सामग्री की सौगात दी। जरूरत का सामान पाकर गरीब-असहायों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

रोटी बैंक सोसाइटी समाज सेवा करके ग्रामीणों की लगातार मदद कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को समाजसेवी शेख सादी जमां के संरक्षण और रोटी बैंक सोसाइटी राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता तथा रोटी बैंक कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में सदर तहसील क्षेत्र के कहला गांव के मजरा बलुआ डेरा में होली के मौके पर ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल और बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। न्यायालय पेशकार रहमान अली ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही कानूनी और अधिकारों की जानकारी दी। महिलाओं को कानूनी अधिकारों के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं की दिशा और दशा सुधारने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। महिलाओं से योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। होली के अवसर पर जरूरत का सामान पाकर ग्रामीणों और बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर कहला ग्राम प्रधान ओमप्रकाश, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद सलीम, अलीम अहमद खान, शाहान अली, महेंद्र आदि रहे।

# प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पीआरडी स्वयंसेवक पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- प्रशिक्षण खत्म : स्वयंसेवकों ने परेड और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया

**अमृत विचार:** पीआरडी स्वयंसेवकों के 15 दिवसीय पुर्नप्रशिक्षण समापन पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पीआरडी स्वयंसेवकों पुरस्कृत किए गए। प्रशिक्षण के दौरान परेड और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में पीआरडी स्वयंसेवकों ने भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पैलानी तहसील क्षेत्र के जसपुरा स्थित ग्रामीण स्टेडियम में पीआरडी स्वयंसेवकों का 15 दिवसीय पुर्नप्रशिक्षण खत्म हो गया। समापन पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने परेड का निरीक्षण करते हुए पीआरडी स्वयंसेवकों की सलामी ली। पुर्नप्रशिक्षण में पीआरडी स्वयंसेवकों की टोली नंबर एक ने बाजी मारी। जबकि टोली नंबर तीन दूसरे और टोली नंबर दो तीसरे स्थान पर रही। अंतः विषय परीक्षा में कुलदीप मिश्रा अव्वल रहे। वाह्य विषय परीक्षा में शैलेंद्र कुमार पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्वांग सर्वोत्तम का पुरस्कार अवध नरेश को मिला। परेड के बाद विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वालीबॉल में अमित की टीम विजेता और रामप्रकाश की टीम ने उप विजेता रही। समापन पर सीडीओ ने सभी पीआरडी स्वयंसेवक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। परेड की प्रसंशा करते हुए पीआरडी स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कैंप कमांडेंट व उपनिदेशक आदित्य कुमार, कैंप एडज्यूटेंट राहुल सिद्धार्थ, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी जितेंद्र कुमार, सतीश कुमार, उदयभान आदि रहे।




सुन्नी

इफ्तार (सोमवार) 06:30 बजे | सहरी (मंगलवार) 04:42 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# लोगों ने मुहूर्त के हिसाब से किया होलिका दहन, दी शुभकामनाएं

## होलिका दहन के बाद घर-घर में भी जलाई गई होली और की गई पूजा -अर्चना

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में होलिका दहन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। शाम से ही होलिका दहन स्थलों पर लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। जो देर रात तक जारी रही। मुहूर्त के शुरू होते ही रविवार की रात को 10 बजे होलिका दहन किया गया। इसके बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में होली जलाई और पूजा-अर्चना की। उधर होलिका दहन के बाद रात में नवयुवकों की टोलियां इधर-उधर घूमती रहीं। रात में 12 बजे तक शहर में खासी चहल-पहल रही। जगह-जगह हुई होलिका दहन को देखने के लिए लोगों का भारी जन सैलाब उमर पड़ा। होलिका दहन स्थलों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा।

**400 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन किया गया:** होलिका दहन की तैयारी होली समिति के लोगों द्वारा काफी दिनों से की जा रही थी। रविवार को रात में 10 बजे से मुहूर्त शुरू होने के कारण लोग अलग-अलग स्थान पर होलिका दहन के लिए पहुंच गए। वहीं होलिका दहन को देखने के लिए भारी भीड़ भी जमा हो गई। शहर के मोहल्ला हवेली दरवाजा, समद नगर, शुकलाना पुरा, मलकपुरा बंधन वार्ड,सहित विभिन्न स्थानों पर होली जलाई गई। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी होलिका दहन हुआ। सोमवार को अब एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर और रंग डालकर होली मनाई जाएगी। होली खेलने के प्रति बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।



होलिका दहन में पूजा करते ग्रामीण। अमृत विचार

## एक नजर

### रात दस बजे तक नहीं खुलेंगी शराब की दुकानें

**महोबा।** होली त्योहार को लेकर शांति व्यवस्था रखने के लिए होलिका दहन वाले दिन से 25 मार्च को रात दस बजे तक आबकारी विभाग की सभी प्रकार की थोक एवं फुटकर बिक्री के दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिसके चलते होली पर्व पर एक भी शराब की दुकान नहीं खुलेगी, यदि कोई भी दुकान खुली पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। देशी शराब की थोक बिक्री का अनुज्ञापन (विदेशी मदिरा एव बीयर) की थोक दुकानों को 24 व 25 मार्च को बंद रखे जाने के निर्देश जारी किए गए, इससे दुकानदारों में खलबली मच गई है। वहीं पुलिस विभाग और आबकारी विभाग ने सख्त लहजे में कहा है कि अगर किसी ने भी नियमों का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। और उसका लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जायेगा।

### नगर पंचायत ने की होलिका दहन की तैयारी

**कुलपहाड़ महोबा :** होली त्योहार के लिए नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा व्यवस्था की गई । कुलपहाड़ नगर में 10 स्थान पर परंपरागत रूप से होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश गांव में एक एक जगह होलिका दहन किया गया। होली का त्योहार परंपरागत रूप से होलिका दहन के बाद शुरू होता है। इस कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा 10 स्थान चिह्नित किये गये है। जिसमें चौधरी तालाब ,सेनापति महल, बाघ विराजन मंदिर, अच्छे लाल के घर के पास, भूतेश्वर मंदिर ,गोविंद नगर पार्क ,पुरानी तहसील, नेताजी वार्ड ,सतियानपुरा ,सहित सभी स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी की गई है नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव ने बताया कि होलिका दहन संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत द्वारा सारी व्यवस्थाएं की गई हैं।



होली समारोह में एक दूसरे को गुलाल लगाते लोग। अमृत विचार

# अबीर-गुलाल लगाकर खेली होली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- विश्वकर्मा आर्मी के तत्वावधान में सलारपुरा में मनाया गया होली मिलन समारोह

**अमृत विचार।** विश्वकर्मा आर्मी ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली समारोह में विश्वकर्मा समाज के सभी भाइयों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही समाज के हित में विचार विमर्श किया गया।

विश्वकर्मा आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन विश्वकर्मा व प्रदेश अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले के सलारपुरा में विश्वकर्मा आर्मी के जिला अध्यक्ष केशव विश्वकर्मा के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रभु विश्वकर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प, गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। तत्पश्चात विश्वकर्मा आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित विश्वकर्मा ने सभी विश्वकर्मा भाइयों को गुलाल लगाकर होली पर्व को भाई चारे के साथ मनाया व प्रदेश महामंत्री विश्वकर्मा आर्मी कृष्णा विश्वकर्मा ने समाज के साथियों के साथ समाज हित की बात की कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर विश्वकर्मा ने किया।

इस मौके पर विश्वकर्मा आर्मी के प्रदेश महामंत्री कृष्णा विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित विश्वकर्मा,जिला अध्यक्ष केशव विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष वासुदेव, विश्वकर्मा, जिलाउपाध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा, प्रवेश विश्वकर्मा, केसी विश्वकर्मा, राजीव विश्वकर्मा, ज्वाला प्रसाद विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, प्रिंस विश्वकर्मा, सहित विश्वकर्मा आर्मी के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के प्रचार में जुटें सुभासपा कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एनडीए गठबंधन में शामिल सोहेल देव भारतीय समाजपार्टी के राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति ने महोबा आकर सोहेल देव पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का सभी को संदेश बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी कुं. पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है, जिसके चुनाव प्रचार में सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मेहनत और ईमानदारी से जुट कर विजयी बनाए।

राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि सोहेलदेव पार्टी का गठबंधन भाजपा के साथ हो जाने के कारण कहीं पर सोहेलदेव पार्टी भाजपा के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ रही है। हमीरपुर महोबा क्षेत्र में गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महोबा भेजा है। यहां रहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए जगह जगह जाकर जनसंपर्क किया जाएगा और भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट भी मांगे जाएंगे।

राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि सोहेलदेव पार्टी के जिलाध्यक्ष और महामंत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की अलग अलग टीमे गठित करके चुनाव प्रचार अभियान में अभी से जुट जाएं ।



राष्ट्रीय सचिव कालूराम प्रजापति का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

- भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा सुहेलदेव पार्टी के सदस्य अलग से करेंगे प्रचार

## जिला पुलिस ने पांच अभियुक्तों को पकड़ा

**महोबा।** जिले में वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुलपहाड़ और खन्ना थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से पांच वांछितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुलपहाड़ भास्कर मिश्र के नेतृत्व में कांस्टेबल दिनेश सिंह, राजेश कुमार ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे फूल सिंह(24) को ग्राम बेलाताल के श्रीनगर तिराहे से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थाना खन्ना के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार नागर ने बताया कि खन्ना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त संतोष (42) पुत्र भूरा, रफीक अहमद (37) पुत्र बसीर अहमद निवासीगण खन्ना, ब्रजेंद्र (38) पुत्र जयप्रकाश, जयप्रकाश तिवारी (64) पुत्र शिवबालक निवासीगण ग्राम तिंदुही खन्ना को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है।

# आफत: पुष्टाहार कम मिलने से कार्यकत्रियों की बढ़ी मुश्किलें

संवाददाता, जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** बाल विकास परियोजना विभाग की लापरवाही के चलते आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लाभार्थियों के अनुपात में पुष्टाहार न दिए जाने से कार्यकत्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपनी समस्याओं से परियोजना अधिकारी को रूबरू कराया गया, लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ।

जैतपुर बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलने वाला पुष्टाहार छोटे छोटे बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं के लिए वितरित किया जाता है, लेकिन पुष्टाहार कम मात्रा में मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री लाभार्थियों से विवाद की अशंका होना बता रही है। जैतपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रामकुमारी गोस्वामी का कहना है कि उनको धात्री महिलाओं का पुष्टाहार दलिया, चने की दाल, रिफाइंड महिलाओं को दिया जाता है। बताया कि इस माह मार्च में दो महिलाओं का ही पुष्टाहार दिया गया है, जिससे कार्यकत्री लाभार्थी महिलाओं को कैसे वितरण करें यह एक बड़ी समस्या पैदा हो गई है।

इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकत्री संतोष कुमार, जानकी देवी सहित तमाम कार्यकत्रियों ने बताया कि लाभार्थी महिलाओं को अनुपात के अनुसार से पुष्टाहार नहीं दिया गया है, जिससे वितरण के समय विवाद की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

इस बावत मुख्य सेविका अशोक कुमार का कहना है कि लखनऊ से ही आवंटन बनता है उनके द्वारा कोई काम नहीं किया जाता है। फीडिंग में कमी के कारण आवंटन कम हुआ है। अगली बार इस पर ध्यान दिया जाएगा।



आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

- लाभार्थी अधिक और पुष्टाहार कम मिलने से आए दिन होता रहता है विवाद

## अवैध शराब समेत महिला व तमंचा सहित युवक दबोचा

**महोबा।** थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक राधामोहन त्रिवेदी कांस्टेबल श्रेयश दुबे की एक टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर धर्मेंद्र (28) पुत्र वीरन रैकवार निवासी ग्राम आरी अजनर को 315 बोर अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा है। इसी प्रकार थानाध्यक्ष कुलपहाड़ भास्तक मिश्रा द्वारा गठित टीम के एसआई शेरेआलम खां, एसआई रीता मौर्या, कांस्टेबल सोम सिंह, इंद्रपाल ने पूजा कबूतरा पत्नी वीरेंद्र निवासी ग्राम मुढारी कबूतरा डेरा को 50 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने वाले उपकरण सहित गिरफ्तार किया।

# 101 अन्ना मवेशी पहुंचाये गये गौशाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अन्ना पशुओं को भूख, प्यास और गर्मी, तेज धूप से बचाने के लिए चलाया गया अभियान

**अमृत विचार।** पालिका प्रशासन के निर्देश पर तीन दिन तक चलाए गए अभियान के तहत 101 अन्ना मवेशियों को खदेड़ कर कान्हा गौशाला मुढारा में बंद कराया गया है, जिससे भीषण गर्मी और तेज धूप में अन्नापशुओं को खानपान के साथ पानी की भी व्यवस्था हो सके। गर्मी और भूख प्यास से अन्नापशुओं को बचाया जाए ।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के निर्देश पर नगर पालिका परिषद महोबा के सफाई कर्मचारियों की कई टीमों को लगाकर जगह जगह घूम रहे अन्नापशुओं की घेराबंदी कर उन्हें खदेड़ कर गौशालाओं में भेजा गया। प्रशासन के निर्देश पर 22 मार्च से शुरू हुआ अभियान तीन दिन तक चलने के बाद रविवार को समाप्त हो गया। तीन दिन में 101 अन्नापशुओं को सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र की देखरेख में पकड़ वाने के बाद गौशाला भेज दिया गया, जहां पर अन्नापशुओं के लिए खानपान की व्यवस्था कराई गई है।



गौशाला में अन्नापशुओं को ले जाते कर्मी।

# तालाबों की जमीन पर हो रहे कब्जे, जिम्मेदार अनजान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अधिकारियों की अनदेखी के चलते तालाबों पर अवैध कब्जे होते जा रहे हैं। कब्जों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे तालाब का क्षेत्रफल दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है और उनकी जल भंडारण क्षमता तेजी से घट रही है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता है और न ही साल भर तक सरोवरों से पेयजल आपूर्ति हो पाती है, इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

चंदेल शासकों द्वारा मदन सागर, कीरत सागर, कल्याण सागर और विजय सागर सरोवरों को पहाड़ों के आसपास बनाए थे, जिससे बारिश होने पर पहाड़ों के पानी से तालाब भर सके, लेकिन बदलते वक्त के साथ सबकुछ बदल गया। तालाब और पहाड़ों से सड़कें निकाल दी गई है, जिससे पहाड़ों का तालाबों में जाने वाला पानी सड़कों ने रोक दिया है। इससे बारिश का भरपूर पानी तालाबों में पहुंच पाने से तालाब 50 से 60 फीसदी तक भर पाते हैं।

दूसरों की प्यास बुझाने वाले तालाब अब खुद प्यासे हैं। कीरत सागर और कल्याण सागर सरोवर में तालाब में बड़े पैमाने पर मकान बनते जा रहे हैं, जिससे इन तालाबों का क्षेत्रफल 30 प्रतिशत कम हो गया है, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने तालाबों को बचाने के लिए कोई पहल नहीं की। नतीजतन धीरे धीरे एक के बाद एक तालाबों पर कब्जे होने से तालाब सिकुड़ते जा रहे हैं। इससे भविष्य में पानी को लेकर हाय तौबा मचना तय माना जा रहा है, लेकिन सिंचाई विभाग ने आज तक तालाबों के रकवे की नापजोख तक नहीं कराई है।



कल्याण सागर सरोवर में बने मकान। अमृत विचार

- जल भंडारण क्षमता कम होने से खत्म हो रहे तालाब
- आरोपियों पर कार्रवाई न होने से बढ़ते जा रहे हौसले

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं हट रहे तालाबों से कब्जे

**महोबा।** सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश होने के बाद भी तालाबों पर धड़ल्ले से कब्जे हो रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने तालाबों को बचाने के लिए पहले ही जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर अवैध कब्जों को हटवाने के निर्देश दिए थे। जिस पर कुछ दिन अमल हुआ, लेकिन प्रशासनिक और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ढिलाई के चलते धीरे धीरे भूमाफियाओं द्वारा तालाबों की जमीन बेची जा रही है। जिससे तालाबों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है।

# सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग हुए घायल

**महोबा।** जिले की अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कस्बा चरखारी के मोहल्ला चिंतेपुरा निवासी चतुर्भज (65) गल्लामंडी के पास सड़क पार कर रहा था, तभी एक बाइक सवार युवक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत नाजुक होने से डाक्टरों ने मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

इसी प्रकार थाना श्रीनगर के ग्राम बम्हौरीकला निवासी तुलसीदास (25) बाइक से श्रीनगर सामान लेने बाजार आ रहा था, तभी सामने से आ रही अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई, जिससे वह घायल हो गया। वहीं थाना खरेला के ग्राम पाठा निवासी विश्वास(33) को भी एक बाइक सवार ने सड़क पार करते समय टक्कर मार दी। इसी तरह प्रेमवती (24) पत्नी चंद्रशेखर निवासी ग्राम पहाड़िया अपने रिश्तेदार के साथ बाइक पर जा रही थी, तभी बाइक चालक का संतुलन बिगड़ जाने से वह भी बाइक से गिरकर घायल हो गई। वहीं थाना खन्ना के पास स्थित टोल टैक्स प्लाजा के पास 30 वर्षीय अज्ञात युवक को वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर हालत में सड़क पर पड़ा रहा, राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

**खत्म होती परंपरायें** | ग्रामीण अंचलों में भी होली पर्व के मौके पर अब नहीं सुनाई देती फाग, चारों तरफ बजने लगा डीजे

# धीमी पड़ती जा रहीं ईसुरी की फाग की तानें

नईमुर्रहमान,महोबा

**अमृत विचार।** बदलते जमाने के साथ अब बहुत कुछ बदल गया है। होली पर्व पर गाई जाने वाली फाग अब नहीं सुनाई देती। बुंदेलखंड के जनप्रिय लोक कवि ईसुरी की फागों की तान भी अब धीमी पड़ती जा रही है, वहीं जगह जगह अब फाग की जगह फिल्मी गीतों ने ले ली है। होली पर्व पर भी फागों की गूंज की बजाय डीजे में फिल्मी गीतों की आवाज सुनाई पड़ती है। अब इक्का दुक्का गांव में फाग होती भी है तो ताजा तरीन फिल्मी गानों की तर्ज पर होती है।

गौरतलब है कि एक जमाना था, जब बुंदेलखंड के हर जिले में ईसुरी रचित फागों को गाए बिना होली नहीं होती थी। होली पर्व के पहले ही ग्रामीण अंचलों में फागों की ताने सुनाई पड़ने लगती थी। गांवों के अलावा शहर और कस्बों के कुछ इलाकों में भी खूब फागें गाई जाती थी। फगुवारों के दल अब बहुत कम निकलते हैं, लेकिन साउंड सिस्टमों में जगह जगह गूंजते फिल्मी होली के गानों की ऊंची आवाजों के बीच उनकी ढोलक की थाप थम सी गई। लोग कवि ईसुरी में अपनी जिन भागों की रचना की थी उनमें श्रृंगार वियोग के पक्षों को सीधे साधे ग्रामीण शब्दों में पिरोया गया था, जिससे वह लोगों की जबान पर चढ़ गए थे।



ईसुरी फाग गाते ग्रामीण। अमृत विचार

- युवा पीढ़ी गांव में होने वाली फागों के प्रति पूरी तरह से है अंजान, अब बजने लगे डीजे

### चरवाहे तक खेत खलिहानों में गाते थे ईसुरी की फागे

**महोबा।** समूचे बुंदेलखंड में ईसुरी की फागों को बेहद पसंद किया जाता था। बुंदेली भाषा में फाग रचने वाले लोक कवि ईसुरी की फागें इतनी सादा होती थी कि खेत खलिहानों और जंगलों में पशु चराने वाले चरवाहे तक उनकी फागें गा लेते थे। जबकि इन्हें गाने में अच्छे गायक भी लड़खड़ा जाते थे। इसके अलावा परम्परागत फागों के गायक भी इस त्योहार पर पुरानी फागों को गाते थे, जिसमें किसानों, मजदूरों के जीवन का चीतर्ण होता था, खेती किसानी की बाते होती थी और प्रेम रस के शब्दों में द्विअर्थी मजाक छिपे होते थे।

# परम्परागत होली हो रही समाप्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड की परम्परागत होली का अस्तित्व अब खत्म होता जा रहा है। पहले की होली का त्योहार प्रकृति के रंगों टेसू, गुलाब, गुड़हल के फूलों से रंग तैयार किया जाता था, इसी रंग से लोग होली खेलते थे। कपड़ों और शरीर पर रंग पड़ने के बाद भी नुकसान पहुंचाने के बजाय उल्टा कपड़ों से सुगन्ध आती थी, लेकिन अब इन रंगों का स्थान केमिकल के मिलावटी रंगों ने ले लिया है, जिससे लोग अब होली में रंगों के डर से घरों में कैद रहना अधिक पसंद करते हैं।

मालूम हो कि तीन दशक पहले होली खेलने का एक अलग अंदाज था। चौराहों और सड़कों के किनारे व मैदानों में बड़ी बड़ी पीतल की नादों और जानवरों को पानी पिलाने वाली चरही एवं ड्रमों में टेसू व अन्य फूलों का रंग भरकर लोग उत्साह के साथ होली खेलते थे। इतना ही नहीं होली त्योहार को लेकर दो दिन पहले टेसू के फूल गुड़हड़ व अन्य फूलों का इंतजाम करते थे, लेकिन अब केमिकल रंगों के बढ़ते चलन से लोग पवित्र रंगों के त्योहार से दूर होते जा रहे है, यही वजह है कि अब पहले जैसी सड़कों पर भीड़ दिखती है और ही होली खेलने वाली टोलियां दिखती हैं। भांग की जगह अब दारू ने ले ली है, जिससे अब त्योहार पर दारू पीने के बाद लोग झगड़ा करने लगते हैं। इस वजह से भी लोग होली त्योहार से दूर रहते हैं।



बुंदेलखंड में इन्हीं टेसू के फूलों से बनाए जाते थे रंग। अमृत विचार

- बड़ी-बड़ी पीतल की नादों में प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी होली

### रामलीला मैदान में होली पर होता था बड़ा जलसा

राठ रोड पर पुराने रामलीला मैदान में दसकों पहले होली का शानदार जलसा होता था। इस जलसे का आयोजन मकुंदलाल तिवारी, उसके बाद उनके पुत्र बाबूलाल तिवारी द्वारा किया जाता रहा था। बाबूलाल तिवारी ने पुरानी विरासत को दशकों तक कायम रखा। रामलीला मैदान में दो बड़ी बड़ी पीतल की नादो में प्राकृतिक रंग बनवाए जाते थे और एक नाद में भांग की ठंडाई तैयार कराई जाती थी । इस मैदान में संगीत के साथ फाग रात्रि 12 बजे तक होती थी, अब यह बड़ा जलसा बाबूलाल तिवारी के स्वर्गवास हो जाने के बाद खत्म सा हो गया है।

### फागों के दौरान पहले होती थी अबीर गुलाल की बारिश

तीन दशक पहले होली पर्व के कई दिनों पहले से गांव गांव में फागों की चौपाल सज जाती थी। शाम होते ही ग्रामीण अपने कामकाज निपटाकर फागें सुनने के लिए पहुंच जाते थे। और फाग सुनते व सुनाते हुए एक दूसरे पर गुलाल की बारिश करते थे।

# होलिका जलते ही उड़ाने लगे रंग-गुलाल

## होलिका दहन को लेकर पुलिस रही अलर्ट, फोर्स लगातार सभी क्षेत्रों में गश्त करता नजर आया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले भर के कुल 653 स्थानों में शांतिपूर्ण माहौल के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। होलिका दहन को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। रात के समय किसी भी प्रकार की हुड़दंग न मचे। इसके लिए पुलिस की टीमें लगातार सभी क्षेत्रों में गश्त करतीं नजर आईं और लोगों को सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में एसपी दीक्षा शर्मा की अगुवाई में देर रात होलिका दहन कार्यक्रम हुआ। वहीं पुराने तहसीलदार कालोनी परिसर, रमेड़ी गौशाला, डिग्गी रमेड़ी तरौस, कांशीराम कालोनी, हाथी दरवाजा, रहुनियां धर्मशाला, मेरापुर, भिलांवा, गौरा देवी, कालपी चौराहा समेत जिलेभर के कुल 653 स्थानों में होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्यालय में शहर कोतवाल अपनी पूरी टीम के साथ गश्त करते नजर आए। अलग अलग स्थानों में बीट अधिकारियों को भी लगाया गया था। ताकि कहीं पर भी अराजकता न फैल सके। पूरे शांतिपूर्ण माहौल के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हो गया।

मौदहा संवाददाता के अनुसार कस्बे के सात व कोतवाली क्षेत्र के 57 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। उप जिला अधिकारी राजेश चंद्रा व क्षेत्राधिकारी ने भी भ्रमण किया। कई स्थानों पर होलिका मिलन समारोह संपन्न हुआ। जमकर होली का रंग खेला गया। अति संवेदनशीलता की श्रेणी में आने वाले कस्बे में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्राधिकार श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रीय बल व पीएसी के अलावा स्थानीय पुलिस तथा मुख्यालय से आए पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त है और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने व सद्भाव के साथ होली बनाने की अपील भी की गई है।


नगर के एक मोहल्ले में होलिका दहन करते लोग। अमृत विचार

### बच्चों के साथ पर्व मनाने से मिलती है खुशी-अर्चना फाउंडेशन

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली सहित कुरारा, सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र में होली पर्व की पूर्व संध्या पर शनिवार को अर्चना फाउंडेशन के डायरेक्ट एवं उनके सदस्यों ने गरीब परिवार के बच्चों के साथ होली का पर्व मनाया। उन्होंने ने बच्चों को पिचकारी, अबीर, गुलाल, मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान कई बच्चों के आंखों से खुशी के आंसू छलक गए। अर्चना फाउंडेशन की डायरेक्ट ने कहा कि होली का पर्व खुशियाँ, समृद्धि एवं गौरवशाली बनने का प्रतीक है। इस पर्व पर चाहे धनवान हो या गरीब सभी को अपना पर्व मनाना चाहिए। बच्चों के साथ पर्व मनाने से खुशी मिलती है।

### होली पर 108 व 102 एंबुलेंस हॉटस्पॉट पर रहेंगी उपलब्ध

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से संचालित 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं होली के दौरान भी 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए अलर्ट मोड़ पर रहेंगी। इसके लिए जिला प्रभारी कपिल वार्ष्णेय ने एंबुलेंस के सभी ईएमटी व पायलट को दिशा निर्देश देते हुए होली के मौके पर पूरी तत्परता के साथ जुटने को कहा है। 102 एवं 108 एंबुलेंस के जिला प्रभारी कपिल वार्ष्णेय ने बताया कि जिले में 108 सेवा की 18 एंबुलेंस और 102 सेवा की 16 गाड़ियां हैं। होली के दौरान सभी एंबुलेंस को हॉटस्पॉट पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि लोगों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सेवा उपलब्ध कराई जा सके। सभी एंबुलेंस में ऑक्सीजन व अन्य जीवन रक्षक दवाएं मौजूद हैं। कहा कि होली के दौरान कोई भी इमरजेंसी होने पर 108 डायल करें। जो कि 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेगी। मारपीट, सड़क दुर्घटना या फिर अन्य किसी इमरजेंसी पर तत्काल 108 नंबर डायल करें। ताकि तत्काल एंबुलेंस की सेवा मिल सके। जिला प्रभारी ने बताया कि होली के दौरान 102 एंबुलेंस सेवा भी गर्भवती महिलाओं व दो वर्ष साल तक के बच्चों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। 102 एंबुलेंस सेवा निशुल्क है। 102 में गर्भवती महिलाओं व दो वर्ष तक के बच्चों को घर से अस्पताल लाने व वापस घर छोड़ने की सुविधा भी निशुल्क है।

### कस्बा सहित 66 स्थानों पर हुआ होलिका दहन

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की रात होलिका दहन किया गया। फाग गायन करते हुए लोगों ने होलिका दहन किया। 66 स्थान पर होलिका दहन किया गया है। कस्बे में दो स्थान पर होलिका दहन किया ।जिसमे नाला के पास नौटंकी मैदान में तथा दूसरी होली नगर पंचायत के पास जलाई गई।

# महिलाओं ने होली को बदरंग होने से बचाया

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)


कुंडौरा में होली खेलती महिलाएं। फाइल फोटो

● कुंडौरा दरियापुर में महिलाएं निकालती है फाग

**अमृत विचार।** सत्तर के दशक में खूंखार डकैत मेंबर सिंह के द्वारा कुंडौरा में बदरंग की गई होली के रंगों को महिलाओं ने मोर्चा संभाल कर रंगारंग बना दिया। तब से अब तक इस गांव में महिलाओं के द्वारा ही होली पर्व पर फाग निकालने की परंपरा विद्यमान है।

सत्तर के दशक में कुंडौरा निवासी खूंखार डकैत मेंबर सिंह का पूरे क्षेत्र में आतंक कायम था। इसको पुलिस के मुखबिरों से बेहद चिढ़ थी। जैसे उसे आभास होता था कि फलां व्यक्ति पुलिस से उसके गैंग की मुखबिरी करता है। वह मौका पाकर उसका सफाया कर देता था। ऐसा ही एक वाकया होली के दिन कुंडौरा गांव में घटित हुआ था। गांव के लोग फाग निकालने के लिए रामजानकी मंदिर में एकत्र हुए थे। सभी फाग गायन के साथ रंग अबीर गुलाल की मस्ती में मस्त थे। इसी बीच यह खूंखार डकैत मेंबर सिंह अचानक अपने साथियों के साथ आ धमका और फाग गायन कर रहे गांव निवासी रसपाल पाल को गोलियों से भून दिया। मेंबर सिंह को शक रहता था कि उसके गांव आने पर रसपाल पुलिस से मुखबिरी करता है। होली के दिन हुई इस घटना से पर्व का रंग बदरंग हो गया और घटना के बाद गांव में फाग नहीं निकली। अगले वर्ष होली आने पर ग्रामीणों ने फाग न निकालने का निर्णय लिया। पुरुषों के इस निर्णय के बाद होली का रंग बदरंग होता देखकर गांव की महिलाओं ने साहस दिखाते हुए मोर्चा संभाला और पुरुषों की जगह गांव में फाग निकालकर रंगों के इस पर्व में रंग भरने का कठोर फैसला लिया। महिलाओं के इस निर्णय पर पुरुषों ने भी मुहर लगा दी और फाग के दौरान गांव से बाहर रहने का निर्णय किया। दरियापुर निवासी ओम हरिहर महाविद्यालय के संरक्षक रहे स्व. मुन्नी सिंह सेंगर बताते थे कि गांव के जमींदार बडे सिंह की इकलौती बहन भूरी देवी ने दरियापुर में महिलाओं की फाग निकालने की परंपरा डाली थी। तब से इस गांव में महिलाओं द्वारा फाग निकालने की परंपरा विद्यमान हो गई और यह फाग परंपरा आज भी कायम है। इस फाग में वह सब कुछ होता है जो पुरुषों द्वारा निकाली जाने वाली फाग में समाहित होता है। कवि ईसुरी की फाग के ऊंचे टेर महिलाओं की इस फाग में विद्यमान होते हैं। गांव निवासी श्रीमती कमलेश सिंह, पूर्व प्रधान उपदेश कुमारी, पुष्पा देवी, रामकली विश्वकर्मा, मुन्नी देवी यादव, चंदनिया आदि महिलाएं बताती हैं कि उन्हें मालूम नहीं है कि यह परंपरा कब शुरू हुई थी। जब से वह दुल्हन बनकर ससुराल आई है।

## एक नजर

### तमंचा के साथ शातिर को दबोचा गया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेठा तिराहे पर 315 बोर तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पतारा गांव के मजरा हरेठा तिराहे पर 315 बोर का तमंचा लेकर खड़े होने की सूचना मुखबिर ने पतारा चौकी प्रभारी शिवकुमार सिंह को दी। सूचना मिलने पर हमराहियों के साथ घेराबंदी कर पकड़ा, जिसने अपना नाम रामकरन पुत्र रमेश निवासी पतारा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा है।

### चोरी की नीयत से घुसा युवक पकड़ा गया

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के गायत्री तपोभूमि आश्रम में चोरी की नीयत से घुसे युवक को लोगों ने दबोचकर पुलिस के सुपुर्द किया है। बीती रात कस्बे तपोभूमि आश्रम में चोरी की नीयत से घुसे अनीश पुत्र भूरा निवासी टीहर बिवांर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने रविवार को इसे शांतिभंग के आरोप में न्यायालय भेजा है।

### चोरी करते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया

**कुराराा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मिस्रीपुर गांव में निर्माणधीन विद्यालय के सरिया एंगल चोरी से काट रहे चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी के कब्जे से कटर, व तमंचा कारतूस बरामद कर किया है। क्षेत्र के मिश्री पुर गांव निवासी पुजारी सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में सड़क किनारे महाविद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें लगे एंगल व सरिया काट रहे चोर संजय पुत्र हुकुम सिंह निवासी पचखुरा को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक कटर, तथा कटे हुए लोहे के सरिया

# बंदूक की सफाई में चली गोली

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● गोली वृद्ध के गले से सटते हुए निकल गई, घायल

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर शस्त्र जमा करने के लिए लोग थानों में पहुंच रहे हैं। वहीं रविवार की सुबह चिकासी थाने के चुरहा गांव में लाइसेंसी शस्त्र जमा करने से पहले शस्त्र की सफाई करने के दौरान अचानक गोली चल गई। गोली वृद्ध के गले से सटते हुए निकल गई। गोली से घायल वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

चिकासी थाने के चुरहा गांव निवासी पुनीत ने बताया कि रविवार उसके पिता परमेश्वरी दयाल (65) ने सुबह करीब 8 बजे अपने लाइसेंसी शस्त्र दोनाली बंदूक को जमा करने के लिए निकाला। बताया कि इसी दौरान वह बंदूक की सफाई करने लगे। तभी अचानक बंदूक चल गई। जिससे बंदूक से निकाली गोली परमेश्वरी दयाल के गले से सटते हुए निकल गई। आसपास मौजूद परिजनों ने जब गोली चलने की आवाज सुनी तो हड़कंप मच गया। आनन फानन परमेश्वरी दयाल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।


राठ सीएचसी में भर्ती घायल वृद्ध।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के जराखर गांव में रविवार की तड़के एक युवक ने सल्फास खा ली। युवक की हालत खराब होने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से नाजुक होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जराखर गांव निवासी रमेश चंद्र के 24 वर्षीय पुत्र राहुल ने रविवार की तड़के करीब साढ़े तीन बजे सल्फास खा ली। घटना को लेकर बताया जाता है कि पारिवारिक कलह के चलते युवक ने यह कदम उठाया।






# डिप्टी डीटीओ पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● सीएचसी के अधीक्षक ने सीएमओ से की शिकायत

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर आए डिप्टी डीटीओ पर अधीक्षक और आयुष्मान मित्र ने आयुष्मान योजना के तहत भर्ती मरीजों के नाम पर खर्च हुए रुपयों के संबंध में धमकाने और रिश्वत मांगने का आरोप लगा मुख्य चिकित्साधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सीएचसी में तैनात आयुष्मान मित्र बृजभूषण ने सीएमओ डा गीतम सिंह को भेजे शिकायती पत्र भेज कर बताया कि डिप्टी डीटीओ डॉ दीपक मणि नायक इसी माह की 19 मार्च तारीख को राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर आए थे। आरोप लगाते हुए कहा कि डिप्टी डीटीओ डॉक्टर दीपक मणि नायक उसके कमरे में जाकर वहां पर रखे दस्तावेजों की फोटो खींचने लगा। मना करने पर उसे धमकी दी। आयुष्मान मित्र ब्रजभूषण ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत भर्ती होने वाले मरीजों की धनराशि में से डिप्टी डीटीओ प्रतिमाह 5 हजार रूपये हिस्सा मांग रहा है। ऐसा न करने पर नौकरी से निकलवाने की धमकी दे रहा है। वहीं राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि बीती 13 जुलाई 2023 को तीन शवों का पोस्टमार्टम होना था तथा रोस्टर के अनुसार डॉक्टर दीपक मणि नायक की पोस्टमार्टम में ड्यूटी लगी थी।

# तीन चरवाहों को मधुमक्खियों ने काटा, हालत गंभीर

**हमीरपुर।** खेतों में मवेशी चराने गए किशोर सहित तीन चरवाहों पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया और बुरी तरह काट लिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए। जहां इमरजेंसी में तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक एक की हालत गंभीर है।

सुमेरपुर क्षेत्र के सुरौली ग्राम पंचायत के मजरा बड़ा कछार निवासी विजयपाल सिंह (5), बीरेंद्र सिंह (59) व आदित्य सिंह (15) सुबह घर से मवेशी लेकर खेतों में चराने गए थे। जहां वह सब एक बबूल के पेड़ के नीचे बैठकर छांव ले रहे थे। जख्मी बीरेंद्र सिंह ने बताया कि अचानक से मधुमक्खी का झुंड आ गया। जब तक कुछ समझे हमला करके जगह-जगह काट लिया।

व्यवस्था | जल संस्थान व बिजली विभाग ने सफल सेवा देने के लिए कसी कमर

# होली पर 48 घंटे बिजली व पानी की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रंग बिरंगे होली पर्व में जनपदवासियों के लिए जल संस्थान व बिजली विभाग दो दिन पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति करेगा। दोनों विभागों ने अपने कर्मियों को मुस्तैद कर दिया है। आलाधिकारियों सहित कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं। कहीं भी कोई समस्या हो उसे तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शहर के लिए 10 पानी के टैंकरों की व्यवस्था है। डिमांड आने पर उन्हें भेजा जाएगा।

होली पर्व में शहरवासियों सहित नगर व कस्बावासियों को जल संस्थान दो दिन बराबर 48 घंटे पेयजल की सुविधा मुहैया कराएगा। इसके लिए विभाग 60 नलकूपों व सात पानी की टंकियों 10 टैंकरों की मदद से 24 घंटे पानी की आपूर्ति कराए जाने का फैसला लिया है। हालांकि शहरी क्षेत्र में जिन स्थानों पर टंकियां बनी हैं। वहां सुबह चार घंटे व शाम को पांच घंटे पानी की सप्लाई दी जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां कर ली गई हैं। वहीं बिजली विभाग भी ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे जिले में दो दिन बराबर बिजली आपूर्ति कराएगा। जल संस्थान के सहायक अभियंता राहुल सिंह ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए विभाग के 10 टैंकरों तैयार खड़े हैं। साथ ही मुख्यालय सहित चारों तहसीलों में कुल 60 नलकूप व सात पानी की टंकियां संचालित हैं। कहा कि जिन शहरी इलाकों में टंकियों से पानी की आपूर्ति की जाती है। वहां सुबह छह बजे से 10 बजे तक व शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक पानी की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही जिन वार्डों व मोहल्लों में नलकूपों से आपूर्ति होती है। वहां बराबर 24 घंटे सप्लाई की जाएगी। । पानी की समस्या व लीकेज आदि होने पर इन नंबरों पर फोन कर सूचना दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए विभाग ने अपने नंबर जारी किए हैं। सहायक अभियंता जल संस्थान हमीरपुर-8887746690, अवर अभियंता विश्वलेंद्र सदर–9792828030 व अवर अभियंता राठ, सरीला–9956524568।

### गांव सहित शहरों में मिलेगी 24 घंटे बिजली

अधिशासी अभियंता अनिल अहूजा ने बताया कि शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिन बराबर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी। जिसके लिए सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया है। कहीं पर कोई भी समस्या आएगी उसे तत्काल ठीक किया जाएगा। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी।

### होली पर 31 रूटों पर दौड़ेंगी रोडवेज की अतिरिक्त बसें

**हमीरपुर।** परिवहन विभाग होली पर्व में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए 31 रूटों में बस सेवा बढ़ाई है। जो 22 मार्च से लेकर एक अप्रैल तक जारी रहेगी। विभाग घंटावार सभी बसों का समय निर्धारित किया है। यात्री को अपने गंतव्य तक समय से पहुंचने में आसानी हो रही है। रंगों भरा होली का त्योहार धूमधाम के साथ देश भर में मनाया जा रहा है। शासन ने होली पर्व में किसी को कोई असुविधा न हो। जिसके लिए सभी विभागों को निर्देशित किया है। जिसमें परिवहन विभाग की भी मुख्य भूमिका है। दूर दराज से नौकरी पेशा वाले लोग चलकर त्योहार में अपने घर पहुंचते हैं। जिनको परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के लिए विभाग ने जिले के 31 नए मार्गों पर रोडवेज बसें लगाई गई हैं। जिससे यात्रियों को समय से अपने गंतव्य तक पहुंचने की सुविधा मिल रही है।

### इन रूटों पर दौड़ रही बसें

**हमीरपुर।** सुबह साढ़े पांच बजे हमीरपुर, झांसी, महोबा बाया हमीरपुर, नौगांव लखनऊ बाया मुस्करा हमीरपुर, छह बजे हमीरपुर उरई लखनऊ बाया छतरपुर, छतरपुर लखनऊ वाया हमीरपुर उरई, हमीरपुर कर्बी उरई, साढ़े छह बजे हमीरपुर झांसी वाया महोबा हमीरपुर, हमीरपुर कानपुर कन्नौज आगरा वाया मथुरा, मथुरा आगरा कन्नौज बाया कानपुर हमीरपुर, साढ़े सात बजे मौदहा कानपुर महोबा बाया हमीरपुर, हमीरपुर पत्योरा उरई, हमीरपुर मथुरा महोबा। इसी प्रकार हमीरपुर मौदहा लखनऊ बाया सागर, सुबह साढ़े आठ बजे हमीरपुर गोरखपुर पडरौना महोबा, हमीरपुर आनंद विहार वाया महोबा, साढ़े नौ बजे आनंद विहार कानपुर वाया हमीरपुर राठ आदि 31 मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

होली पर्व को देखते हुए 31 रूटों में बसे बढ़ाई गई हैं। किसी भी यात्री को कोई असुविधा न हो इसके पूरा ख्याल रखा जा रहा है। कहा कि यह सेवा 22 मार्च से लेकर एक अप्रैल तक रहेगी। –**आरपी साहू, एआरएम**




# होलिकादहन स्थलों के दो विवाद निस्तारित

## कालपी के चबूतरा आनंदी देवी व छौंक ग्राम में था विवाद, होली शांति व सौहार्द से मनाने का आह्वान

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** होली को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस विभाग तथा प्रशासन के द्वारा पुख्ता किये गये थे। विभिन्न स्थानों में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, सीओ डॉ देवेंद्र कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने घूम-घूम कर होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। दो स्थानों पर विवाद पाया गया, जिसका मौके पर ही समाधान करा दिया गया।

कालपी नगर के 15 अलग-अलग स्थानो में होलिका दहन का कार्यक्रम 24 मार्च को निर्धारित समय के मुताबिक धार्मिक परम्पराओं से होलिका दहन करने की व्यवस्था की गई थी प्रशासन के द्वारा होलिका दहन स्थल पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। बीती शाम को उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार कोतवाल कामता प्रसाद ने कालपी नगर के मोहल्ला राम चबूतरा आनंदी देवी के पास होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। इस स्थान में होलिका दहन की भूमि को लेकर भगवान दास तथा सुरेश वर्मा दो व्यक्तियों के बीच में खींचतान चल रही थी। अधिकारियों के द्वारा दोनों पक्षों को अवगत कराया कि जिस स्थान में पिछले वर्ष 2023 में होलिका दहन किया गया था। उसी जगह पर ही होलिका दहन किया जाए। इसमें कोई भी पक्ष या व्यक्ति अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा। इसी प्रकार ग्राम छौक में अधिकारियों की टीम ने होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया तथा जरूरी निर्देश देकर समस्या का समाधान किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि होली के पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सभी ग्रामों तथा मोहल्ले में व्यापक इंतजाम कर दिए गए हैं। जनता के सहयोग से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा इसके लिए नागरिकों की मौजूदगी में आयोजित हो चुकी है।



विवाद को लेकर समाधान देते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार



मौके पर जांच करती विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

### बिजली विभाग की टीम रही सतर्क, होलिकादहन स्थल की परखी स्थिति

**कालपी :** रविवार को विद्युत विभाग के अभियंता जितेंद्र देव वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों की टीम के द्वारा घूम-घूम कर नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र के होलिका दहन स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने देखा कि होलिका दहन स्थल के ऊपर या आसपास बिजली केबिल या तार तो नही है। कहीं होलिका दहन की आग की लपटों से विद्युत विभाग की केबिल या तार जलकर क्षतिग्रस्त न हो। होली जलाने के समय कोई तार होली जलाने आए व्यक्तियों के ऊपर टूट कर न गिरे। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के निर्देशन के अनुसार अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, अनूप कुमार निगम, फ़हमीद खान आदि कर्मचारियों ने राम चबूतरा, महमूदपुरा, कागजीपुरा, निकासा, आलमपुर आदि मोहल्लो में होलिका दहन स्थल की हकीकत देखी। होलिका दहन स्थल के आसपास बिजली के खम्बो, तारों केविल तथा ट्रांसफार्मर की वास्तविकता को देखा। अवर अभियंता ने बताया कि होलिका दहन की वजह से बिजली के तारों या उपकरणों में कोई नुकसान न पहुंच सके। इसके लिए विभाग के द्वारा सतर्कता बरती गई है। इसी प्रकार विद्युत विभाग की टीम के द्वारा कई ग्रामों में भी पहुंच कर होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। विभागीय टीम ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के वक्त सतर्कता बरती जाए।ताकि कोई भी जगह होलिका दहन के कारण बिजली के तार या उपकरण चपेट में न आ सके। उन्होंने सहयोग करने के लिए जनता से अपील की है।

# होली को लेकर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- बार्ड नम्बर-7 शांतिनगर में सभासद ने करवाई सफाई

**अमृत विचार।** होली के त्योहार को देखते हुए नगर पालिका परिषद उरई की अध्यक्षा गिरजा चौधरी के प्रतिनिधि पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी के निर्देश पर शहर सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया।

पालिका का प्रयास रहा कि होली के त्योहार पर मुहल्लों में गंदगी न रह सके। उन्होंने हर मुहल्लों में सफाई कर्मचारियों की टीम को भेंजकर नालियों की गंदगी के साथ जमा कूड़े की साफ-करवाई गयी। शहर के बार्ड नम्बर-7 शांतिनगर में वहां के सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने स्वयं खड़े होकर सफाई नायक चंद्रशेखर आदि सफाई कर्मचारियों ने मुहल्ले में जमा गंदगी को साफ करने का काम किया।



सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

# बीमारी से तंग महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई (जालौन)।** बीमारी के चलते महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी आरती (30) पत्नी पूरन रविवार की सुबह करीब आठ बजे घर के काम कर रही थी। इसी दौरान वह घर में बने कच्चे कमरे में चली गई जहां उसने कच्चे कमरे में म्यारी में गमछे के फंदा बनाकर गले में डाल लिया और उस पर लटक गई। जब पति को कुछ समय तक पत्नी नहीं दिखी तो उसने उसे ढूंढने की कोशिश की। तो उसका शव कच्चे कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए और उसने आसपास के लोगों को बुला लिया। किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को नीचे उतरवाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में पति ने बताया कि पत्नी पिछले दो माह से बीमार चल रही थी।

# जालौन-गरौठा लोस सीट पर बसपा से सुरेश चंद्र गौतम प्रत्याशी घोषित

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** बसपा ने जालौन-गरौठा सीट से सुरेश चंद गौतम को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा प्रमुख मायावती की नाम पर मुहर लगते उन्हें अधिकारिक तौर पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। घोषणा के साथ ही प्रत्याशी मतदाताओं व कार्यकर्ताओं से मिलने निकल पड़े।

कालपी संवादताता के अनुसार बसपा ने होली पर्व को देखते हुए विभिन्न दलों के द्वारा सक्रियता बढ़ा दी है। जालौन-गरौठा लोकसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चन्द्र गौतम ने कालपी नगर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष हाशिम अली, हरनारायण पाल, जगाराम पाल, नयाज उल्ला खान, सुलेमान मंसूरी, महबूब भाई, जब्बार राईन, अरविन्द अहिरवा, सभासद पप्पू खां, बसिम अंसारी, बबलू मंत्री, कृपा शंकर, महबूब सिद्दीकी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे। बसपा के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुटने का आह्वान किया।



कालपी क्षेत्र में संपर्क करते बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम। अमृत विचार

- घोषणा के साथ ही बसपा प्रत्याशी क्षेत्र भ्रमण पर निकले

# पहली बार पत्रकार पोस्टल बैलट से करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने मतदान में लगे बी एलओ को निर्देश दिए है कि मतदान से पांच दिन पहले प्रत्येक मतदाता की मतदान पर्ची घर घर पहुंचाएं। इस बार पहली बार शासकीय कर्मचारियों की तर्ज पर समाचार संकलन में लगे पत्रकारों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

डीएम ने सभी एसडीएम से कहा कि प्रत्येक मतदान स्थल पर छाया, पानी आदि जरूरी सुविधाओ को देखें जिससे मतदाताओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता अपने घरों में रहकर मतदान करना चाहते है, उनकी कानूनी प्रक्रिया पहले से पूरी की जाए। जालौन जनपद में 20 मई को मतदान होना है, जिसके लिए मतदान की संपूर्ण व्यवस्थाएं पहले से पूरी कर ली जाएंगी। विकलांग मतदाताओं को व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



- मतदान से पांच दिन पहले मतदाताओं के घरों तक पहुंचाएं पर्ची : डीएम

# अतक्रिमण में हटाई गई दुकानें फिर सजीं

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

- जिलाधिकारी ने जमीन कब्जा मुक्त करा निषिद्ध क्षेत्र किया था घोषित
- अब प्रशासन साधे चुप्पी कब्जेदारों के हौसले बुलंद, कर रहे कब्जा

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय उरई के राठरोड पर काफी वर्षों से सरकारी नजूल की जमीन पर दुकानदार अवैध कब्जा करके ब्यापार कर रहे थे। इस मामले को तत्कालीन जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले दुकानदारों का अतिक्रमण बलपूर्वक खाली करवा करवा दिया था। इस सरकारी जमीन को निषिद्ध क्षेत्र घोषित भी कर दिया था।

इसके बाद भी राठरोड़ स्थित जगराम टिम्बर स्टोर, राठौर टिम्बर स्टोर के पार्टनर राजू बब्लू लोहे किबाड़, जंगले आदि की बिक्री अवैध रूप से सरकारी जमीन कब्जा करके कर रहे है। जिसकी बजह से राठरोड़ से निकलने वाली आम जनता को भारी दिक्कत का सामना तो करना ही पड़ रहा है उधर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए चले जा रहे हैं। फिर भी जिला प्रशासन अवैध कब्जाधारी दुकानदारों को हटाने की जहमत नहीं उठा रहा है।



अतिक्रमण किए दुकानदार। अमृत विचार

# माहिल तालाब पर कवि सम्मेलन व मुशायरा कल

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** जय मातेश्वरी समिति उरई के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 मार्च को माहिल तालाब पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया है।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन को सम्मानित भी किया जाएगा वरिष्ठ संरक्षक अविनेंद्र सिंह जादौन एवं संयोजक वीरेंद्र तथा उपाध्यक्ष बृजकिश गुप्ता ने बताया कि मुशायरा में गायत्री मिश्रा वाह से शाहिद महक भिंड से निराला अलीगढ़ से वेद प्रकाश मणि बामोर से हरनाथ सिंह एवं स्थानीय कवि काव्य पाठ करेंगे। कोषाध्यक्ष बाबूराम कौशल एवं महामंत्री रघुराज पत्रकार ने कहा कि शाम 4 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा।



जानकारी देते समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित।

# फसल चोरी से काटे जाने की आशंका

**उरई (जालौन)।** शहर कोतवाली उरई क्षेत्र के ग्राम रगेदा निवासी रामबाबू चौधरी पुत्र स्व. धनीराम ने अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी फसल चोरी से काटे जाने की आशंका है। जमीन में सरसों बोई है। पड़ोस का खेत वाला खचेरे पुत्र खिमोला निवासी नसीरपुर थाना आटा की फसल खेतों में खड़ी है। प्रार्थना पत्र में कहा गया वह न तो बटाई देना चाहता है और न ही पैसा देना चाहता है। चोरी से फसल काटना चाहता है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

संवाददाता, कालपी-जालौन

- पुलिस चला रही अवैध शराब पकड़ने का अभियान
- पुलिस बोली, शराब बेचने के लिए ले जा रहे थे

**अमृत विचार।** होली पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से अवैध शराब पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सक्रियता से कदम उठाए जा रहे है। एक बार फिर एक युवक को भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिलने पर उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह की टीम ने उसरगांव रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी करके आरोपी युवक अनन्त कुमार निवासी ग्राम उसरगांव थाना कालपी को नाजायज 40 लीटर कच्ची शराब ले जाते पकड़ लिया।

कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि युवक के खिलाफ पुलिस आबकारी अधिनियम 60 के अंतर्गत मुकदमे दर्ज करके चालान कर दिया है। बताते हैं कि आरोपी अवैध तरीके से शराब को बेचने के लिए ले जा रहा था। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि अभियान निरंतर चलता रहेगा।

**हत्यारोपी तमंचा सहित गिरफ्तार : उरई।** उरई शहर के राठ रोड स्थित मौनी मंदिर के पास एक हफ्ता पूर्व शराब पार्टी में दोस्त द्वारा दोस्त की हत्या किए जाने के हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपी बबलू नाई पुत्र राजाराम निवासी तुलसी नगर उरई को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बता दें ति 15 मार्च 2024 को दिनदहाड़े हत्या हुई थी। शराब के नशे में आपस में झगड़ा होने के बाद साथियों ने गोली मारकर अखिलेश की हत्या कर दी थी।



जिला अस्पताल परिसर में खड़े प्राइवेट वाहन। अमृत विचार

# निजी वाहनों का अस्पताल गेट पर कब्जा

**उरई (जालौन)।** मुख्यालय स्थित पुरुष जिला चिकित्सालय उरई के मुख्य गेट के दोनों ओर चालकों ने वाहन खड़े करने का अड्डा बना रखा है। इसकी वजह से अस्पताल आने वाले मरीजों एवं मरीजों बाहर ले जाने वाली सरकारी एंबुलेंस को निकलने में भारी दिक्कत सामना करना पड़ता है। बतातें चले कि जिला अस्पताल गेट के अंदर सड़क के दोनों ओर वाहनों को खड़ा कर आम जनता के आवागमन में बाधा डालने का काम किया जा रहा है। इसके बाद भी अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही करने से कतराते हुए देखे जा रहे है। अब नवागंतुक सीएमएस डा. जेजे राम अस्पताल परिसर में खड़े वाहनों को लेकर कितना गंभीर होते हैं।

**सतर्कता** | झांसी कानपुर मुख्यमार्ग, कोच रोड और बस्ती के अंदर पैदल मार्च

# पुलिस ने रूट मार्च कर समूह में खड़े लोगों से पूछताछ की

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव और होली के त्योहार के चलते जालौन पुलिस बेहद सतर्क है। इसके तहत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व शराब पकड़ने का अभियान चला रही है। वहीं रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया जा रहा है। रूट मार्च के दौरान पुलिस अफसरों ने लोगों से संवाद भी किया। समूह में खड़े लोगों से पूछताछ की। चेतावनी दी कि निषेधाज्ञा लागू है। पांच लोगों के एक साथ इस तरह खड़े होने पर कार्रवाई हो सकती है।

रविवार को एट थानाध्यक्ष अजय सिंह की अगुवाई में अर्ध सैनिक बल व स्थानीय पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्र में रूट मार्च किया। पुलिस ने गांवो की गलियों में फुट पेट्रोलिंग की, जिससे ग्रामीणों में सुरक्षा का एहसास हुआ और अराजकतत्वों में खलबली मच गई। पुलिस ने गांव की गलियों में खड़े आवारा किस्म के लोगो से पूछताछ की। कोई भी गड़बड़ी करने की स्थित में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही एट कस्बा में झांसी कानपुर मुख्यमार्ग, कोच रोड और बस्ती के अंदर पैदल मार्च के दौरान सार्वजनिक प्रतिष्ठानों और चौराहो पर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर जांच पड़ताल की।

एट के थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर चेकिंग अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। अगर किसी ने गड़बड़ी करने की हिमाकत की तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि धारा 144 लागू है। अगर सार्वजनिक स्थल पर चार से अधिक लोग जमा होते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।



रूट मार्च करती पुलिस। अमृत विचार



अतिसंवेदनशील बूथ का निरीक्षण करते अफसर। अमृत विचार

### एसडीएम व सीओ ने अतिसंवेदनशील बूथ का लिया जायजा

**उरई( जालौन)।** लोकसभा चुनावों में किसी बूथ पर शांति भंग न हो और पूर्व के चुनावों को देखते हुए अतिसंवेदनशील बूथोंका एसडीएम व सीओ ने निरीक्षण कर लोगों से जानकारी ली। लोगों से चुनाव आचार संहिता के पालन करने की अपील की। पूर्व के चुनावों में को देखते हुए चुनाव आयोग द्वारा कोतवाली क्षेत्र में कुछ बूथों को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की श्रेणी में रखा है। ऐसे बूथों पर लगातार प्रशासन नजर रखे हुए है। एसडीएम अतुल कुमार और सीओ रामसिंह अतिसंवेदनशील बूथ के रूप में चिन्हित सहाव के बूथ पर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की और पूर्व में हुई घटनाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी प्रकार से चुनाव के दौरान शांतिभंग नहीं होनी चाहिए। प्रशासन की नजर लगातार ऐसे बूथों पर बनी हुई है जहां कभी किसी भी प्रकार की घटना हुई है। यदि कोई शांतिभंग की कोशिश करता है अथवा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करता है तो तत्काल ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई मतदाता को डराने धमकाने की कोशिश करता है तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने ग्रामीणों से ष्पक्ष ढंग से मतदान में हिस्सा लेने की अपील की।

# मजार में बनाई जा रही सीढ़ियां प्रशासन ने कराई ध्वस्त

संवाददाता, कालपी (जालौन)

- प्रशासन की सूझ-बूझ से मामला तूल पकड़ने से पहले ही हुआ शांत

**अमृत विचार।** हाईवे विस्तारीकरण के दौरान तोड़ी गई मस्जिद की मजार में सीढियां बनाने पर प्रशासन सतर्क हो गया। ववाल होने की आशंका में भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने निर्माण तोडकर मामला शान्त करा दिया।

बताते चलें कि धार्मिक स्थलों की वजह से नगर सीमा में फोरलेन परियोजना काफी दिनों तक अधूरी पड़ी रही थी हालांकि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद शासन के निर्देश पर हाईवे निर्माण मंव बाधक बने मंदिरों, मस्जिदों व मज़ारों को हटा दिया गया था हालांकि इस दौरान शासन द्वारा बवाल की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कानपुर जोन के पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया था और दो दिनों तक चली कार्यवाही में प्रशासन ने हाईवे निर्माण में बाधाओं को दूर कर दिया था लेकिन इस दौरान मुन्ना फुलपावर चौराहा स्थित तकी मजार को छोड़ दिया गया था। बताया जाता है कि इस मजार के आसपास कई बार निर्माण कर आकर्षक रूप देने की कोशिश की गयी लेकिन प्रशासन बवाल होने की आशंका में इसको यथास्थिति मे रखना चाहता है और नगर में साम्प्रदायिक सौहार्द ना बिगड़े इसके लिए इस मजार पर प्रशासन की नजर बनी रहती है लेकिन शनिवार को सड़क निर्माण में लगे मजदूर और कारीगरों ने कंकरीट और ईंटा लगाकर मजार में सीढियां बना दी थीं लेकिन इस मामले में हिन्दू संगठन सक्रिय होते उससे पहले प्रशासन सक्रिय हो गया।

आनन फानन मौके पर आये उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल, सीओ डॉ. देवेन्द्र पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गए और सीढियां बना रहे मजदूरों को हिरासत में लेकर निर्माण गिरवा दिया।



मजार की सीढियों को हटाते कर्मचारी। अमृत विचार

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अमृत विचार, डिडौली (अमरोहा) :** होली पर घर जा रहे बाइक सवार युवक को जोया में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। जिला बहराइच का रहने वाला युवक मंडी धनौरा क्षेत्र में काम करता था। बताया गया कि जिला बहराइच में मोतीपुर थाना क्षेत्र के गांव राजापुर निवासी रामखेलावन पुत्र राम सुमिरन मंडी धनौरा में काम करता था। शनिवार रात करीब 9 बजे जैसे ही उसकी बाइक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय हाइवे पर पहुंची तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। आरोपी वाहन चालक युवक को रौंदते हुए भाग गया। युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौक पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बाद में युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। रविवार सुबह पहुंचे परिजनों ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मामला दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। परिजनों की तहरीर प्राप्त हुई। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सौ वर्षों से यहां नहीं होता होलिका पूजन

**अमृत विचार, बबराला/संभल :** संभल जनपद के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में एक गांव ऐसा भी है, जहां करीब सौ साल से होलिका पूजन नहीं होता। रजपुरा विकास खंड के गांव भगता नगला के ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में करीब सौ साल पहले महामारी के दौरान दुखद घटनाएं हुई थीं। उसके बाद से ही ग्रामीण इस गांव में होली पूजन नहीं करते हैं। हालांकि होली के दिन महिलाएं चामुंडा माता की पूजा अर्चना कर गांव में सुख-शांति की कामना करती हैं।

बुजुर्ग ग्रामीणों के अनुसार करीब सौ साल पहले होली के समय महामारी से हुईं मौतों के बाद गांव में होली नहीं मनाई गई। गरुण पुराण में उल्लेख है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उस घर में चूल्हा जलाने से उस व्यक्ति की आत्मा को दुख पहुंचता है। इसलिए घरों में 13 दिनों तक चूल्हा नहीं जला और पूजा नहीं हुई।

# सौहार्द, शांति और समता के प्रतीक होने चाहिए पर्व-त्योहार : मुख्यमंत्री

## पांडेयहाता की होलिका दहन शोभायात्रा में शामिल हुए योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

गोरखपुर : गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को होली की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पर्व एवं त्योहार सौहार्द, शांति और समता के प्रतीक होने चाहिए। कहीं कोई भेदभाव न हो, सभी एकजुट रहें। यही होली का भी संदेश है। शक्तिशाली समाज और समर्थ राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न रहे, सबके बीच मतभेद समाप्त हो।

मुख्यमंत्री योगी रविवार शाम पाण्डेयहाता में होलिका दहन उत्सव समिति की ओर से आयोजित होलिका दहन शोभायात्रा के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम एकजुटता की भावना से देश हित के लिए सक्रिय होते हैं तो पर्व-त्योहारों के उमंग और उत्साह का लाभ अनंत काल के लिए प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन और होली को सत्य, न्याय व धर्म की विजय के उल्लास का पर्व बताते हुए कहा कि जहां भक्ति होती है वहां स्वतः शक्ति आ जाती है। भक्ति और शक्ति का यह समन्वय होलिका दहन के रूप में देखने को मिलता है। होलिका दहन में यह संदेश निहित है कि अन्यायी और अत्याचारी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसका अंत सुनिश्चित होता है। होलिका दहन सन्मार्ग पर चलने वाले भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार का तथा अन्यायी हिरण्यकश्यप और होलिका के नष्ट होने का स्मरण पर्व है।



गोरखपुर के पांडेयहाता में लोगों के साथ फूलों की होली खेलते मुख्यमंत्री योगी।

### जब भी अन्याय होगा तो उसका दहन भी होना तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुराई की प्रतीक होलिका के दहन से यह संदेश भी मिलता है कि जब भी अन्याय होगा, पक्षपात होगा तो उसका दहन भी होना तय है। होलिका का दहन और हिरण्यकश्यप का वध उसी परम्परा का हिस्सा है जिसमें हम प्रतिवर्ष अन्यायी रावण का पुतला भी जलाते हैं। सकल सनातनी हजारों वर्षों की अपनी इस विरासत को उत्साह और उमंग से मनाते हैं। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन और होली को लेकर लोगों से यह अपील भी की कहीं ऐसा कोई कृत्य नहीं होना चाहिए जिससे उत्साह, उमंग बाधित हो। कहीं कोई टकराहट नहीं होनी चाहिए।

### भक्त प्रहलाद की आरती उतार योगी ने खेली फूलों की होली

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के उपरांत होलिका दहन शोभायात्रा के लिए सजाए गए रथ पर अवस्थित भक्त प्रहलाद की आरती उतारी। उनके चित्र पर फूल बरसाने के बाद बड़े ही उमंग से उपस्थित जनसमूह पर पुष्प वर्षा करते हुए फूलों से होली खेली। शोभायात्रा को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, पूर्व पार्षद रामभुआल कुशवाहा, होलिका दहन उत्सव समिति के अध्यक्ष विपिन पटवा समेत समस्त पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। होलिका दहन शोभायात्रा में रथ पर सजाई गई झांकियां सबके आकर्षण का केंद्र बनी हुईं थीं। इसमें श्रीरामलला और राम मंदिर की झांकी के साथ ही श्रीगणेश जी, शंकर पार्वती, राम सीता, ब्रह्मा सरस्वती, हनुमान जी, काली जी, बरसाने और मसाने की होली की झांकियां सम्मिलित थीं।

**हजारों वर्षों की विरासत सौंपते हैं**

**अगली पीढ़ी को :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि होली जैसे पर्व हजारों वर्षों की विरासत हैं। सतयुग के जिस कालखंड को जिसे दुनिया जानती तक नहीं, उसे हम संजोते हुए अगली पीढ़ी को सौंपते हैं। हमारा दायित्व है कि हम विरासत का संरक्षण करते हुए पर्व पर परम्पराओं की पवित्रता बनाए रखें। मुख्यमंत्री योगी ने होलिका दहन उत्सव समिति की इस बात के लिए सराहना की कि यह समिति 97 वर्षों से विरासत को संजोकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने लंबे समय तक समिति का नेतृत्व करने वाले स्मृति शेष ओम प्रकाश पटवा को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी।

# असम पुलिस की पकड़ में आए आतंकी से एटीएस भी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फिलहाल एनआईए कर रही पूछताछ, आईएस आतंकी हारिस ने उप्र. और उत्तराखंड में बम धमाकों की भी रची थी साजिश
- यूपी के कौन-कौन से शहर निशाने पर थे इसको लेकर भी होगी पूछताछ

**अमृत विचार :** बीते दिनों असम पुलिस की पकड़ में आए आतंकी संगठन आईएस के भारत प्रमुख हारिस फारुकी से एनआईए के बाद यूपी एटीएस भी अपनी हिरासत में लेगी। एटीएस अदालत की अनुमति से रिमांड पर लेकर अलीगढ़ मॉड्यूल के बारे में पूछताछ करेगी। इतना ही नहीं इस दौरान शाहनवाज, वजीहुद्दीन समेत इस मॉड्यूल के अन्य सदस्यों के बयानों के आधार पर भी उससे पूछताछ की जानी है, जिससे पता लगाया जा सके कि उप्र. के कौन-कौन से शहर उसके निशाने पर थे।

दरअसल, हारिस फारुकी सीरिया और इराक बार्डर पर आईएस के डिटेंशन सेंटर के लिए चंदा भी जुटा रहा था। इसमें उसकी मदद झारखंड का शाहनवाज और अलीगढ़ का प्रो. वजीहुद्दीन कर रहा था। हारिस ने उप्र. और उत्तराखंड में बम धमाकों की साजिश भी रची थी, ताकि बाद में उसे साम्प्रदायिक रंग दिया जा सके। हालांकि उसके मंसूबे सफल नहीं हुए और शाहनवाज की गिरफ्तारी के बाद उसे बांग्लादेश भागना पड़ा।

सूत्रों की मानें तो हारिस फारुकी ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन को निशाना बनाने के लिए आईईडी डिवाइस वाले बम का प्रयोग भी किया था। एटीएस को आशंका है कि बांग्लादेश भागने से पहले वह भारी मात्रा में विस्फोटक उप्र. या उत्तराखंड में छिपाकर रखे थे। इसलिए एटीएस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

### महिलाओं पर रंग डालने को लेकर आरोपी गिरफ्तार, कई हिरासत में

**अमृत विचार, धामपुर (बिजनौर) :** थाना क्षेत्र में खारी कुआं के पास होली खेल रहे हुरियारों ने बाइक सवार एक समुदाय के युवक और दो महिलाओं पर रंग व पानी डाल दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने अभद्रता की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कई आरोपियों को पकड़ लिया। एक युवक का चालान किया गया है। बताया गया कि गांव जमालपुर निवासी एक समुदाय का युवक शनिवार दोपहर 3 बजे अपनी मां और बहन को धामपुर में चिकित्सक से दवा दिलाने के लिए ले जा रहा था। जब वह खारी कुआं स्थित बाजार चौक के पास पहुंचा तो यहां सात-आठ लड़कों ने उसकी बाइक रोक ली। आरोपियों ने महिलाओं व युवक पर रंग डाल दिया। विरोध करने पर महिलाओं व उसके साथ अभद्रता की। बाइक पर पीछे बैठीं महिलाओं ने कहा कि हम बीमार हैं, दवाई लेने जा रहे हैं, हमारे ऊपर रंग मत डाओ, लेकिन युवकों ने उनकी एक नहीं सुनी। मना करने के बावजूद भी उन्हें रंग लगाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने सीओ धामपुर को जांच करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने कई आरोपियों को पकड़ लिया। हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की।

# बिना अनुमति भाषण और नकदी बांटने में एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के तहत सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 32,23,023 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के तहत बिना अनुमति के सभा करने, भाषण करने और मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने समेत ऐसे अन्य मामलों में नौ एफआईआर दर्ज की गयीं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को बताया कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 32,23,023 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 19,73,091, जबकि निजी स्थानों से 12,49,932 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 2,17,080, पोस्टर के 9,11,438, बैनर के 5,76,531 एवं अन्य 2,68,042 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी तरह निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 1,55,093, पोस्टर के 5,77,235, बैनर के 3,42,182 एवं अन्य 1,75,422 मामलों में कार्रवाई की गयी।

**लाउडस्पीकर एक्ट में 640 मामलों में कार्रवाई :** इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 265 मामलों में और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 640 मामलों में कार्रवाई की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में नौ एफआईआर दर्ज की गयी।

**3,53,925 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये :** पुलिस ने 23 मार्च तक 3,53,925 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये हैं। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 291 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3,523 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये।



गोमती नगर स्थित पारसनाथ सोसायटी में होली खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार

# इलेक्टोरल बांड के जरिए पूरे देश में बना लूट का रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने कहा, विपक्षी नेताओं को फर्जी मामलों में फंसाने का काम किया जा रहा
- सपा प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को किया सम्बोधित

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट करने पर तुली है। विपक्षी नेताओं को फर्जी केसों में फंसाने का काम किया जा रहा है। इलेक्टोरल बांड के जरिए पूरे देश में लूट का रिकॉर्ड बन गया है।

अखिलेश ने पार्टी मुख्यालय पर रविवार को काफी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों और कार्यों से लोकतंत्र शर्मसार हो रहा है। जनता के पास 2024 का लोकसभा चुनाव ही बड़ा अवसर है जब वह अपने वोट से अपना भाग्य बदल सकती है। यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सन् 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए निर्णायक सिद्ध होगा। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। नागरिक अधिकारों का हनन हो रहा है।

अखिलेश के मुताबिक, उप्र. महिलाओं से दुष्कर्म और पुलिस हिरासत में लोगों की मौतों के आंकड़ों में सबसे आगे है। भाजपा अपनी एकाधिकारी मनोवृत्ति के चलते यह भूल रहा है कि लोकतंत्र में असली ताकत जनता जर्नादन है।

## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

1. ऐसा व्यक्ति जिसकी पीठ पर कूबड़ निकल आया हो, वह जो पीठ के टेढ़ी होकर पीछे की ओर निकल जाने वाले रोग से पीड़ित हो।

4. जिसे जीत लिया गया हो, विजित।

5. 1. किसी वस्तु के अंशों का वितरण करना या बांटना 2. किसी वस्तु के आवश्यकतानुसार अलग-अलग अंश या विभाग करना, अंशों का विभाजन करना

7. 1. कबूतरों के रहने का दरबा, कपोत पालिका 2. वह गद्देदार कपड़ा जिसपर रोटियां रखकर तंदूर में डालते हैं।

9. जहाज़ चलाने का काम।

**ऊपर से नीचे**

1. कुरैश समुदाय से संबंध रखने वाला।

2. 1. नाम, संज्ञा 2. कथन, उक्ति 3. उपाधि

3. जिसकी बुद्धि नष्ट हो गई हो, जड़मति, हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़।

5. 1. जल में उत्पन्न होने वाली अर्थात कमलिनी 2. कुमुदनी 3. एक रागिनी 4. (पुराण) लक्ष्मी का एक नाम।

6. वनस्पति जो सब्ज़ी के रूप में प्रयुक्त होती हो, साग, तरकारी।

8. 1. धरती से फूट पड़ने वाली तेज़ धारा 2. एक तरह का उपकरण जिससे पानी को पतली धार या फुहार के रूप में चारों ओर गिराया जाता है, जलयंत्र 3. पानी या किसी तरल पदार्थ की पतली तेज़धार।



### वर्ग पहेली -19 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ट | ह | ■ | 2 बा | ■ | 3 भ |
| टा | ■ | ■ | 4 ब | हु | ज | न |
| न | ■ | 5 द | ■ | ब | ■ | भ |
| ■ | 6 ठे | ल | ठा | ल | ■ | न |
| 7 हो | ■ | ना | ■ | ■ | 8 फू | ■ |
| ट | ■ | य | ■ | 9 ढा | ल | ना |
| 10 ल | श | क | री | ■ | ना | ■ |

## सुडोकू -99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | | 8 |
| | | 9 | 1 | | | 4 | | |
| | 8 | | | 7 | | | 1 | |
| | 1 | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | 5 | | | 4 | | | 9 | |
| | | 3 | | | 5 | 2 | | |
| 4 | | 1 | | 3 | | | | |

### सुडोकू -98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 12.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** — आज शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होगी। परिजनों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। शत्रुओं के साथ सुलह होने की संभावना है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नए विरोधी सक्रिय हो सकते हैं।

**वृष** — आज नई तकनीक सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां न आने दें।

**मिथुन** — आज सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी को लेकर समस्या हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर के बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। परिवार में अनुशासन बनाए रखें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें।

**सिंह** — आज आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा। बच्चे मस्ती के मूड में रहेंगे। पारिवारिक विवादों का निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। परिवार में उत्सव की धूम रहेगी।

**कन्या** — आज रचनात्मक योजनाओं से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमर दर्द की शिकायत हो सकती है। आपके काम समय पर पूरे हो जाएंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**तुला** — आज लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। प्रेमी जन के ऊपर धन खर्च करेंगे। नशे से दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** — आज आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। दोस्तों के साथ पार्टी के लिए जा सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत सुखद है।

**मकर** — आज रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान और यश बढ़ेगा। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा।

**कुंभ** — आज मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। अपना खानपान संतुलित रखें। पाचन बिगड़ने से आप परेशान रहेंगे। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन बहुत सुखद रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। आप मित्रों के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनाएंगे। परिवार के साथ आप बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पूर्णिमा, होली। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 10.38 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- जिस देश में गंगा रहता है — सुबह : 10.22
- कर्तव्य — रात : 07.00

&pictures
- कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 11.09
- अंतिम — शाम : 05.11

Sony Pix
- स्पाइडर मैन — सुबह : 09.40
- ग्रैन टूरिस्मो — रात : 09.00

Zee Cinema
- परदेस — सुबह : 10.30
- क्रांति — रात : 07.40

Colors Cineplex
- विजय राघवन — सुबह : 10.30
- भोला शंकर — रात : 07.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.11 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू- ओए तूने लाली के साथ होली क्यों नहीं खेली?
पिंकू-अरे यार, उसका कोई बॉयफ्रेंड नहीं था।
टिंकू- तो उसमें क्या था, तू बन जाता उसका बॉयफ्रेंड!
पिंकू- नहीं यार, जो आज तक किसी की न हो सकी, वो भला मेरी क्या होगी।

पप्पू- यार होली आ गई है।
गप्पू-हां यार सही बोला
पप्पू- होली पर एक आवश्यक सूचना है।
गप्पू- क्या?
पप्पू-होली में इतने भी पुराने कपड़े मत पहन लेना कि जिससे कोई तुम्हें रोटी हाथ में थमाकर चला जाए।

## ऐसा था पहला आम चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली : देश का पहला आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। भारत का पहला लोकसभा चुनाव शुरू होकर खत्म होने में साल तक बदल चुका था। ये भारत का सबसे लंबा चुनाव था। पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस चुनाव में दुनिया की आबादी का करीब 17 फ़ीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। उस दौरान अलग-अलग तारीखों को मिलाकर कुल 17 दिन मतदान हुआ था। तब चुनाव आयोग ने पूरे देश में 1,96,084 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे।

कानपुर- बुंदेलखंड की 11 सीटों पर सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला

जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर पार्टी प्रत्याशी तय करने में जुटी

पार्टी ने कानपुर, कन्नौज, उन्नाव, इटावा, जालौन और अकबरपुर में उतारे उम्मीदवार

# बसपा के हाथी को सोशल इंजीनियरिंग के नए महावतों की तलाश

दिग्विजय सिंह, कानपुर



**अमृत विचार :** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में ढाई दशक पहले दो तिहाई लोकसभा सीटों पर बसपा का डंका बजता था। टिकट के लिए दावेदार लाइन में लगे रहते थे। लेकिन भाजपा के मज़बूत उभार और सपा के पैर जमाने से हाथी की चाल धीमी पड़कर अब उस दलदल में फंस चुकी है, जहां से बाहर निकलने के लिए पार्टी एक बार फिर उन जातीय महावतों की तरफ देख रही है, जो उसकी सोशल इंजीनियरिंग को नए सिरे से परवान चढ़ा सकें।

बसपा ने अब तक जो प्रत्याशी घोषित किए हैं, उसके पीछे यही रणनीति नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन और भाजपा ने बुंदेलखंड और कानपुर की 11 सीटों को जीतने के लिए एक- एक कर अपने तुरुप के पत्ते चलने शुरू कर दिए हैं। फतेहपुर, कन्नौज सीट छोड़ दें तो सपा ने अन्य सीटों पर चेहरे घोषित कर दिए हैं। भाजपा को अभी कानपुर सीट पर चेहरा घोषित करना है, कांग्रेस ने कर दिया है। इसके मुकाबले बसपा के हाथी की चाल धीमी पर सधी हुई है। पार्टी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है और बहुत सधे हुए तरीके से उम्मीदवार तय कर रही है। अभी इटावा, जालौन, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व उन्नाव सीट पर ही पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं।

फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर सीट पर बसपा कभी नहीं जीती। 2019 में तो सपा से गठजोड़ के बाद भी इस क्षेत्र में जहां उसके उम्मीदवार लड़े वे हारे। क्षेत्र की सभी 11 सीटें भाजपा के कब्जे में हैं। उन्नाव, कानपुर, इटावा, अकबरपुर, हमीरपुर- महोबा, बांदा- चित्रकूट, झांसी, जालौन- गरौठा, फतेहपुर, फर्रुखाबाद सीट पर लगातार दो चुनावों से भाजपा का कब्जा है। पार्टी ने 2019 की मोदी लहर में कन्नौज सीट भी सपा से छीन ली थी। इन सीटों पर भाजपा को धूल चटाने के लिए न सिर्फ इंडिया गठबंधन अपनी चालें चल रहा है तो बसपा मुखिया मायावती भी नाप- तौल कर चेहरे घोषित करने में जुटी हुई हैं। यही वजह है कि टिकट वितरण में पार्टी बहुत जल्दबाजी के मूड में नजर नहीं आ रही है।

### उन्नाव व अकबरपुर में ब्राह्मण चेहरे पर दांव

पार्टी बांदा- चित्रकूट सीट पर किसी ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतारकर सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को और धार देना चाहती है। अकबरपुर सीट पर उसने भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल के मुकाबले राजेश द्विवेदी को मैदान में उतार कर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। बांदा सीट पर सपा के टिकट में बदलाव के कयास कारण पत्ते बसपा नहीं खोल रही है। चर्चा है कि भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा से टिकट ला सकते हैं। भैरों के कदम का इंतजार बसपा को है। सपा में टिकट नहीं बदला तो पार्टी यहां ब्राह्मण चेहरे पर ही दांव लगाएगी। पार्टी ने उन्नाव सीट पर भी वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय को उतारा है और उसे उम्मीद है कि 2004 की तरह ही उसका ब्राह्मण वाला दांव कामयाब होगा। फतेहपुर सीट पर भी पूर्व विधायक आदित्य पांडेय बसपा से आ सकते हैं। वैसे यहां असलम शेर खां भी दावेदार हैं। कन्नौज सीट पर बसपा ने मुस्लिम चेहरा अकील अहमद को उतारा है तो कानपुर सीट पर ठाकुर जाति पर दांव लगाया है। हमीरपुर- महोबा सीट से किसी पिछड़ी जाति के नेता को समर में उतारा जा सकता है।

### बसपा के लिए बंजर जमीन जैसा क्षेत्र

कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्र बसपा के लिए बंजर जमीन जैसा है। 1999 और 2009 में हमीरपुर- महोबा सीट जीतने वाली बसपा पिछले चुनाव में दूसरे नंबर पर थी, लेकिन इस बार पार्टी के खेमे में टिकट को लेकर बहुत ज्यादा उत्साह नहीं दिख रहा है। यही स्थिति बांदा- चित्रकूट और जालौन- गरौठा सीट की भी है। 1999 के बाद से पार्टी यहां जीत के लिए तरस रही है। कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर सीट पर तो उसका कभी खाता ही नहीं खुला। उन्नाव में 2009 के बाद पार्टी जीत के करीब भी कभी नहीं पहुंची। फतेहपुर में भी 2004 के बाद पार्टी को जीत की दरकार है। 1991 में इटावा सीट से बसपा प्रमुख कांशीराम जीते थे तब से यहां पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं जीता। पार्टी यहां भी चेहरा तय कर दिया है।

## चुनाव कमाल का...

- 1948 से ही देश के नेताओं ने चुनावों की प्रक्रिया जुलाई शुरू कर दी थी। तब तक चुनाव कराने के लिए कोई कानून नहीं थे। डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर के नेतृत्व में, ड्राफ़्टिंग कमिटी (मसौदा समिति) ने कड़ी मेहनत कर संविधान का मसौदा तैयार किया था, जो 26 नवंबर, 1949 को पारित हुआ।
- 26 जनवरी, 1950 से संविधान लागू होने के बाद भारत को उस दिन चुनाव कराने के लिए नियम और उप-नियम मिले और देश आखिरकार भारत गणराज्य बना।
- 1950 में ही चुनाव आयोग का गठन किया गया और चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी भारतीय नौकरशाह सुकुमार सेन को दी गई। वे भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने।
- 1951 में जवाहर लाल नेहरू चाहते थे कि चुनाव बसंत में हों। हालांकि, मुक्त, निष्पक्ष, और पारदर्शी तरीके से, इतने बड़े पैमाने पर चुनाव कराना कोई आसान काम नहीं था।
- 36 करोड़ थी भारत की आबादी, जो उस समय एक बड़ी चुनौती थी। संविधान के लागू होने पर, भारत ने वोट डालने के लिए उसी उम्र को योग्य माना जो तब दुनिया भर में अपनाई जा चुकी थी। इससे 21 साल से ज़्यादा उम्र वाले 17 .3 करोड़ लोग वोट डालने के लिए योग्य हो गए।
- 1951 में जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तय किए गए फिर देश की ज़्यादातर अशिक्षित आबादी के लिए, पार्टी के चुनाव चिह्न डिज़ाइन करने, मतपत्र, और मतदान पेटी बनाने से जुड़ी समस्याएं थीं। मतदान केंद्र बनाए जाने थे। साथ ही, यह पक्का करना था कि केंद्रों के बीच सही दूरी हो। मतदान अधिकारियों को नियुक्त कर प्रशिक्षण देना भी जरूरी था।

## चुनावी तीर



भाजपा ऑपरेशन कमल के तहत सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रत्येक विधायक को इस्तीफा देने के लिए 50 करोड़ रुपये की पेशकश कर रही है। आयकर विभाग छापेमारी करता है, क्या अवैध तरीकों से धन इकट्ठा करने वाले अमीर लोग केवल विपक्षी दलों में हैं? क्या भाजपा में कोई ऐसा नहीं है? वे भ्रष्टाचार के पितामह हैं।

**- सिद्धरमैया,** मुख्यमंत्री कर्नाटक



कांग्रेस ने सदैव ही दमनकारी नीति को अपनाया है जिससे हर वर्ग के लोगों को कड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार की असफलताएं बताने पर पत्रकारों को परेशान किया जाता था। आपातकाल के दौर में कांग्रेस ने मीडिया पर सेंसरशिप लागू कर आवाज को दबाया। अब जबकि मीडिया इन्हें इनका असली चेहरा दिखा रहा है ।

**- दिया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री राजस्थान

# कैंसिल वोट ने कई बार बदला जीत- हार का गणित

भीष्म सिंह देवल,संभल

**अमृत विचार:** ईवीएम से मतदान शुरु हुआ तो कैंसिल वोट का झंझट खत्म हो गया। बैलेट पेपर से मतदान के युग में कई बार कैंसिल वोट का आंकड़ा जीत हार का गणित ही बदल देता था। मुरादाबाद मंडल की सीटों पर कई बार ऐसा हुआ कि कैंसिल वोटों की संख्या जीत हार के अंतर से काफी ज्यादा थी। संभल लोकसभा सीट पर 1991 के चुनाव में हार जीत का अंतर 1705 था जबकि कैंसिल वोट की तादात 25 हजार से भी ज्यादा थी। इसी तरह 1996 के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जीत हार का अंतर 1885 था और निरस्त मतों की संख्या 7510 थी।

आजादी के बाद लेकर 1999 तक हुए हुए लोकसभा चुनावों में बैलेट पेपर से मतदान होता था। मतदाता को मतदान केंद्र में रखी स्याही वाली मुहर से अपनी पसंद के उम्मीदवार के सामने वाले खाने में ठप्पा लगाना होता था । ठप्पा लगाने के बाद मतदाता बैलेट पेपर को मौड़कर बैलेट बाक्स में डाल देता था। इस तरह मतदान में कम पढ़ा लिखा मतदाता ऐसी गलती कर बैठता था जिस कारण मतगणना में उसके वोट को कैंसिल करार दे दिया जाता था। इस हालात में उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान अपना चुनाव चिन्ह बताने के साथ ही मतपत्र का नमूना दिखाकर मतदाता को यह भी समझाते थे कि उन्हें किस तरह मुहर लगानी है जिससे कि उनका वोट कैंसिल न हो। मतदान केंद्र के बाहर कतार में लगे मतदाताओं को भी उम्मीदवारों के समर्थक समझाते रहते थे कि किस तरह मतदान करें जिससे कि उनका वोट कैंसिल होने से बचा रहे। बाहर ही नहीं मतदान केंद्र के अंदर एजेंट यह प्रयास करते थे कि वह अपने वोटर के बैलेट पेपर पर अपने हाथ से मुहर लगा दें ताकि वोट कारगर रहे। इस प्रयास में अक्सर मतदान केंद्र के अंदर झगड़े भी होते थे। वहीं तमाम प्रयासों के बावजूद कैंसिल वोटों का आंकड़ा हजारों तक पहुंचता था। कई बार इन्हीं कैंसिल वोट की वजह से जीतने वाला हार जाता था और हारने वाले को जीत मिल जाती थी।

## बदला दौर

**बैलेट पेपर से चुनाव के दौर में मतदाताओं की गलतियां देती रही प्रत्याशियों का झटका**

**ईवीएम से मतदान में निरस्त वोटों का झंझट खत्म**




### कब कितने मत हुए कैंसिल

| मुरादाबाद सीट | | संभल सीट | | रामपुर सीट | | अमरोहा लोकसभा सीट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या | लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या | लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या | लोकसभा चुनाव का वर्ष | कैंसिल मतों की संख्या |
| 1977 | 5530 | 1977 | 5873 | 1977 | 9114 | 1977 | 6620 |
| 1980 | 6315 | 1980 | 6489 | 1980 | 9098 | 1980 | 7716 |
| 1984 | 8259 | 1984 | 8519 | 1984 | 11501 | 1984 | 9637 |
| 1989 | 19010 | 1989 | 18046 | 1989 | 28309 | 1989 | 17849 |
| 1991 | 16026 | 1991 | 25096 | 1991 | 22718 | 1991 | 14538 |
| 1996 | 7510 | 1996 | 5790 | 1996 | 12708 | 1996 | 7423 |
| 1998 | 6111 | 1998 | 9157 | 1998 | 9521 | 1998 | 6597 |
| 1999 | 6616 | 1999 | 7830 | 1999 | 10732 | 1999 | 8061 |

स्रोत:: भारत निर्वाचन आयोग की वेवसाइट

### संभल: हार जीत में 1705 वोट का अंतर कैंसिल हुए 25 हजार वोट

संभल। कैंसिल वोट से हार जीत का गणित बदलने का सबसे बड़ा मामला संभल लोकसभा सीट पर 1991 के लोकसभा चुनाव में सामने आया। इस सीट पर जनता दल उम्मीदवार के रूप में श्रीपाल सिंह यादव चुनाव मैदान में थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने मास्टर हरपाल सिंह को मैदान में उतारा था। दोनों के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ और मतणगना से पहले दोनों उम्मीदवारों के समर्थक अपनी जीत पक्की मान रहे थे। मतगणना के दौरान बड़ी तादाद में कैंसिल वोट निकलने शुरु हुए तो दोनों उम्मीदवारों के पसीने छूटने लगे। कैंसिल वोट में भाजपा उम्मीदवार के वोटों की संख्या ज्यादा थी ऐसे में वह ज्यादा बेचैन थे। नतीजे घोषित हुए तो भाजपा उम्मीदवार हरपाल सिंह सिर पकड़कर बैठ गये। श्रीपाल सिंह यादव 1705 वोट अंतर से चुनाव जीत गये थे। मतगणना में 25 हजार 96 वोट निरस्त घोषित किये गये थे। श्रीपाल सिंह यादव को 1,20, 134 वोट मिले थे जबकि हरपाल सिंह को 1,18,429 वोट मिले थे। संभल लोकसभा सीट के इतिहास में कैंसिल वोट का यह सबसे बड़ा आंकड़ा था। न तो इससे पहले कभी इतने वोट कैंसिल हुए और न ही इसके बाद। 1989 के लोकसभा चुनाव में 18 हजार 429 वोट कैंसिल हुए थे। इसके अलावा बाकी चुनावों में कैंसिल वोट का आंकड़ा कभी दस हजार के पार नहीं गया।

### रामपुर में 1989 व 1998 के चुनाव में दिया कैंसिल वोट ने झटका

रामपुर लोकसभा सीट पर भी कैंसिल वोट के आंकड़े ने उम्मीदवारों को एक नहीं दो बार झटका दिया। जितने वोट से जीत हार हुई उससे ज्यादा तादाद यहां भी कैंसिल वोट की रही। 1989 के लोकसभा चुनाव में रामपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर नवाब जुल्फिकार अली खां चुनाव मैदान में उतरे थे जबकि भारतीय जनता पार्टी ने उनसे मुकाबले के लिए राजेंद्र कुमार शर्मा को टिकट दिया था। दोनों के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ था। नवाब जुल्फिकार अली खां को 1 लाख 59 हजार 144 वोट मिले थे जबकि राजेंद्र कुमार शर्मा को 1 लाख 48 हजार 352 वोट मिले थे। इस तरह 10 हजार 792 वोट के अंतर से कांग्रेस के नवाब जुल्फिकार अली खां को विजयी घोषित कर दिया गया था। इस चुनाव में कैंसिल हुए वोटों की संख्या 28 हजार 309 थी। इसके बाद 1998 के लोकसभा चुनाव में भी रामपुर की सीट पर कैंसिल वोट ने उम्मीदवारों को टेंशन दी। इस बार भाजपा से मुख्तार अब्बास नकवी चुनाव मैदान में उतरे थे जबकि कांग्रेस ने बेगम नूरबानो को टिकट देकर मुकाबले पर उतारा था। मुख्तार अब्बास नकवी को 2 लाख 65 हजार 116 वोट मिले जबकि बेगम नूरबानो को 2 लाख 60 हजार 150 वोट मिले। इस तरह 4 हजार 966 वोट के अंतर से भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी को विजयी घोषित कर दिया गया। इस चुनाव में 9 हजार 521 वोट कैंसिल घोषित किये गये थे।

### मुरादाबाद: दो बार बदला कैंसिल वोट से जीत हार का गणित

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर एक नहीं दो बार कैंसिल वोट का आंकड़ा जीत हार के अंतर से कहीं ज्यादा था। ऐसे में इस सीट पर कैंसिल वोट की वजह से दो बार जीत हार का गणित बदला। बात 1991 के लोकसभा चुनाव की है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जनता दल उम्मीदवार हाजी गुलाम मौहम्मद व भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार बीपी सिंघल के बीच दिलचस्प चुनावी मुकाबला हुआ था। मतगणना हुई तो कम अंतर से दोनों के बीच जीत हार का परिणाम आया। हाजी गुलाम मौहम्मद 13 हजार 978 वोट से चुनाव जीते जबकि 16 हजार 26 वोट कैंसिल माने गये थे। इसके बाद 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में भी कैंसिल वोट की संख्या जीत हार के अंतर से कहीं ज्यादा रही। 1996 में समाजवादी पार्टी उम्मीदवार डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क और भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार संदीप अग्रवाल मुख्य चुनावी मुकाबले में थे। सपा उम्मीदवार डॉ. बर्क को 1 हजार 885 वोट के अंतर से विजयी घोषित किया गया था। इस चुनाव में 7 हजार 510 वोट कैंसिल माने गये थे जबकि 700 बैलेट पेपर मिसिंग माने गये थे। सपा के डा. बर्क को 2 लाख 42 हजार 30 वोट मिले थे जबकि भाजपा के संदीप अग्रवाल को 2 लाख 40 हजार 145 वोट मिले थे।

## पच्चीस वर्षों में 71 प्रतिशत ज्यादा मतदाता

**जयपुर,** राजस्थान में 19 एवं 26 अप्रैल को दो चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 में करीब पांच करोड़ 34 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे और पिछले 25 वर्षों में इनमें 71 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार राज्य में अब तक लगभग पांच करोड़ 34 लाख मतदाता हैं जिनमें दो करोड़ 76 लाख 62 हजार 10 पुरुष एवं दो करोड़ 55 लाख 43 हजार 935 महिला मतदाता हैं जबकि 619 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। प्रदेश में पांच करोड़ 32 लाख छह हजार 564 मतदाताओं के अलावा करीब एक लाख 41 हजार सर्विस मतदाता हैं। प्रदेश में वर्ष 1999 में हुए 13वीं लोकसभा चुनाव के समय 3 .11 करोड़ मतदाता थे जो पिछले 25 वर्ष में बढ़कर 5..34 करोड़ हो गए और इनमें इस दौरान 71..70 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई हैं। वर्ष 2004 में 14वीं लोकसभा के चुनाव में 3 .47 करोड़ मतदाता थे जो इसके पिछले चुनाव के मतदाताओं से 11 .57 प्रतिशत अधिक थे।

## बसपा का नया प्रयोग, उम्मीदवारों से पहले प्रचारकों की सूची

**नई दिल्ली, ब्यूरो। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दल अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में दिन रात लगे हुए हैं। मगर बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची से पहले प्रचारकों की सूची जारी कर एक नया प्रयोग किया है। बसपा के कोषाध्यक्ष श्रीधर ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची शनिवार को सौंप दी है। सूची में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा किसी भी महिला स्टार प्रचारक का नाम नहीं है।

सूची में उनके भाई एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी आनंद, रामजी गौतम, घासीराम पटेल, डा. राम लखन सिंह कुशवाह, अवधेश प्रताप सिंह राठौड़, विकास पटेल व रत्नाकर चतुर्वेदी के नाम है। पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में है।

2009 में अस्तित्व में आई बिजनौर जिले की नगीना (सुरक्षित) सीट

# नगीना लोकसभा सीट : तीन बार चुनाव, तीनों बार अलग पार्टी को मिली जीत

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिले की नगीना (सुरक्षित) सीट का उदय डेढ़ दशक पहले 2009 में हुआ था। यहां तीन बार हुए संसदीय चुनाव में हर बार अलग अलग दल के नेता को जनता ने चुनकर लोकसभा में भेजा। सपा, भाजपा और बसपा को यहां से जीत मिल चुकी है। अब चौथी बार चुनाव हो रहा है।

2008 में परिसीमन के बाद 2009 में अस्तित्व में आई नगीना सुरक्षित लोकसभा सीट से तीन सांसद चुने गए हैं। मतदाताओं ने तीनों बार अलग-अलग दलों के सांसद चुने हैं। चौथी बार करीब 16 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनेंगे। पूर्व में यह सीट बिजनौर लोकसभा के अन्तर्गत आती थी।वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद नगीना लोकसभा (सुरक्षित) सीट के रूप में अस्तित्व में आई। 2009 में हुए लोकसभा के चुनाव में सपा के यशवीर सिंह पहली बार सांसद बने। 2014 में भाजपा के यशवंत सिंह व समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भाजपा के यशवंत सिंह 92,390 मतों के अंतर से जीत गए। वर्ष 2019 में बसपा-सपा गठबंधन के प्रत्याशी गिरीश चंद्र भाजपा के यशवंत सिंह को 1,66,832 मतों से हराकर लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

अब हो रहे चौथे लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ओम कुमार व सपा ने पूर्व जज मनोज कुमार व बसपा ने सुरेंद्र पाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर भी चुनाव मैदान में है। करीब 16 लाख मतदाता इस सीट पर अपना सांसद चुनेंगे।



गिरीश चंद।



डा. यशवंत सिंह।



यशवीर सिंह।

### पांच विधानसभा क्षेत्र हैं इस लोकसभा में

नगीना लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा आती है। जिनमें नहटौर व धामपुर से भाजपा के व नूरपुर, नगीना, नजीबाबाद से सपा के विधायक है। नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट है ।इस सीट के अंतर्गत नहटौर व नगीना विधानसभा भी सुरक्षित सीट है ।इस लिहाज से एससी वर्ग इस सीट पर अहम भूमिका में रहता है। वर्ष 2019 में इस सीट पर कुल 1009456 (66%) मतदाताओं ने अपने वोट डाले थे ।अब इस चुनाव में मतदाता अपना सांसद चुनेंगे।

### यह हैं सीट के आंकड़े

नगीना लोकसभा के अंतर्गत 1776 मतदान केंद्र है। कुल 16 लाख मतदाता 19 अप्रैल को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम का बटन दबाकर करेंगे।

खीरी सीट पर 1996 में 26 उम्मीदवार थे, 40 फीसदी पड़े थे वोट

# जब-जब उम्मीदवारों में दिखा जोश तो मतदाताओं ने दिखायी सुस्ती

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** खीरी संसदीय सीट पर जब-जब उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी, तब-तब मतदाता उदासीन हो गए। ऐसा नहीं कि हर बार ऐसा हुआ हो, लेकिन अधिकांश चुनावों में यही रुझान दिखाई पड़ा। वर्ष 1996 में खीरी में सर्वाधिक 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, तब यहां सिर्फ 40 फीसदी लोगों ने वोट डाले। हालांकि 1971 के लोकसभा चुनाव में न तो उम्मीदवारों ने जोश दिखाया और न मतदाताओं ने। उस चुनाव में केवल तीन उम्मीदवार थे और केवल 32 फीसदी ही मतदान हो सका था।

खीरी संसदीय सीट पर मतदाताओं का मूड ज्यादातर उम्मीदवारों के जोश से विपरीत रहा। उम्मीदवार बढ़े तो वोट प्रतिशत कम हो गया। उम्मीदवार कम हुए तो लोग वोट डालने निकल पड़े। 1996 के चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या सर्वाधिक 26 थी, तब मतदान सिर्फ 40 फीसदी हो सका। 1980 के चुनाव में 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे और मतदान हुआ था सिर्फ 38.70 फीसदी। वर्ष 1998 में कुल 13 उम्मीदवार थे, मतदान 46.86 फीसदी रहा। 1991 में 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान मैदान में थे, लेकिन 47.98 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

इसके उलट 1951 में मात्र छह उम्मीदवार थे और 59.94 फीसदी मतदान हुआ था। 1962 के चुनाव में महज पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। 43.12 फीसदी मतदान हुआ। 1967 के चुनाव में मात्र चार प्रत्याशी थे और मतदान 47.10 फीसदी हुआ । 1977 के चुनाव में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, 48.05 प्रतिशत मतदान हुआ था।। हालांकि 1957 के चुनाव अपवाद हैं जब तीन प्रत्याशी थे और मतदान सिर्फ 38.11 फीसदी हुआ था।

- 1951 में मात्र छह उम्मीदवार थे और 59.94 फीसदी मतदान हुआ था




### वर्ष 2014 में मतदान 60, 2019 में 64 फीसदी के पार

इसे बदलाव की बयार मानें या फिर मतदाता जागरूकता परिणाम का असर कि 2014 और 2019 में मतदान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। 2014 में खीरी संसदीय क्षेत्र में 64 .59 प्रतिशत और धौरहरा संसदीय क्षेत्र में 68 .05 फीसदी मतदान हुआ जो खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के इतिहास में अधिकतम मतदान का रिकार्ड है। 2019 के चुनाव में खीरी सीट पर मतदान 64 .22 प्रतिशत हुआ।

# 272 का आंकड़ा पार करेंगे : जयराम

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री मोदी के भ्रष्टाचार के आरोप को खोखला बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ''पलटी मारने'' और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अकेले लड़ने के बावजूद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकजुट है और यह (बहुमत का) 272 का आंकड़ा पार करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के विमर्श को ''खोखला'' करार देते हुए खारिज किया।

रमेश ने पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में 272 का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने चुनावी बॉण्ड, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के क्रमशः अमेठी और रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी अपने विचार साझा किए। बुनियादी ढांचा संबंधी ठेके मिलने के बाद एक भाजपा सांसद द्वारा चुनावी बॉण्ड खरीदे जाने का दावा करते हुए रमेश ने कहा- चुनावी बॉण्ड योजना के काम करने के तरीके को देखें। 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर चार लाख करोड़ रुपये के ठेकों से जुड़े हुए हैं। चुनावी बॉण्ड और ठेके देने के बीच एक स्पष्ट संबंध है।

उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि भाजपा के पक्ष में कई कंपनियों द्वारा खरीदे गए 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर ठेके देने और उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े हैं।

### विपक्षी गठबंधन की अंतरात्मा मर चुकीः अन्नामलाई



नई दिल्ली/चेन्नई। तमिलनाडु के मंत्री अनिता राधाकृष्णन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी गठबंधन की ''अंतरात्मा मर चुकी है''। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर निचले स्तर के व्यवहार का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को निर्वाचन आयोग और पुलिस महानिदेशक के समक्ष उठाएगी और राधाकृष्णन के खिलाफ ''कड़ी और तत्काल कार्रवाई'' की मांग करेगी। अन्नामलाई ने अपनी पोस्ट में कहा-द्रमुक के पास आलोचना करने के लिए कुछ नहीं है, तो उसके नेता इस स्तर तक गिरते जा रहे हैं।

## द्रमुक सांसद गणेशमूर्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया

इरोड। तमिलनाडु के इरोड से लोकसभा सदस्य ए. गणेशमूर्ति को रविवार को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गणेशमूर्ति को बेचैनी हुई और उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

गणेशमूर्ति यहां से 2019 के लोकसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टिकट पर चुने गए थे। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया है। जब उन खबरों के बारे में पूछा गया कि क्या सांसद ने आत्महत्या का प्रयास किया है, तो निजी अस्पताल के अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।




असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने शिलांग में असम राइफल्स के स्थापना दिवस के अवसर पर लैटकोर में युद्ध स्मारक पर जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद एक समूह तस्वीर खिंचवाई। ● एजेंसी

### एक नजर

#### लोक कलाकार की नृत्य प्रस्तुति के दौरान करंट लगने से मौत

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले के सदर थाना क्षेत्र में बीती रात एक लोक कलाकार रविन्द्रनाथ (24) की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नृत्य के समय लोक कलाकार के सिर पर रखा पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 किलोवाट के बिजली के तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

#### झारखंड में विवाद में दो लोगों की हत्या

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में रविवार को भूमि विवाद को लेकर दो लोगों की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना रांची से करीब 180 किलोमीटर दूर सेमरटांड इलाके में हुई। चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि दो दोस्त सुबह की सैर पर निकले थे और इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और उन पर चाकुओं से वार किये। थाना प्रभारी ने बताया कि राजेश कुमार (24) नाम के एक व्यक्ति को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं सुजीत कुमार (26) की भी हमलावरों ने नवाटोली इलाके में उनकी हत्या कर दी।

## जद(यू) ने बिहार के लिए 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

पटना, एजेंसी

● सूची में दो मौजूदा सांसदों का टिकट कट गया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली जद (यू) (जनता दल-यूनाइटेड) ने गठबंधन के तहत अपने खाते में आईं राज्य की सभी 16 लोकसभा सीट के लिए रविवार को उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें पार्टी के समर्थक कहे जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी गई है।

जद(यू) कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह और संजय कुमार झा की उपस्थिति में सार्वजनिक की गई सूची के अनुसार, पार्टी के 12 मौजूदा सांसदों को इस बार भी टिकट दिया गया है। हालांकि सीतामढ़ी से मौजूदा सांसद सुनील कुमार पिंटू का टिकट काटकर विधान परिषद के अध्यक्ष देवेश चंद्र ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि सीवान सीट पर वर्तमान सांसद कविता सिंह के स्थान पर विजय लक्ष्मी देवी को टिकट दिया गया है, जो एक दिन पहले अपने पति रमेश सिंह ठाकुर के साथ जद(यू) में शामिल हुई थीं। झा ने कहा-सभी उम्मीदवारों पर फैसला मुख्यमंत्री ने किया है, जो पार्टी अध्यक्ष भी हैं। हमने अपने अधिकांश मौजूदा सांसदों पर भरोसा जताया है, लेकिन कुछ जगहों पर बदलाव हुए हैं, इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के फॉर्मूले के अनुसार, जद (यू) को राज्य की 40 में से 16 सीटें दी गई हैं, जबकि पिछले चुनाव में उसे 17 सीट दी गई थीं, जिनमें से 16 पर उसने जीत हासिल की थी। पार्टी मुस्लिम-बहुल किशनगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी, जहां उसे 2019 में हार मिली थी। पार्टी ने इस बार भी मुजाहिद आलम को टिकट दिया है, जो पिछली बार कांग्रेस उम्मीदवार से 35,000 से कम वोटों के अंतर से हार गए थे।

इसके अलावा, पार्टी ने काराकाट की अपनी मौजूदा सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाह के नेतृत्व वाले सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के लिए छोड़ दी है, हालांकि उसे शिवहर सीट मिली है, जो पहले भाजपा के पास थी। काराकाट से जदयू के महाबली सिंह सांसद हैं। शिवहर से जदयू की उम्मीदवार लवली आनंद होंगी, जो माफिया डॉन से नेता बने आनंद मोहन की पत्नी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक चेतन आनंद की मां हैं। संजय झा के अनुसार, उम्मीदवारों की सूची में "छह ओबीसी, पांच ईबीसी, एक महादलित, एक मुस्लिम और तीन उच्च जाति के लोग शामिल हैं।

## फोन टैपिंग के मामले में दो अपर पुलिस अधीक्षक गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी

● तेलंगाना की पुलिस ने की है कार्रवाई

फोन टैपिंग और कुछ कंप्यूटर प्रणाली एवं आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने दो अपर पुलिस अधीक्षकों को गिरफ्तार किया है।

हैदराबाद पुलिस ने शनिवार देर रात में बताया कि जांच के दौरान, अपर पुलिस उपायुक्त तिरुपथन्ना और अपर पुलिस अधीक्षक एन भुजंग राव को गिरफ्तार किया गया। दोनों पुलिस अधिकारी पूर्व में क्रमशः विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) और खुफिया विभाग में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। दोनों को अदालत ने रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसी से जुड़े एक अन्य घटनाक्रम में पुलिस ने पूर्व एसआईबी प्रमुख टी प्रभाकर राव और आयुक्त के कार्यबल (हैदराबाद पुलिस की एक शाखा) के तत्कालीन पुलिस उपायुक्त पी राधाकृष्ण और एक तेलुगु टीवी चैनल के एक वरिष्ठ कार्यकारी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है।

## दिल्ली पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण पश्चिम दिल्ली में झरेरा फ्लाईओवर से चार लोगों को हिरासत में लिया और उनके पास से करीब तीन करोड़ रुपये की नकदी बरामद की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''हमें एक खुफिया सूचना मिली कि चार पुरुष दो मोटरसाइकिल पर बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहे हैं। सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी के एक दल ने इलाके में अवरोधक लगाए और वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी।'' उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों को रोका जो दो बड़े काले झंडे लेकर जा रहे थे। दल ने दो बैग से करीब तीन करोड़ रुपये बरामद किए।

## नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत, चार लोग घायल

मुंबई। मुंबई के सेवरी इलाके में रविवार को मरम्मत के दौरान खुले नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और उसके चार सहयोगी घायल हो गए। एक नागरिक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह सेवरी गाडी बंदर इलाके के पास हुई। मुंबई अग्निशमन दल के अधिकारी के अनुसार, उस समय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के 'स्टॉर्म वॉटर' विभाग के निर्देशन में एक "बॉक्स ड्रेन" की मरम्मत की जा रही थी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार 'एम/एस एक्यूट डिजाइन' द्वारा काम पर लगाए गए पांच मजदूर नाले में गिर गए। स्थानीय लोगों ने सभी को नाले से निकाला और उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उनमें से एक महबूब इस्माइल (19) को मृत घोषित कर दिया गया।

## बंगाल में टिकट वितरण को लेकर टीएमसी, भाजपा में असंतोष

कोलकाता, एजेंसी

लोकसभा चुनाव

● दोनों खेमों के नेताओं ने प्रत्याशियों के चयन पर उठाए सवाल



लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों में ही असंतोष है। दोनों खेमों के कई नेता चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर नाखुशी जता चुके हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक टीएमसी के कई नेताओं ने उन सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर खुलकर नाखुशी व्यक्त की है, जिन पर उनकी नजर थी। भाजपा में भी उम्मीदवार चयन करने को लेकर कुछ प्रभावशाली नेताओं में इसी तरह का असंतोष देखा गया है।

राज्यसभा सदस्य मौसम बेनजीर नूर और टीएमसी प्रवक्ता शांतनु सेन सहित पार्टी के कम से कम पांच वरिष्ठ नेताओं ने टिकट नहीं देने पर असंतोष व्यक्त किया है। नूर और सेन क्रमशः मालदा उत्तर और दमदम सीट से टिकट मांग रहे थे। यहां तक कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के छोटे भाई बाबुन बनर्जी ने भी हावड़ा सीट से टिकट नहीं देने पर नाराजगी जताई थी, जहां टीएमसी ने मौजूदा सांसद प्रसून बनर्जी को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अपने भाई के साथ रिश्ते तोड़ लिए हैं।

बैरकपुर से भाजपा के मौजूदा सांसद अर्जुन सिंह दो साल पहले टीएमसी में चले गए थे और टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट आए। इसी तरह, टीएमसी के चार बार के विधायक और कोलकाता उत्तर से टिकट के दावेदार तापस रॉय इसी सीट से पांच बार के पार्टी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को दोबारा मैदान में उतारने पर नाराज़गी के कारण भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने राज्य की 42 सीट में से अब तक 19 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। उसे तब असहज स्थिति का सामना करना पड़ा जब केंद्रीय मंत्री और अलीपुरद्वार के सांसद जॉन बारला और राज्यसभा सदस्य अनंत महाराज ने उत्तर बंगाल की कुछ सीट पर उम्मीदवारों के चयन पर असंतोष जताया। बारला का अनुसूचित जनजाति और महाराज का राजबंशी समुदाय पर खासा प्रभाव माना जाता है। अलीपुरद्वार से भाजपा ने बारला की जगह विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज तिग्गा को टिकट दिया है जबकि भाजपा ने कूच बिहार में केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक को फिर से उतारा। ग्रेटर कूच बिहार राज्य आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले महाराज ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया था। टीएमसी और भाजपा चुनाव प्रचार के बीच असंतोष पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। टीएमसी के प्रवक्ता शुखेंदु शेखर रे ने कहा है कि आप जिसे असंतोष कह रहे हैं वह वास्तव में निराशा है, जो स्वाभाविक है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर 642.5 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त बढोतरी होने से 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642 .5 अरब डॉलर पर पहुंच गया! इसी तरह इसके पिछले सपताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 .5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636 .1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 568 .4 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

#### भारती हेक्सकॉम का आईपीओ 3 अप्रैल को खुलेगा

नई दिल्ली। दूरसंचार परिचालक भारती एयरटेल की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तीन अप्रैल को खुलेगा। कंपनी के आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, तीन दिन की शुरुआती शेयर बिक्री पांच अप्रैल को बंद होगी। एंकर निवेशक दो अप्रैल को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे। यह नए वित्त वर्ष 2024-25 का पहला आईपीओ होगा। आईपीओ पूरी तरह 7 .5 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। यह मौजूदा शेयरधारक टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लि. की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। हालांकि, ओएफएस के आकार को पहले के 10 करोड़ शेयरों से घटाया गया है।

### मारुति, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स आगामी वर्षों के लिए कर रहीं हैं तैयारी

# कई बड़ी कंपनियां उतारेंगी नए इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार द्वारा नई नीति के अनावरण के जरिए पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहन देने की वजह से आज भारतीय वाहन उद्योग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की तैयारी कर रहा है। वाहन क्षेत्र की मारुति सुजुकी, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियां विभिन्न खंडों की मांग को पूरा करने के लिए नए बिजलीचालित मॉडल लाने की तैयारी में हैं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाहन क्षेत्र नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी आने वाले वर्षों में पांच नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। इसकी शुरुआत जनवरी, 2025 से होगी। उन्होंने कहा-ये इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) महिंद्रा के नवोन्मेषी आईएनजीएलओ मंच पर बनाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य 2027 तक हमारे पोर्टफोलियो का 20 से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि हम बिजलीचालित वाहन क्षेत्र में 'गंभीर' निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा-हम वित्त वर्ष 2024-25 में 550 किमी रेंज के साथ ईवी के रूप में नए सिरे से डिज़ाइन हाई-स्पेक बिजलीचालित वाहन का उत्पादन शुरू करेंगे। अगले सात-आठ साल में हमारे छह इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।

हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि हम देश में पहले मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) में से है जिसने पूर्ण लंबी रेंज वाली एसयूवी 'कोना' 2019 में उतारी थी। पिछले साल कंपनी ने अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू 5 पेश की थी। गर्ग ने कहा कि कई उद्योग अनुमानों के अनुसार, ईवी का 2030 तक भारत के वाहन बाजार में हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

### घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर चीनी कंपनियों का प्रवेश संभव



देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण को बढ़ावा देने पर भारत सरकार के जोर से घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर चीनी वाहन कंपनियों का प्रवेश हो सकता है। शोध संस्थान जीटीआरआई की एक रिपोर्ट में रविवार को यह बात कही गई। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि चीन में पर्याप्त सरकारी समर्थन से वहां इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में तेजी से विकास हुआ है, जिससे वह ईवी और संबंधित कलपुर्जों का अग्रणी निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ई-वाहन विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए नए सिरे से नीतिगत प्रोत्साहन देने और निजी क्षेत्र के आगे आने से चीन के वाहन कलपुर्जा आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ेगी।

## बैंक कर सकते 15,000 करोड़ से अधिक का लाभांश भुगतान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) लाभप्रदता में सुधार के बीच चालू वित्त वर्ष में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश भुगतान कर सकते हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में सभी 12 पीएसबी ने कुल 98,000 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले सिर्फ 7,000 करोड़ रुपये कम है।

पीएसबी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.05 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 66,539.98 करोड़ रुपये था। बीते वित्त वर्ष में सरकार को 13,804 करोड़ रुपये का लाभांश मिला, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8,718 करोड़ रुपये से 58 प्रतिशत अधिक था।

## आईआईएफएल फाइनेंस, जेएमएफपीएल का विशेष ऑडिट करेगा आरबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

● रिजर्व बैंक ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की



आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जेएमएफपीएल) को नियामकीय उल्लंघन के मामले में एक विशेष ऑडिट का सामना करना पड़ेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। रिजर्व बैंक ने इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के विशेष ऑडिट के लिए ऑडिटर की नियुक्ति के लिए दो अलग-अलग निविदाएं जारी की हैं। फॉरेंसिक ऑडिट के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा सूचीबद्ध ऑडिट फर्म निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकती हैं। निविदा दस्तावेज के अनुसार बोली जमा करने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। बोली दस्तावेजों के अनुसार, चयनित कंपनियों को 12 अप्रैल, 2024 को काम सौंपा जाएगा। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय बैंक ने नियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर इन दोनों इकाइयों पर अंकुश लगाया था। केंद्रीय बैंक ने आईआईएफएल फाइनेंस को उसके स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में कुछ पर्यवेक्षी चिंताओं के बाद स्वर्ण ऋण स्वीकृत करने या वितरित करने से रोक दिया था। रिजर्व बैंक ने कहा था कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था।

## डीपीआई, कर संहिता से भारत आकर्षक निवेश गंतव्य बना

नई दिल्ली। दिवाला कानून और कराधान संहिता जैसे नीतिगत बदलावों तथा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) की वजह से भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वित्तीय और मौद्रिक प्रणाली केंद्र के प्रमुख मैथ्यू ब्लेक ने साक्षात्कार में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में एक है और निवेशकों ने यहां पैसा बनाया है। ब्लेक ने यह भी जोड़ा कि बाजार हमेशा एक दिशा में नहीं चलते हैं, और यहां उतार-चढ़ाव की संभावना रहती है।

## डीपफेक के लिए दंडात्मक प्रावधान लोगों को कर सकते हैं हतोत्साहित

नई दिल्ली, एजेंसी

डीपफेक और गलत सूचना को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधान लोगों को हतोत्साहित कर सकते हैं। वैश्विक शोध संस्थान कट्स इंटरनेशनल ने कहा कि एआई-जनित सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप की मदद लेनी चाहिए।

कट्स इंटरनेशनल के अनुसंधान निदेशक अमोल कुलकर्णी ने बताया कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को सामग्री की सच्चाई का पता लगाने के लिए पर्याप्त अवसर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह चुनावी मौसम में भरोसेमंद तथ्य जांचकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। कुलकर्णी ने कहा कि हालांकि पारदर्शिता अच्छी है, लेकिन उपयोगकर्ताओं पर सूचना की बौछार उनके अनुभव की गुणवत्ता को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि डीपफेक और गलत सूचना की समस्या से निपटने में सही तकनीकी और जवाबदेही वाले समाधानों से मदद मिल सकती है। सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर परीक्षण के अधीन चल रहे एआई मॉडल के बारे में बताने और गैरकानूनी सामग्री को रोकने के लिए एक परामर्श जारी किया था।

## शीर्ष 5 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.98 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,97,958.56 करोड़ रुपये की गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सबसे अधिक नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 188.51 अंक या 0.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 1,10,134.58 करोड़ घटकर 14,15,793.83 करोड़ रुपये पर आ गया।

## एफपीआई ने अब तक 38,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच कर रहे शेयर में निवेश



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में निवेश कर कर रहे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। कुल मिलाकर इस साल अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में 13,893 करोड़ रुपये डाल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 55,480 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-एफपीआई मार्च में उल्लेखनीय खरीदारी कर रहे हैं। वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर सुधार और भारत के सकारात्मक वृहद आर्थिक परिदृश्य की वजह से एफपीआई भारत जैसे ऊंची वृद्धि वाले बाजारों का रुख कर रहे हैं। इसके अलावा बाजार में हालिया 'करेक्शन' से भी उन्हें निवेश का अवसर मिला है। हालांकि, पिछले सप्ताह एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 31.4 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे। इसकी वजह यह है कि उन्होंने सतर्कता का रुख अपनाया। शेयरों के अलावा एफपीआई ने इस महीने में 22 मार्च तक ऋण या बॉन्ड बाजार में 13,223 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# काम नहीं आई राहुल और पूरन की पारी, राजस्थान ने दी मात

## 20 रनों से हारी लखनऊ सुपर जायंट्स, संजू सैमसन ने बनाए ताबड़तोड़ 82 रन

जयपुर, एजेंसी

कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 82 रनों की अर्धशतकीय और रियान पराग के 43 रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले गये चौथे मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन से हरा दिया है।

194 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट क्विंटन डिकॉक चार रन, देवदत्त पड़िक्कल शून्य और आयुष बदोनी एक रन के विकेट गंवा दिये। हालांकि सलामी बल्लेबाज कप्तान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। उन्होंने 44 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। दीपक हुड्डा 13 गेंदों में 26 रन और मार्कस स्टॉयनिस तीन रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन आखिर तक टीके रहे उन्होंने 41 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली। क्रुणाल पंड्या तीन रन पर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 20 रन से हार गई। आरआर की ओर से ट्रेंट बोल्ट को दो विकेट मिले। नांद्रे बर्गर, रवि



संजू सैमसन

- राजस्थान की ओर से रियान पराग दूसरे हाईस्कोरर रहे

अश्विन, युजवेंद्र चहल और संदीप शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 194 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसंन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज जॉस

- लखनऊ के केएल राहुल ने 58 व निकोलस पूरन ने 64 रन बनाए

बटलर 11 रन का विकेट खो दिया। उसके बाद यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने संभलकर खेलते हुए अभी दूसरे विकेट के लिये 36 रन ही जोड़े थे कि मोहसिन खान ने उन्हें 24 रन पर क्रुणाल पंड्या के हाथों कैच आउट करा दिया। 15वें ओवर में नवीन उल हक ने डी जे हुड्डा के हाथों रियान पराग को कैच आउट कराकर उनकी संजू सैमसन के साथ चल रही साझेदारी को तोड़ा। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 93 रन जोड़े। रियान पराग ने 29 गेंदों में एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाये। अगले ही ओवर में बिश्नोई ने शिमरॉन हेटमायर पांच रन पर निपटा दिया।

संजू सैमसन ने 52 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 82 रनों की पारी खेली। वहीं ध्रुव जुरेल 20 रन पर नाबाद रहे। आरआर ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 193 रन का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मोहसिन खान और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिया।

**राजस्थान 193/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का क्रुणाल बोल्ड मोहिसिन | 24 | 12 | 3/1 |
| बटलर का राहुल बोल्ड नवीन उल हक | 11 | 09 | 2/0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 82 | 52 | 3/6 |
| पराग का सब .(डी जे हुड्डा) बोल्ड नवीन | 43 | 29 | 3/1 |
| हेटमायर का राहुल बोल्ड बिश्नोई | 05 | 07 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 20 | 12 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** मोहसिन खान 4-0-45-1, नवीन उल हक 4-0-41-2, क्रुणाल पंड्या 4-0-19-0, रवि बिश्नोई 4-0-38-1, यस ठाकुर 3-0-43-0, आयुष बदोनी 1-0-6-0

**लखनऊ 173/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटोन डिकॉक का बर्गर बो बोल्ट | 04 | 05 | 1/0 |
| केएल राहुल का जुरेल बो संदीप | 58 | 44 | 4/2 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बोल्ट | 00 | 03 | 0/0 |
| आयुष बडोनी का बटलर बो बर्गर | 01 | 05 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का जुरेल बो चहल | 26 | 13 | 2/2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 64 | 41 | 4/4 |
| मार्कस स्टोइनिस का जुरेल बो अश्विन | 03 | 04 | 0/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 03 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-35-2, बर्गर 3-0-30-1, अश्विन 4-0-35-1, आवेश 3-0-21-0, चहल 3-0-25-1, शर्मा 3-0-22-1



जसप्रीत बुमराह

# मैदान पर दिखा बुमराह का जलवा

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन 45 रन और कप्तान शुभमन गिल की 31 रनों की पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांचवें मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी ऋद्धिमान साहा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़। चौथे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने ऋद्धिमान साहा 19 रन पर आउट कर गुजरात टाइटंस को पहला झटका दिया। उसके बाद आठवें ओवर में शुभमन गिल को पीयुष चावल ने रोहित शर्मा के हाथों कैच आउट करा दिया। गिल ने 22 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रनों की पारी खेली। अजमतउल्लाह उमरजई

- मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य मिला
- गुजरात के साई सुदर्शन ने 45 व शुभमन गिल ने 31 रन बनाए



साई सुदर्शन

ने 11 गेंदों में 17रन बनाये। डेविड मिलर 12 रन और राहुल तेवतिया 15 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुये। साई सुदर्शन ने टीम के लिए 39 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। विजय शंकर छह रन और राशिद खान चार रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस की ओर से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी को दो विकेट मिले। पीयूष चावला ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**गुजरात टाइटंस**

| | |
|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो बुमराह | 19 |
| शुभमन का रोहित बो चावला | 31 |
| सुदर्शन का तिलक बो बुमराह | 45 |
| उमरजई का तिलक बो कोएत्जी | 17 |
| मिलर का हार्दिक बो बुमराह | 12 |
| विजय शंकर नाबाद | 06 |
| तेवतिया का नमन बो कोएत्जी | 22 |
| राशिद खान नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त :** 12 रन

20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन

**गेंदबाजी :** हार्दिक पांड्या 3-0-30-0
ल्यूक वुड 2-0-25-0
जसप्रीत बुमराह 4-0-14-3
शम्स मुलानी 3-0-24-0
पीयूष चावला 3-0-31-1
नमन धीर 1-0-13-0
गेराल्ड कोएत्जी 4-0-27-2

## खेल डायरी

### श्रीकांत सेमीफाइनल में हारे, भारतीय अभियान खत्म

**बेसिल।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को स्विस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। शनिवार को भारतीय शटलर श्रीकांत को ताइवान के लिन चुन-यी से 21-15, 9-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज क्वार्टरफाइनल में जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी क्वार्टरफाइनल में हार कर बाहर हो गई थी।

### मोहम्मद आमिर ने संन्यास का फैसला बदला

**कराची।** पाकिस्तान के बायें हाथ के विवादित तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदल लिया है और वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप में चयन के लिये उपलब्ध होंगे। आमिर को स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों में 2010 से 2015 के बीच प्रतिबंध झेलना पड़ा था और वह कुछ समय के लिये जेल भी गया था। उसने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वह दुनिया भर में टी20 लीग खेल रहा है और अब मोहसिन नकवी की अध्यक्षता वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उसे वापसी के लिये मना लिया है ।

### लिखित माफीनामे के बाद रऊफ का अनुबंध बहाल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तेज गेंदबाज हारिस रऊफ द्वारा लिखित में अपनी गलती स्वीकार करने के बाद उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल कर दिया। पीसीबी ने फरवरी की शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के न्यूजीलैंड दौरे के बाद रऊफ का केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन ने कहा, ''उनका लिखित जवाब मिलने के बाद बोर्ड ने उनका केंद्रीय अनुबंध बहाल करने का फैसला किया है।''

# पंजाब के खिलाफ गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन पर लगी हैं आरसीबी की निगाहें

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 चरण में सिर्फ एक ही मैच खेला है लेकिन इसने उनकी गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया है जिससे सोमवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में उन्हें गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इस चरण के शुरूआती मैच में तेज गेंदबाज आंख बंद करके शॉर्ट पिच गेंद फेंकने की रणनीति पर डटे रहे जबकि चेपॉक की पिच पर स्पिनरों के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। आरसीबी के तीन स्पिनरों मयंक डागर, कर्ण शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने मिलकर पांच ओवर फेंके और वे बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इन तीनों ने मिलकर 37 रन देकर महज एक विकेट झटका। वहीं अगर सीएसके के दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और महेश तीक्ष्णा की बात की जाये तो उन्होंने मिलकर आठ ओवर फेंके तथा 57 रन देकर चार विकेट झटके जबकि इस दौरान बल्लेबाजी करना बहुत आसान था। इसलिये आरसीबी के स्पिनरों को यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पर मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इस स्टेडियम में ज्यादातर मौकों पर टीम ने एक पारी में 200 से अधिक रन जुटाये हैं और ऐसा 27 दफा हो चुका है तथा इस पिच पर आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर 172 रहा है। इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के तेज गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसफ और यश दयाल ने सीएसके के खिलाफ एक ओवर में दो बाउंसर डालने के अपने कोटे का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान वे अपनी लाइन एवं लेंथ पर लगाम खो बैठे। यह उनके रन देने की गति से भी साफ दिखा। चौथे तेज गेंदबाज कैमरून ग्रीन ने कटर गेंदों का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें दो विकेट मिले।

## चैम्पियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में ही होगी: पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में कामयाब होगा क्योंकि आईसीसी का एक दल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए चल रही तैयारियों का मुआयना करने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंचने वाला है। आईसीसी दल में एक सुरक्षा विशेषज्ञ भी शामिल होगा जो सभी प्रस्तावित स्थलों विशेषकर कराची, लाहौर और रावलपिंडी का दौरा करेगा। पाकिस्तान ने 1996 में भारत के साथ विश्व कप की सह मेजबानी की थी और इसके बाद उसे पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने का काम सौंपा गया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को कहा, ''दल को तैयारियों के बारे में जानकारी दी जायेगी।''

# रोहित शर्मा को उम्मीद नये चेहरे छाप छोड़ेंगे

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे क्योंकि फ्रेंचाइजी का लक्ष्य नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुआई में रिकॉर्ड छठा खिताब हासिल करना है।

पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया



है। भारतीयों में श्रेयस गोपाल को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका के बाहर होने के बाद मफाका पिछले हफ्ते मुंबई शिविर में शामिल हुए जबकि वुड को आस्ट्रेलिया के चोटिल गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह शामिल किया गया। रोहित ने मुंबई इंडियंस द्वारा पोस्ट किये गये वीडियो में कहा, ''हमने बहुत सारे खिलाड़ी नीलामी में खरीदे। उम्मीद है कि वे शुरू से ही अपनी छाप छोड़ सकते हैं।''




# सीरियल किसर की इमेज ने इमरान को नुकसान पहुंचाया



**मुंबई, एजेंसी।** सीरियल किसर के नाम से बॉलीवुड में जाने पहचाने जाने वाले अभिनेता इमरान हाशमी का 45वां बर्थडे है। इमरान 21 साल से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। पिछले साल वो सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में दिखे थे। आने वाले दिनों में वो फिल्म ओ जी से साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाले हैं। इमरान के पिछले 10 साल के करियर पर नजर डालें, तो उनकी सिर्फ 13 फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें से सिर्फ एक फिल्म टाइगर 3 हिट रही और दूसरी फिल्म बादशाहो बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत निकालने में कामयाब रही। बाकी फिल्मों का हाल बेहद खराब रहा। इमरान हीरो नहीं बनना चाहते थे, लेकिन मुकेश भट्ट उन्हें फिल्मों में लाए। पहली ही फिल्म में उनकी एक्टिंग इतनी खराब थी कि चंद सीन्स की शूटिंग के बाद उन्हें निकाल दिया गया। वहीं, कम हाइट होने की वजह से बिपाशा बसु ने इमरान के साथ काम से इनकार कर दिया था। पिछले 10 साल में इमरान हाशमी की 13 फिल्में रिलीज हुई हैं। सिर्फ 2018 और 2022 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इनमें से लगभग सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं। एक मात्र 2023 की फिल्म टाइगर 3 ही हिट रही। 300 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 466 .63 करोड़ की कमाई की थी। यह अब तक इमरान की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। दूसरी 2017 की फिल्म बादशाहो ने बॉक्स ऑफिस पर एवरेज कमाई की। 90 करोड़ में बनी फिल्म ने 125 .44 करोड़ की कमाई की थी।



# अब राजनीति में किस्मत आजमाएंगी नेहा शर्मा ?

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में होगा। इसकी तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में बिहार की भागलपुर सीट काफी चर्चा में बनी हुई है। यहां पर अभी तक आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। इसी बीच चर्चा जोरों पर है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा भागलपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। आपको बता दें कि नेहा बॉलीवुड एक्ट्रेस होने के साथ-साथ बिहार के कांग्रेस नेता और विधायक अजीत शर्मा की बेटी हैं। ऐसे में उन्होंने बेटी के चुनाव लड़ने पर रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं आखिर अजीत शर्मा ने क्या कहा।अजीत शर्मा ने एक्ट्रेस बेटी नेहा शर्मा के चुनाव मैदान उतरने को लेकर संकेत दिए थे। इसके बाद एक्ट्रेस के चुनाव लड़ने का बाजार गर्म हो गया था। लगातार कयास लग रहे थे कि वो कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर से चुनावी मैदान में उतर सकती हैं। अजीत शर्मा ने कहा था कि अगर कांग्रेस पार्टी को भागलपुर सीट गठबंधन में मिलती है तो वो चाहेंगे कि उनकी बेटी नेहा शर्मा यहां से चुनावी मैदान में आएं। हालांकि, उन्होंने ये भी बताया कि पार्टी चाहती है कि अजीत ही यहां से चुनाव लड़ें तो वो ऐसा ही करेंगे। वो पहले से ही यहां के विधायक हैं।

# कृति बोलीं - 'हल्दी सेरेमनी में मुल्तानी मिट्टी का यूज किया'

**मुंबई, एजेंसी।** कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने बीते 15 मार्च को शादी की है। अब कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हल्दी सेरेमनी के फोटोज शेयर किए हैं। इस सेरेमनी से कपल ने एक नया ट्रेंड शुरू किया है। शेयर किए गए फोटोज में कृति और पुलकित एक दूसरे को हल्दी के बजाय मुल्तानी मिट्टी लगाते नजर आ रहे हैं। हल्दी सेरेमनी की इन फोटोज में कृति और पुलकित जमकर एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां मेहमान उन्हें हल्दी लगाते नजर आए वहीं दूसरी तरफ पुलकित डांस करते भी दिखे। एक फोटो में कृति पुलकित का कुर्ता फाड़ती भी नजर आ रही हैं। हल्दी सेरेमनी के लिए पुलकित ने येलो कलर का फ्लोरल प्रिंट कुर्ता चूज किया जिसे उन्होंने व्हाइट पायजामा से पेयर किया। वहीं, कृति ऑरेंज को-ऑर्ड सेट में नजर आईं। उन्होंने मांग टीका और इयररिंग्स से अपना लुक कम्पलीट किया। इन फोटोज को शेयर करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, 'हमारी हल्दी थोड़ी अनकन्वेंशनल थी। हमने मुल्तानी मिट्टी के पैक में शगुन के लिए एक चुटकी हल्दी का यूज किया। यह पैक खास तौर पर पुलकित और मेरी स्किन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था, क्योंकि दूल्हा और दुल्हन को चमकना है ना। नोट : उस व्यक्ति की आभार जिसने मुझे पीछे से पकड़ लिया जब बाकी लोगों ने पुलकित को पूल में फेंक दिया। मैं आभारी हूं।'




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बांग्लादेशी मुसलमानों को असम के रीति रिवाज मानने होंगे: मुख्यमंत्री हिमंत सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

• बोले-मूल निवासी का दर्जा चाहिए तो उन्हें छोड़नी होंगी बहुविवाह की रीतियां



असम में मौजूद बांग्लादेश मूल के बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों को मूल निवासी का दर्जा चाहिए तो उन्हें हिमंत सरकार की कुछ शर्तें माननी होंगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि अगर बंगाली भाषी प्रवासी मुसलमानों को भारतीय नागरिकता चाहिए तो उन्हें दो से अधिक बच्चे पैदा करना बंद करना पड़ेगा।

वहीं, एक से अधिक शादी पर रोक लगानी होगी क्योंकि ये असमिया लोगों की संस्कृति नहीं है। सीएम हिमंत सरमा ने पहले भी इन सामाजिक बुराइयों के लिए राज्य के बंगाली भाषी मुस्लिम समुदाय को जिम्मेदार ठहराया था, जिनमें से अधिकांश की जड़ें बांग्लादेश में हैं। सीएम ने आगे कहा, यदि बांग्लादेशी मुसलमान भारतीय बनना चाहते हैं तो वे अपनी नाबालिग बेटियों की शादी नहीं कर सकते हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार (23 मार्च) को कहा कि मिया (बंगाली भाषी मुस्लिम) स्वदेशी हैं या नहीं, यह एक अलग मामला है। हम जो कह रहे हैं वह यह है कि अगर वे 'स्वदेशी' बनने की कोशिश करते हैं, तो हमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन इसके लिए उन्हें बाल विवाह छोड़ना होगा, बहुविवाह और महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि असमिया लोगों की एक संस्कृति है जिसमें लड़कियों की तुलना 'शक्ति' (देवी) से की जाती है और दो-तीन बार शादी करना असमिया संस्कृति नहीं है।

सीएम ने कहा, "मैं उनसे हमेशा कहता हूं, 'मिया' के स्वदेशी होने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन वे दो-तीन पत्नियां नहीं रख सकते। यह असमिया संस्कृति नहीं है। कोई सत्रा (वैष्णव मठ) भूमि का अतिक्रमण कैसे कर सकता है और स्वदेशी रहना चाहता है? सीएम ने कहा, अगर बांग्ला भाषी मुसलमान असमिया रीति-रिवाजों का पालन कर सकते हैं, तो उन्हें भी 'स्वदेशी' माना जाएगा।

# एअर इंडिया, इंडिगो हर सप्ताह बेड़े में शामिल कर रहीं 1 विमान

*भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। बीते साल जापान को पीछे छोड़कर भारत तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट बन गया। हालांकि इंटरनेशनल एविएशन में इसकी रैंकिंग अब भी 18वीं है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 5 वर्षों में भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया का ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन जाएगा। इसे देखते हुए भारत की बड़ी विमान कंपनियां हर हफ्ते एक विमान खरीद रही हैं। देश की एयरलाइंस ने करीब 12 अरब डॉलर (1 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा कीमत के 1,100 नए विमानों का ऑर्डर दिया है।*

### सालाना 30 करोड़ तक पहुंचेंगे घरेलू यात्री

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक सालाना 30 करोड़ हो सकती है। 2023 में इनकी संख्या 15.30 करोड़ थी। 10 वर्षों में देश में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

### इंडिगो का प्लान



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने अगले साल हर हफ्ते बेड़े में एक से ज्यादा विमान शामिल करने का लक्ष्य रखा है। 29 फरवरी तक कंपनी ने 366 विमानों के माध्यम से फ्लाइट सर्विस दी। इसके अलावा 960 विमान ऑर्डर पर थे। इंडिगो ने 1 अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष में क्षमता और यात्री संख्या में 10-12% तक बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। विस्तार योजना के तहत इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस के साथ पार्टनरशिप की है। यह यात्रियों को भारत से इस्तांबुल और यूरोप से बाहर ले जाने में मदद करेगा। प्रतिस्पर्धा का हमेशा स्वागत किया जाता है क्योंकि भारत या विदेश में यात्रा करने के इच्छुक यात्रियों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

**3** फीसदी आम आबादी ही नियमित हवाई यात्रा करती है

**15** करोड़ से ज्यादा सालाना घरेलू हवाई यात्री हैं देश में अभी

• भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है। विमान निर्माता कंपनी बोइंग का अनुमान है कि देश में अगले दो दशकों में लगभग 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी और साथ ही 2041 तक घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में लगभग 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होगी।



### एअर इंडिया की योजना

टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी ने एयरबस और बोइंग को 470 नए विमानों का विशाल ऑर्डर दे रखा है। बीते छह महीने से कंपनी हर 6 दिन में एक विमान की डिलीवरी ले रही है, यह सिलसिला 1 साल जारी रहेगा। सीईओ कैंपबेल विल्सन के मुताबिक, इस साल मार्च में एअर इंडिया ने करीब 39 नए विमानों की डिलीवरी ली।

## एक नजर

### मध्यप्रदेश में सड़क हादसा, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**मंडला।** मध्यप्रदेश के मंडला में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी और उनकी दो नाबालिग बेटियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शाम छह बजे बम्हनी थाना क्षेत्र के अहमदपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-40 पर हुई है। पुलिस ने कहा, पीड़ित परिवार होली के त्योहार में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहा था। अंजनिया पुलिस चौकी प्रभारी लाखन सिंह राजपूत ने कहा, ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान लक्ष्मीकांत यादव (35), उनकी पत्नी ज्योति यादव (30) और बेटियों सलोनी यादव (6) और वैशाली यादव (13) के रूप में हुई है।

### राजस्थान में दो दिन से धधक रही पहाड़ियां, लगी भीषण आग

कुंभलगढ़। गर्मी की दस्तक शुरू होते ही क्षेत्र की



कई पहाड़ियों में आग धधकने लगी है। हालांकि कुंभलगढ़ रेंज में इसका असर कम है। लेकिन मारवाड़ के सादड़ी रेंज में कई जगह आग धधक रही है। इस दौरान वन्यजीवों के लिए खतरा पैदा हो गया है। जंगल में सूखे पेड़ होने की वजह से आग बढ़ गई। वहीं, वनकर्मी सहित श्रमिकों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वहीं रविवार को वापस आग लग गई।

### ब्रेक फेल होने से खाई में गिरी बस 2 लोगों की मौत और 20 घायल

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। राज्य परिवहन की एक बस खाई में गिर गई और एक पेड़ से टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अमरावती के पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद ने कहा कि यह दुर्घटना मेलघाट इलाके में दोपहर के आसपास हुई। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में लगभग 36 लोग सवार थे जो पराथवाड़ा से अमरावती के धरनी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ब्रेक फेल होने के कारण बस जवाहर कुंड इलाके में खाई में गिर गई और एक पेड़ से टकरा गई।

### गाजा में युद्धविराम की अपील, दौरे पर पहुंचे यूएन महासचिव गुटेरेस

**राफा।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कहा गाजा में दुनिया ने यहां युद्ध की भयावहता देखी है। उन्होंने संघर्षविराम की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा के दौरे पर पहुंचे गुटेरेस ने कहा- वैश्विक नेताओं की अपील के बावजूद जमीनी संघर्ष जारी है। बता दें, गाजा के अधिकांश लोगों ने राफा क्रॉसिंग पर शरण ली है। गुटेरेस ने कहा, गाजा में बच्चे, महिलाएं, पुरुष भूखमरी का सामना कर रहे हैं।

# अफगान तालिबान ने तबाह कीं 12 पाकिस्तानी चौकियां, तनाव बढ़ा

## पाक एयर स्ट्राइक के बाद हमले की तैयारी में तालिबान-टीटीपी के 30 हजार लड़ाके

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पांच दिन पहले पाक एयर स्ट्राइक से गुस्साए अफगान तालिबान ने पाकिस्तान की 12 फौजी चौकियों को तबाह कर दिया। अफगान तालिबान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 30 हजार से ज्यादा लड़ाकों ने कमांडर हाफिज गुल बहादुर के नेतृत्व में पाकिस्तान की सैन्य छावनी मीर अली कूच का ऐलान किया है। हमले की तैयारी में कई अफगान सैनिक भी शामिल हैं।

अब तक हजारों लड़ाके पाक सीमा पर एकत्रित हो गए हैं। 26 मार्च के बाद पाक के खिलाफ अभियान के लिए कई और लड़ाके पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह वजीरिस्तान में हाफिज गुल बहादुर के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इनमें 18 आतंकवादी मारे गए। हाफिज गुल 2006 से 2009 के बीच पाक सेना के समर्थन वाला कमांडर था। लेकिन बाद में गुल ने पाक सुरक्षा बलों पर ही हमले शुरू कर दिए थे। जून 2009 से पाक सेना ने उसके खिलाफ अभियान शुरू किया था। जानकार कहते हैं कि पाक जानता है कि अफगानिस्तान में कूटनीतिक पकड़ बनाए रखने की उसकी नीति विफल रही है।

अफगानिस्तान को लेकर पाकिस्तान अब नीति बदल रहा है। पाक अफगान आतंकियों से लड़ने के साथ काबुल से वार्ता चैनल भी सक्रिय कर रहा है। रिपोर्ट हैं कि अफगान तालिबान ईरान से निगरानी व लड़ाकू कामिकेज ड्रोन खरीदने पर जोर दे रहे हैं। ये ड्रोन पेलोड के साथ हमले करते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर यह डील होती है तो यह पाकिस्तान लिए बहुत बड़ी चिंता की बात हो सकती है।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव के दो बड़े कारण



1. **टीटीपी : पाक का आरोप है कि आतंकी संगठन :** टीटीपी को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का संरक्षण है। 2023 में टीटीपी ने पाकिस्तान में 789 आतंकी हमले किए थे।
2. **डूरंड लाइन :** पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच 2640 किमी इस सीमा को अफगानिस्तान काल्पनिक रेखा करार देता है। जबकि पाक का कहना है कि यहां से अफगान

**कैसे शुरू हुए तनाव-** पाकिस्तान अपने देश में आतंकियों को भारत पर हमले के लिए पालता था। लेकिन अब वह खुद इसी तरह की समस्या से परेशान है। पाकिस्तान में पिछले कुछ महीनों में टीटीपी आतंकियों के हमले बढ़े हैं। पाकिस्तान का कहना है कि इन आतंकियों को अफगानिस्तान में पनाह मिल रही है। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान सत्ता में आने के बाद टीटीपी पर कंट्रोल करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यही दोनों देशों के बीच दुश्मनी का कारण बनता जा रहा है। ये ड्रोन पेलोड के साथ हमले करते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर यह डील होती है तो यह पाकिस्तान लिए बहुत बड़ी चिंता की बात हो सकती है।

### भारत के साथ व्यापारिक संबंध फिर से बहाल करना चाहता है पाकिस्तान: विदेश मंत्री इशाक डार



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से बहाल करने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने लंदन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे उनके देश का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू करना चाहता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा आर्टिकल 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है।

### पीटीआई को चुनावी धांधली के खिलाफ प्रदर्शन की नहीं मिली अनुमति

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई आठ फरवरी को हुए चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ 30 मार्च को इस्लामाबाद में विरोध रैली की तैयारी कर रही है। इस बीच, पाकिस्तानी अधिकारियों ने पार्टी के प्रदर्शन करने के प्लान को बड़ा झटका दिया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों के चलते पीटीआई को विरोध रैली करने की अनुमति नहीं दी। गौरतलब है कि पीटीआई ने 30 मार्च को एक विरोध रैली आयोजित करने की अनुमति मांगी दी।

# जम्मू-कश्मीर में दिखने लगा है बदलाव: जयशंकर

सिंगापुर, एजेंसी

• सिंगापुर में विदेश मंत्री ने गिनाए आर्टिकल 370 हटाने के फायदे



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को सिंगापुर में अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी उपाय था और इसने देश के प्रगतिशील कानूनों को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू होने से रोक है।

सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदलाव के फायदे अब दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का एक अस्थायी उपाय था और इसे आगे बढ़ाने से दो चीजें हुईं। इससे एक देश के रूप में हमें नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, "सबसे पहले अनुच्छेद 370 से अलगाववाद, हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा मिला, जिससे यह पूरे देश की सुरक्षा के लिए समस्या बन गया। दूसरा इससे देश के प्रगतिशील कानूनों को उस समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू होने से रोक दिया।"

बता दें कि 5 अगस्त 2019 में भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। जम्मू और कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद्द कर दिया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज जो बदलाव हुआ है उसका फायदा आप देख सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर शनिवार से तीन दिवसीय दौरे पर सिंगापुर में हैं।

## वसंत मेला...





**बीजिंग :** चीन में भारतीय दूतावास द्वारा वसंत मेला का आयोजन किया गया। मेला में नृत्य, व्यंजनों और हस्तशिल्प के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रदर्शित की गई। पिछले वर्षों की तुलना में इस साल के वसंत मेले में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया जो वसंत के मौसम के प्रति लोगों की उमंग को दर्शाता है। इस मौत पर भारी संख्या में चीनी दर्शक भी पहुंचे। भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत, उप-राजदूत अभिषेक शुक्ला और अन्य वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों ने कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों का स्वागत किया।

### ब्रिटेन और ओमान के साथ एफटीए नई सरकार के 100 दिन के एजेंडे में होगा शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन और ओमान के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) नई सरकार के 100 दिन के एजेंडे में शामिल हो सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय देश से निर्यात बढ़ाने के लिए निर्यातक समुदाय से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच वृहद आर्थिक सहयोग करार (सीईसीए) के लिए मौजूदा आर्थिक सहयोग एवं व्यापार करार (ईसीटीए) का दायरा बढ़ाने के लिए बातचीत भी अच्छी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 17 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से कहा था कि वे अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर इस बात पर चर्चा करें कि पहले 100 दिन और अगले पांच वर्षों के एजेंडा को बेहतर तरीके से कैसे लागू किया जा सकता है।

# अमेरिका में एक और भारतवंशी की मौत, हादसे में गई महिला की जान

वाशिंगटन, एजेंसी

• भारतीय वाणिज्य दूतावास ने दी जानकारी, साल 2024 में अब तक आठ भारतीयों की मौत

अमेरिका में भारतीय मूल की 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई। न्यूयॉर्क स्थिक भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर बताया कि पेंसिल्वेनिया में हुए कार हादसे में भारतीय मूल की महिला अर्शिया जोशी की मौत हो गई। दूतावास द्वारा अर्शिया जोशी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।

वाणिज्य दूतावास ने बताया कि वह लगातार अर्शिया जोशी के परिवार और स्थानीय नेताओं के संपर्क में है। दूतावास द्वारा अर्शिया के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। एक्स पर की गई पोस्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि 21 मार्च को पेंसिल्वेनिया में एक दुखद कार दुर्घटना हुई, जिसमें अर्शिया जोशी की मौत हो गई। अर्शिया के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है, उनकी आत्मा को शांति मिले। आगे लिखा है कि आर्शिया के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

इस साल यानी 2024 में अमेरिका में आठ भारतीय और भारतीय मूल के लोगों की मौत हो चुकी है। उधर भारतवंशियों पर लगातार हमले की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस वजह से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों में डर का माहौल है। मार्च 2024 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र और कुचुपुड़ी डांसर अमरनाथ घोष को सेंट लुइस में गोली मार दी गई थी। पश्चिम बंगाल के रहने वाले अमरनाथ घोष साल 2023 में अमेरिका चले गए थे।

**अध्ययन** 20 देशों में हुए एक सर्वे में कहा गया, अवसर बढ़ने के साथ लड़कियां ज्यादा उदार हो रहीं

# शिक्षा-नौकरी में पिछड़ने से युवाओं का बदल रहा व्यवहार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

लड़के-लड़कियों के पालन-पोषण में अलग-अलग अनुभवों की वजह से जीवन को देखने का नजरिया अलग होता है। बीते 20 वर्षों में दोनों की सोच में फासला तेजी से बढ़ा है। अवसर और शिक्षा के बढ़ते स्तर के साथ लड़कियां दो दशक पहले की तुलना में ज्यादा खुले विचारों वाली हो गई हैं।

वे राजनीति में उदारवादी पार्टियों को ज्यादा पसंद करने लगी हैं। वहीं, लड़के उग्र दक्षिणपंथी नेताओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। 20 समृद्ध देशों में हुए एक सर्वे में दोनों की सोच का यह अंतर 27% तक बढ़ गया है। महिलाओं के बढ़ते अधिकारों को लेकर लड़के ज्यादा आलोचनात्मक हो रहे हैं। उनका कहना है कि 'फेमिनिज्म' की बात कुछ ज्यादा ही हो गई है। ब्रिटिश लड़कों का मानना है कि उनके लिए जिंदगी मुश्किल हो गई। वहीं, लड़कियां हिंसा, कठोर गर्भपात कानून, वेतन में भेदभाव और घर के काम में ज्यादा भागीदारी को लेकर चिंतित हैं। चीन में 35,000 लोगों पर सर्वे किया गया। इसमें ज्यादातर लड़कों ने कहा, 'लड़कियों को पहले घर पर ध्यान देना चाहिए' और 'कॉस्ट कटिंग में पहले महिला कर्मचारियों को निकालना चाहिए।' वहीं, बराबरी के हक पर लड़कियां अपनी मां की तुलना में ज्यादा मुखर हैं। वे ऐसा जीवनसाथी चाहती हैं जो घर के कामों में बराबर हाथ बंटाए और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता दे। हालांकि ज्यादातर लड़कियों का मानाना है कि उन्हें ऐसी सोच वाले लड़के नहीं मिल रहे हैं। विचारों में इस फासले का असर केवल निजी संबंधों पर ही नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, परिवार की संरचना और सामाजिक मूल्यों पर भी पड़ रहा है। इससे भविष्य में यह टकराव और बढ़ सकता है।

विशेषज्ञ का कहना है कि यह गैप लड़कियों की साक्षरता में बढ़ोतरी, घटते लैंगिक भेदभाव और सोशल मीडिया पर ध्रुवीकरण से बढ़ा है। उनका मानना है कि लड़कों के लिए कुछ ऐसी नीतियां लानी होंगी। बेहतर शिक्षा से लड़के कम उग्र होंगे और संभवतः महिला साथी से उनके विचारों का गैप कम हो। लड़कों को नौकरी में मदद की जरूरत होगी। नर्सिंग जैसे उन क्षेत्रों में वोकेशनल शिक्षा दी जा सकती है, जिनमें पारंपरिक रूप से महिलाएं हावी हैं।

### यूरोप में 46 फीसदी लड़कियां उच्च शिक्षा ले रही हैं जबकि लड़के 35 फीसदी ही हैं



यूरोपीय संघ में, 46% युवा लड़कियां उच्च शिक्षा ले रही हैं, जबकि केवल 35% युवा लड़के इसे हासिल कर पा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि लड़कियां ज्यादा शिक्षित हो रही हैं और खुली सोच रखती हैं, जबकि लड़के पीछे रह जा रहे हैं। अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया जैसे 20 विकसित देशों में, 28% लड़के स्कूली शिक्षा भी। पूरी नहीं करते हैं। वहीं, महज 18% लड़कियां ही स्कूल छोड़ती हैं। शिक्षा और नौकरी में महिलाओं के बढ़ते रोल से लड़कों में असंतोष पैदा हा रहा है। लड़के अपने नुकसान का दोष भी लड़कियों पर लगा रहे हैं।

### वयस्कों पर टीबी एमटीबीवैक वैक्सीन का ट्रायल शुरू

**हैदराबाद।** भारत में वयस्कों पर तपेदिक वैक्सीन एमटीबीवैक का क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गया है। स्पैनिश बायोफार्मास्युटिकल कंपनी, बायोफैब्री द्वारा मानव स्रोत से प्राप्त तपेदिक के खिलाफ यह पहला टीका होगा। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने रविवार को इसकी जानकारी दी है।

कहा गया है कि माउंटबवैक को दो उद्देश्यों के लिए विकसित किया जा रहा है। सबसे पहले नवजात शिशुओं के लिए बीसीजी (बैसिलस कैलमेट गुएरिन) की तुलना में अधिक प्रभावी और संभावित रूप से लंबे समय तक चलने वाला टीका होगा। वहीं, दूसरा यह वयस्कों और किशोरों में टीबी की रोकथाम के लिए होगा, जिनके लिए वर्तमान में कोई प्रभावी टीका नहीं बना है। यह ट्रायल भारत बायोटेक द्वारा बायोफैब्री के सहयोग से किए गए हैं।

# रूस का यूक्रेन पर तीसरा सबसे बड़ा हवाई हमला, दागीं मिसाइलें, 30 सैनिकों की मौत

कीव, एजेंसी



रूस ने पिछले चार दिन में यूक्रेन पर तीसरा बड़ा मिसाइल हमला किया है। अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव के पश्चिमी क्षेत्र पर रविवार तड़के बड़े पैमाने पर रूसी हवाई हमला किया गया। इस बीच, पोलैंड की सेना ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन में दागी गई मिसाइलों में से एक रविवार को उसके हवाई क्षेत्र में घुस गई।

कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रूस ने टीयू-95एमएस रणनीतिक बमवर्षकों से दागी गई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमले रूस के सेराटोव क्षेत्र के एंगेल्स जिले से शुरू किए गए थे। उन्होंने कहा कि हमले में 30 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य पोलैंड की ऑपरेशन कमान ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी यूक्रेन के शहरों के खिलाफ रूस द्वारा दागी गई क्रूज मिसाइलों में से एक ने सुबह पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। बयान में कहा गया है कि पोलैंड के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू की गई हैं। यूक्रेन में रूसी हवाई हमले को लेकर कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने रविवार तड़के टेलीग्राम पर पोस्ट किया, "राजधानी में विस्फोट। वायु रक्षा काम कर रही है। कृपया आश्रय स्थल न छोड़ें।" ल्वीव के गवर्नर मक्सिम कोजित्स्की ने कहा, "पोलिश सीमा से लगभग 80 किलोमीटर (50 मील) दूर ल्वीव शहर के दक्षिण में स्ट्री जिले पर भी हमला किया गया था।